धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, बुधवार
08.01.2025
* नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
पौष, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 178



12 'कल्कि-2' की शूटिंग जल्द शुरू करेगी दीपिका

## न्यूज डायरी

### झारखंड में अभी ठंड से तत्काल राहत नहीं

**रांची।** झारखंड में इन दिनों ठंड का कहर जारी है। राजधानी रांची में मंगलवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। रुक-रुक कर चल रही हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। गुमला, खूंटी और हजारीबाग सहित कई जिलों का तापमान 10 डिग्री से नीचे चल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। बुधवार को उत्तर पश्चिमी और दक्षिणी पूर्वी भागों में घना कोहरा छाया रह सकता है।

### चाईबासा में ब्लास्ट से एक बच्ची की मौत

**चाईबासा।** सारंडा स्थित जराईकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरिलपोसी गांव में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा लगाये गये आइइडी की चपेट में आने से एक नाबालिग की मौत हो गयी। यह हादसा मंगलवार की सुबह की है। घटना की पुष्टि पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने की है। इससे पहले भी आईईडी विस्फोट के चलते कई लोगों की मौत हो चुकी है। जानकारी अनुसार तिरिलपोसी गांव की एक लड़की जलावन के लिए लकड़ी लेने सारंडा जंगल के तिरिलपोसी और थोलकोबाद सीमा स्थित रादापोड़ा इलाके में गयी थी। अचानक उसका पैर विस्फोटक पर पड़ गया। इस विस्फोट में लड़की की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

### मंत्री इरफान को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**रांची।** मंत्री इरफान अंसारी का विवादों से गहरा नाता रहा है। इस बार सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने की वजह से इरफान चर्चा में हैं। मामला नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की पहचान सार्वजनिक करने से जुड़ा है। इस मामले में दर्ज आपराधिक मुकदमे को रद्द करने के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने श्री अंसारी के आचरण पर असंतोष व्यक्त किया। पीठ ने कहा कि आप हर चीज के लिए प्रचार चाहते हैं, यह केवल प्रचार के लिए था।

### राजघाट पर बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय स्मृति परिसर के भीतर एक तय जगह को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय स्मृति परिसर राजघाट परिसर का ही एक हिस्सा है। प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने यह जानकारी दी। इस संबंध में शर्मिष्ठा मुखर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उनका आभार प्रकट किया। प्रणव मुखर्जी का 31 अगस्त 2020 को निधन हो गया था।

### एक साथ तीन देशों में भूकंप का तेज झटका, थर्राया चीन और नेपाल, भारत में दिखा असर

# तिब्बत तबाह, सौ से अधिक मौत, एक हजार घर जमींदोज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नेपाल-चीन सहित तीन देशों में मंगलवार सुबह-सुबह एक के बाद एक भूकंप के कई झटके महसूस किये गये। नेपाल में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.1 रही। तिब्बत में भीषण भूकंप के झटके ने कमोबेश 100 लोगों की जान ले ली। 1000 घर ध्वस्त हो गये। 7000 की आबादी वाले इस क्षेत्र में 3 घंटे में 50 आफ्टरशॉक्स महसूस किये गये। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, भूकंप के कारण मंगलवार को अपराह्न तीन बजे तक 95 लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य चलाने के लिए हर संभव प्रयास करने के आदेश दिये हैं। राहत और बचाव कार्य में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी लगे हुए हैं। वहीं भारत में पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा पश्चिम बंगाल और बिहार में कई जगहों पर भी भूकंप के झटके महसूस किये गये। हालांकि राहत की बात है कि यहां जानमाल की क्षति की कोई खबर नहीं है।



### तिब्बत में भूकंप की तीव्रता 7.1

यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, नेपाल और भारत के सिक्किम की सीमा के पास चीन के कंट्रोल वाले तिब्बत क्षेत्र में सुबह 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भूटान और बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में भी महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र हजारों फीट ऊंचाई पर स्थित टिंगरी गांव में था, जिसे एवरेस्ट क्षेत्र का उत्तरी द्वार माना जाता है। ये गांव माउंट एवरेस्ट से 80 किलोमीटर की दूरी पर है, जहां भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर गहराई था। केंद्र तबाही का एक पैमाना भी है, जहां कम गहराई, ज्यादा तबाही का कारण बनता है। यही वजह है कि 3 घंटे के दरमियान यहां 50 बार धरती कांपी, जिसमें बड़ी तबाही मची। भूकंप ने टिंगरी गांव तबाह हो गया।

### बिहार के कई जिलों में भी झटका, क्षति नहीं

बिहार के कई जिलों मोतिहारी, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, पूर्णिया, सिवान, अररिया, सुपौल और मुजफ्फरपुर में सुबह 6.40 बजे के आसपास भूकंप के झटके महसूस किये गये। पांच सेकंड तक धरती हिलती रही। लोग भूकंप के झटके महसूस होने पर डरकर अपने घरों से बाहर निकलने लगे। माल्दा सहित उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों और सिक्किम में भी धरती हिलती रही। कहीं से अभी तक जानमाल की क्षति की कोई खबर नहीं है।

### कैसे आता है भूकंप

भूकंप विशेषज्ञ बताते हैं कि धरती के अंदर 7 टेक्टोनिक प्लेटें होती हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें आपस में टकराती हैं, तो धरती में कंपन होने लगता है, जिसे भूकंप कहा जाता है और इस कंपन को रिक्टर स्केल पर नापा जाता है, जिसकी तीव्रता 1 से 9 तक होती है।

### झारखंड में रिक्त पदों पर नियुक्ति को ले कोर्ट का निर्देश

## नेता प्रतिपक्ष का चयन दो सप्ताह के भीतर करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और विधानसभा को निर्देश दिया है कि झारखंड विधानसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी अपने किसी निर्वाचित सदस्य को मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) और सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए विपक्ष का नेता नामित करे। यह आवश्यक कार्य है और इसे 2 सप्ताह में किया जाना चाहिए, ताकि चयन समिति इसके तुरंत बाद चयन प्रक्रिया शुरू कर पाये। दरअसल झारखंड में राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को जल्द भरने के आग्रह को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। अब तक हुई सुनवाई में झारखंड के मुख्य सचिव को अनुपालन हलफनामा दाखिल किया था, जिसमें यह जानकारी दी गयी थी कि जून 2024 को एक



विज्ञापन दिया गया था। चयन प्रक्रिया शुरू नहीं हो पायी, क्योंकि झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद विधानसभा में विपक्ष के नेता की घोषणा नहीं की गयी है। विपक्ष का नेता चयन समिति का सदस्य है, इसलिए बैठक नहीं बुलायी जा सकी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड में वर्ष 2020 से राज्य सूचना आयोग निष्क्रिय है। मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त सहित कई पद लंबे समय से रिक्त है।

### दिल्ली विस चुनाव 05 फरवरी को, रिजल्ट 8 को

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को नतीजे घोषित किये जायेंगे। मंगलवार कों दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव की तरह ही दिल्ली में भी बुधवार को मतदान होगा। मतगणना के बाद पूरी चुनाव प्रक्रिया 10 फरवरी तक पूरी हो जायेंगी। चुनाव आयोग घोषित कार्यक्रम इस प्रकार हैं। अधिसूचनाः 10 जनवरी (शुक्रवार) को। नामांकन की अंतिम तिथिः 17 जनवरी (शुक्रवार) तक। नामांकन पत्रों की जांच : 18 जनवरी (शनिवार) को। नामांकन पत्रों की वापसी - 20 जनवरी (सोमवार)। मतदान की तिथि 05 फरवरी (बुधवार)। नतीजे की घोषणा 08 फरवरी (शनिवार) को। उन्होंने बताया कि 12 सीटें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित हैं। राष्ट्रीय राजधानी में 2,697 स्थानों पर फैले 13,033 मतदान केंद्रों पर कुल 1.55 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे।

### हेमंत कैबिनेट से 9 प्रस्ताव मंजूर, बजट सत्र 24 फरवरी से

# डीजीपी की नियुक्ति अब समिति की अनुशंसा पर होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नये साल में सीएम हेमंत सोरेन कैबिनेट की पहली बैठक में 9 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में कैबिनेट ने 24 फरवरी से 27 मार्च के बीच बजट सत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दी। साथ ही झारखंड के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस बल प्रमुख) के चयन एवं नियुक्ति नियमावली-2024 के गठन को हरी झंडी दी। बैठक में झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों के चिन्हितीकरण की स्वीकृति दी है। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित बैठक में मंत्री दीपक बिरूवा और दीपिका पांडेय समेत अन्य मंत्री मौजूद थे। झारखंड अवर शिक्षा सेवा में पूर्व में सुरक्षित पदों के अनुसार वर्तमान में पद नये सिरे से तय किये गये। झारखंड गठन के समय 714 पद मिले थे। इनमें 249 पद शिक्षा का व्याख्याता इत्यादि के लिए चिन्हित थे। शेष 465 में से 147 पद शिक्षा अधीक्षक और उपसचिव इत्यादि के लिये चिन्हित किये गये।

### इन प्रस्तावों को मंजूरी मिली



झारखंड में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देवघर जिले में नया एम्स स्थापित करने के लिए झारखंड सरकार एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार) के साथ किये जाने वाले एमओयू प्रारूप की स्वीकृति दी गयी। उत्पाद विभाग से रिटायर अधिकारी सदन प्रसाद को बैकडेट के प्रभाव से अवर सचिव के पद पर प्रोन्नति दी गयी। गढ़वा में विशेष न्यायालय के स्थापना की स्वीकृति दी गयी। झारखंड परिचारिका नियमावली की मंजूरी। डॉ सीमा अखौरी असिस्टेंट प्रोफेसर को प्री बजट तैयार करने के लिए मनोनीत किया गया। बिजली विभाग में निदेशक पद की सेवानिवृति उम्र सीमा 65 वर्ष करने की मंजूरी दी गई। वर्तमान में जो निदेशक हैं, उनको 31 मार्च 2025 तक सेवा विस्तार दिया गया।

### ऐसे होगी पुलिस प्रमुख की नियक्ति

पुलिस बल प्रमुख नियुक्ति नियमावली के गठन को मंजूरी दी गयी। इसके तहत अब यूपीएससी को नियुक्ति के लिए नाम नहीं भेजा जायेगा। बल्कि उच्च न्यायालय के रिटायर न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित होगी। इसमें मुख्य सचिव जेपीएससी और यूपीएससी के नामित पदाधिकारी होंगे। इस समिति की अनुशंसा के आलोक में ही महानिदेशक की नियुक्ति होगी।

# 1947 के पहले के सारे निबंधित दस्तावेज अब होंगे डिजिटल

### जमीन विवाद होंगे कम, लोगों को विवाद से मिलेगी राहत

#### आदेश जारी

विशेष संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 1947 के पहले के सारे निबंधित दस्तावेज डिजिटल किए जायेंगे। आजादी के पहले के सारे दस्तावेजों, वॉल्यूम इत्यादि का स्कैनिंग करके डिजीटाइजेशन का काम किया जायेगा। इस संबंध में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आदेश जारी किया है और सभी जिला अवर निबंधक को पत्र लिखा है। ऐसे दस्तावेजों की सूची भी मांगी है।

बता दें की इससे पूर्व में वर्ष 2007 से 1947 तक के निबंधित अभिलेखों से संबंधि वॉल्यूम एवं अनुक्रमणि का स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन संपन्न किया जा चुका है। ऐसे में अब विभाग ने 1947 से पूर्व के समस्त वॉल्यूम का स्कैनिंग व डिजिटाइजेशन कराने पर विचार कर रहा है।

#### विभाग ने प्रपत्र तैयार कर मांगी जानकारी

विभाग ने एक प्रपत्र भी तैयार किया है, जिसमें सभी निबंधन कार्यालयों में स्कैनिंग के लिए लंबित कुल वॉल्यूम की संख्या, कुल पृष्ठों की संख्या, डिजिटाइजेशन के लिए लंबित कुल अनुक्रमणि की संख्या, अनुक्रमणि के पृष्ठों की संख्या की जानकारी मांगी है। विस्तृत प्रतिवेदन मिलने के बाद डिजिटाइजेशन काम प्रारंभ किया जायेगा। इस काम के लिए एजेंसी का भी चयन होगा। यह प्रयास हो रहा है की पूर्व के सारे जमीन संबंधी रिकार्ड को अपडेट किया जाये। रिकार्ड डिजीटल होने पर ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हो सकें। समय-समय पर जमीन से जुड़ें विवादों में कमी भी आयेगी। एक क्लिक में ही जमीन की सारी जानकारी उपलब्ध हो जायेगी। सरकार के पास भी जमीन का पूरा डाटा उपलब्ध होगा।

### बड़गाईं सीओ को शहर अंचल का मिला प्रभार

**रांची।** बड़गाईं अंचलाधिकारी शिवशंकर पांडेय को शहर अंचल का भी प्रभार दिया गया है। कार्य सुचारू रूप से हो, इस आलोक में रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने श्री पांडेय को अंचलाधिकारी शहर का प्रभार दिया, ताकि दाखिल-खारिज, सर्टिफिकेट एवं अन्य ऑनलाइन कार्य को लेकर ऑफिस आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो। वहीं राज्य सरकार ने घूस लेते पकड़े गये रांची सदर सीओ मुंशी राम को सस्पेंड कर दिया है। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। एसीबी ने मुंशी राम को 37 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया गया था। उनके घर से 1.42 लाख नकद बरामद किये गये थे।

### कोयला खदान में घुसा पानी, 34 घंटे से फंसे हैं कई मजदूर

## नौसेना बचाव अभियान में जुटी

एजेंसी

**हाफलोंग।** असम के दीमा हसाओ जिले में एक कोयला खदान में अचानक पानी भर जाने से कम से कम 9 मजदूर सोमवार सुबह से फंसे हुए हैं। बचाव अभियान में राज्य सरकार की गुहार पर मंगलवार को नौसेना के गोताखोर भी उतर गये हैं। यह घटना पहाड़ी दीमा हसाओ जिले के उमरंगसू के तीन किलो इलाके में स्थित एक कोयला खदान में हुई। माना जा रहा है कि खदान के अंदर तीन मजदूरों के शव पहले ही मिल चुके हैं, लेकिन फिलहाल उन्हें निकाला नहीं जा सका है। एनडीआरएफ की 30 टीमें और एसडीआरएफ की आठ टीमें बचाव अभियान में जुटी हैं। असम के सीएम डॉ हिमंत बिस्वा सरमा के आदेश पर तमाम बड़े अधिकारी राहत अभियान में तेजी लाने वहां पहुंचे हुए हैं।

#### 27 मजदूर अंदर गये थे

कोयला खदान में सोमवार को अचानक पानी भर गया था। उस समय 27 मजदूर खदान के अंदर गये थे। कई श्रमिक पानी घुसने के बाद आनफानन में खदान से बाहर निकलने में सफल रहे। सीएम ने फंसे हुए मजदूरों की पहचान उजागर करने के लिए सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल किया है ताकि उनकी तलाश व बचाव कार्य में मदद मिल सके। पानी के तेज बहाव के कारण, कुछ मजदूर तो बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन खदान तेजी से पानी में डूब गयी। इससे, कई मजदूर खदान में ही फंस गये। यह कोयला खदान असम-मेघालय सीमा के पास, उमरंगसो पुलिस थाने से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित है। करीब 300 फीट गहरी इस खदान में पहले ही 100 फीट के कीरीब पानी भर चुका है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 73200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 93000 रु./प्रति किलो |




### खादी महोत्सव खत्म — समारोह में बोले राज्यपाल गंगवार, खादी अपनायें, श्रमिकों को करें मजबूत

# आजादी के संघर्षों को याद दिलाता है खादी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि खादी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व की याद दिलाता है। खादी महोत्सव हमारे देश की संस्कृति व परंपरा का प्रतीक है। खादी महज एक कपड़ा नहीं है, बल्कि इसने रोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भरता को मजबूत कनाने का कार्य भी किया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि खादी अपनाएं और इसके निर्माण में लगे श्रमिकों को मजबूत करें। राज्यपाल मंगलवार को मोरहाबादी में चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित




समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भी खादी ग्रामोद्योग पर खास ध्यान दिया है। खादी आधुनिक जीवन शैली का हिस्सा भी बन गया है। खादी के माध्यम से मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भरता को मजबूती मिली है।

#### यह अपने आप में अलबेला है : उद्योग मंत्री

इस अवसर पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि खादी महोत्सव अपने आप में अलबेला है। मेले में देश के कई राज्यों के स्टॉल लगे थे। उन्होंने गोड्डा में सिल्क की फैक्ट्री लगाने की घोषणा की। इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा। जिला, प्रखंड स्तर पर लोगों को जितना जोड़ेंगे उन्हें रोजगार का अच्छा अवसर मिलेगा।

**हमारी समृद्ध परंपरा का प्रतीकः** राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने खादी मेले के सफल आयोजन के लिए इससे जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेले में झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों के स्टॉल लगे, जो हमारी समृद्ध परंपरा का प्रतीक है। समारोह को विधायक सीपी सिंह ने भी संबोधित किया। मौके पर राज्य के अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी, निदेशक आकांक्षा रंजन और खादी बोर्ड की सीईओ सुमन पाठक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

#### 15 करोड़ का कारोबार

उद्योग सचिव जीतेंद्र सिंह ने कहा कि 28 दिसंबर से 6 जनवरी तक चले खादी मेला सह सरस मेले में कुल करीब 15 करोड़ का कारोबार हुआ। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 570 स्टॉल लगे थे। इनमें 450 खादी ग्रामोद्योग के, 120 सरस महोत्सव के व 32 फुड स्टॉल थे। खादी ग्रामोद्योग के स्टॉलों पर कुल 45 लाख रुपए की बिक्री हुई। रांची में खादी मेले की शुरूआत वर्ष 2004 से जिला स्कूल में हुई थी। इसके बाद सरकारी पहल पर इसका आयोजन मोरहाबादी मैदान में होने लगा। इस बार खादी मेले में झारखंड के अलावा दिल्ली, उतराखंड, पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, हैदराबाद, जम्मू कश्मीर समेत अन्य राज्यों के स्टॉल लगे थे।

### अब भगोड़ों की खैर नहीं, 'भारतपोल' लांच

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो का नया पोर्टल 'भारतपोल' लॉन्च किया। यह पोर्टल भगोड़े अपराधियों को पकड़ने उन्हें ट्रैक करने में मददगार साबित होगा। भारत मंडपम में 'भारतपोल' के लॉन्च पर बोलते हुए मंत्री शाह ने कहा कि अब समय आ गया है कि भगोड़ों को पकड़ने के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी और तकनीकों का इस्तेमाल करें। 'भारतपोल' के जरिये भारतीय जांच एजेंसियां अब दूसरे देशों में बाकी एजेंसियों के साथ जानकारी साझा कर सकती है। इस पोर्टल की मदद से अब राज्य पुलिस भी अपराधी के बारे में जानकारी जुटाने के लिए सीधे इंटरपोल से सहायता ले सकती है।

## लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा मेडिका में भर्ती



रांची। लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा की तबीयत बिगड़ने के बाद मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। श्री सेठ ने कहा कि वे लगातार मेडिका हॉस्पिटल के डॉक्टर के संपर्क में है और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने डॉक्टरों से समुचित इलाज करने को कहा है।


**AFFIDAVIT**

I, Jyoti Singh W/o Dr. Alok Kumar Singh, R/o Flat No. 223, Jagdish Enclave, Devi Mandap, Ratu Road, Ranchi, P.S. Sukhdevnagar, Ranchi, Jharkhand 834005. After this affidavit no. 821, dated- 06.12.2024 I will be known as Jyoti Kumari, Jyoti Devi, Jyoti Kumar Singh and Jyoti Singh all names are same and person i.e. myself.

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), खड़गपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिरूप ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार है: **(1) सीकेपी-वेस्ट-24-25-38,** सेक्टर-सी कॉलोनी (क्षमता 3,50,000 लीटर) और बंडामुंडा सेटलमेंट (क्षमता 3,50,000 लीटर) में आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण द्वारा पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 4,65,30,108.12, **बयाना राशि:** रु.3,82,700/- **(2) सीकेपी-वेस्ट-24-25-39,** राउरकेला-राउरकेला सेटलमेंट में आरसीसी ओवर हेड टैंक (दो अदद क्षमता 3,50,000 लीटर प्रत्येक) के निर्माण द्वारा पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 4,65,30,108.12, **बयाना राशि:** रु.3,82,700/- **(3) सीकेपी-वेस्ट-24-25-40,** झारसुगुड़ा-एफडब्ल्यूबीपी/जेएसजी (क्षमता 3,50,000 लीटर) और बंडामुंडा में सेक्टर-ई एवं डीएलएस कॉलोनी, बंडामुंडा (क्षमता 3,50,000 लीटर) में आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण द्वारा पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु.4,65,30,108.12, **बयाना राशि:** रु.3,82,700/- **(4) सीकेपी-वेस्ट-24-25-41,** बीरमित्रपुर में आरसीसी ओवर हेड टैंक (क्षमता 1,00,000 लीटर) और बंडामुंडा स्टेशन में आरसीसी ओवर हेड टैंक (क्षमता 3,50,000 लीटर) के निर्माण द्वारा पुराने जीर्णशीर्ण और अति पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 3,49,51,905.84, **बयाना राशि:** रु.3,24,800/- **(5) सीकेपी-ईस्ट-24-25-39,** डीईएन (पूर्व)/सीकेपी के अधिकार क्षेत्र में लोको कॉलोनी और गोलपहाड़ी कॉलोनी टाटानगर एवं सिनी में आरसीसी ओवर हेड टैंक (क्षमता 1,50,000 लीटर) के निर्माण द्वारा अति पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु.4,29,34,169.36, **बयाना राशि:** रु. 3,64,700/-, **(6) सीकेपी-ईस्ट-24-25-40,** डीईएन (पूर्व)/सीकेपी के अधिकार क्षेत्र में आदित्यपुर, बहालदा रोड, टाटानगर और सिनी स्टेशनों में आरसीसी ओवर हेड टैंक द्वारा पुराने जीर्णशीर्ण एवं अति पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु.5,77,93,349.34, **बयाना राशि:** रु.4,39,000/- **(7) सीकेपी-सेंट्रल-24-25-43,** चक्रधरपुर में फिल्टर हाउस चक्रधरपुर सेटलमेंट और ओ ब्लॉक में आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण द्वारा पुराने जीर्णशीर्ण एवं अति पुराने टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 3,75,76,443.42, **बयाना राशि:** रु. 3,37,900/- **(8) सीकेपी-सेंट्रल-24-25-44,** बिमलगढ़ (बीयूएफ), मनोहरपुर (एमओयू), बासुआं (बीएक्सएफ) और गोइलकेरा (जीओएल) स्टेशनों में आरसीसी ओवर हेड टैंक द्वारा पुराने जीर्णशीर्ण एवं अति पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 6,45,91,890.97, **बयाना राशि:** रु.4,73,000/- **(9) सीकेपी-साउथ-24-25-44,** डीईएन (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र में डांगोवापोसी में फिल्टर वाटर और रॉ वाटर के लिए आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण द्वारा पुराने जीर्णशीर्ण एवं अति पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 3,75,76,443.84, **बयाना राशि:** रु.3,37,900/- **(10) सीकेपी-साउथ-24-25-45,** डीईएन (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र में नोवामुंडी और बड़बिल में फिल्टर वाटर और रॉ वाटर के लिए आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण द्वारा पुराने जीर्णशीर्ण एवं अति पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु.3,28,81,489.40, **बयाना राशि:** रु.3,14,400/- **(11) सीकेपी-साउथ-24-25-46,** डीईएन (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र में बांसपानी और बड़ाजामदा में फिल्टर वाटर और रॉ वाटर के लिए आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण द्वारा पुराने जीर्णशीर्ण एवं अति पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु.4,11,76,192.48, **बयाना राशि:** रु.3,55,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** प्रत्येक हेतु रु.0, **खुलने की तिथि:** प्रत्येक हेतु दिनांक 29.01.2025, निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **टिप्पणी:** ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-986)


## मुख्य सचिव ने की राज्य में चल रहे सड़क प्रोजेक्ट के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा

# सभी डीसी आधारभूत संरचना वाले कार्यों को विशेष प्राथमिकता दें : अलका तिवारी

**विकास पर फोकस**

**बिना कारण बाधा पहुंचाने वालों पर कार्रवाई कर**

- समस्या समाधान के लिए तय समय में बढ़ोत्तरी नहीं की जायेगी
- प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी से राज्य को केंद्र से सड़क निर्माण की नयी योजनाएं मिलने में हो रही दिक्कत



अधिकारियों और सभी उपायुक्तों संग बैठक करतीं सीएस।

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी डीसी को इंफ्रास्ट्रक्चर (आधारभूत संरचना) के कार्यों को प्राथमिकता देकर उनमें आ रही रुकावटों को जिला स्तर पर दूर करने का निर्देश दिया है। वे मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी डीसी से राज्य में चल रहे सड़क प्रोजेक्ट के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कारणों से प्रोजेक्ट रुक जाते हैं जिससे उसकी लागत अकारण रूप से बढ़ती है। इससे रिसोर्स का और राज्य का नुकसान होता है। अगर, थोड़ा सा अतिरिक्त ध्यान दिया जाये, तो जिला स्तर पर ही समस्या का समाधान हो जायेगा। मुख्य सचिव ने राज्य में नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, रेलवे ओवरब्रिज और राज्य सड़क निर्माण विभाग की उन योजनाओं की भी समीक्षा की, जो मुआवजा, भूमि अधिग्रहण, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विधि व्यवस्था जैसे कारणों से बाधित हैं।

### एनएचएआइ की चल रही 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं

राज्य में एनएचएआइ की 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं चल रही हैं। वहीं अनेक रेलवे ओवरब्रिज का काम भी जारी है। राज्य सरकार की सड़कों का विस्तार और चौड़ीकरण की भी हजारों किलोमीटर का काम चल रहा है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी से राज्य को केंद्र से सड़क निर्माण की नयी योजनाएं मिलने में दिक्कत हो रही है। राज्य में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विवाद है। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान जब इस बाबत संबंधित उपायुक्तों का पक्ष जाना तो लगभग सभी ने कुछ दिन और महीने के भीतर निर्माण में आ रही रुकावटों को दूर करने की बात कही। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि जो समय सीमा उपायुक्तों ने समस्या समाधान के लिए तय किया है, वे उसका पूरी क्षमता से पालन करें। ससमय रुकावट दूर करें। समस्या समाधान के लिए तय समय में बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी।

### विभागों से समन्वय बना कर निकालें समाधान

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी उपायुक्त जिला स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों को प्राथमिकता देते हुए उसकी सतत निगरानी करें। अनावश्यक बाधा पहुंचाने वालों पर कार्रवाई करें। लगातार सभी विभागों से समन्वय बनाते हुए तय समय पर योजना पूरी कराएं। इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों की बाधा को तत्काल दूर करें। विधि व्यवस्था, फॉरेस्ट क्लियरेंस और मुआवजा भुगतान के कारण कोई काम नहीं रुकना चाहिए। समीक्षा के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर समेत एनएचएआइ, वन विभाग आदि के अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं सभी संबंधित डीसी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

## किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं: डॉ इरफान

**एचएमपीवी वायरस के प्रसार को लेकर सरकार अलर्ट**

**वायरल इंफेक्शन**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्तमान में एचएमपीवी वायरस के संबंध में कोई तत्काल चिंता नहीं है, क्योंकि यह आबादी के लिए तत्काल खतरा पैदा नहीं करता है। राज्य सरकार ने किसी भी संभावित स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी और व्यवस्था की है।

उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि एक डॉक्टर होने के नाते, मैं सभी उपलब्ध चैनलों के माध्यम से स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा हूं और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में हूं।

**चिंता की कोई बात नहीं :** उन्होंने कहा कि विभाग के सचिव को राज्य भर में तैयारियों के मौजूदा स्तर का आकलन करने के लिए सिविल सर्जनों के साथ एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। जनता को आश्वस्त करता हूं कि हमारे पास सभी आवश्यक व्यवस्था है और चिंता की बात नहीं है। हालांकि सर्दी के मौसम को देखते हुए पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों और 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दौरान वे स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

**सबके स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा को प्रतिबद्ध :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाती रहेगी।

## प्रदेश कांग्रेस ने खलारी से शुरू किया अम्बेडकर सम्मान मार्च




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। संविधान सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी प्रतिबद्ध है और भाजपानीत केन्द्र की सरकार जिस प्रकार इन मूल्यों पर लगातार हमले कर रही है और करवा रही है, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं। इन्हीं मूल्यों को बचाने के लिए कांग्रेस लगातार राज्य के जिलों और प्रखंडों में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान शुरू की है। इसके तहत मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रांची जिलें के खलारी प्रखण्ड में अंबेडकर सम्मान मार्च में शिरकत की। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस देश के वंचितों को अधिकार देने वाले संविधान के निर्माता बाबा साहब के सपनों को चकनाचूर करने की मंशा रखने वाली भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का काम राज्य और देश की जनता करेगी। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान ने आम लोगों को कई अधिकार दिये हैं। संविधान प्रत्येक भारतवासी को एक-समान अधिकार प्रदान भी करता है, परन्तु आज हमारे संविधान पर लगातार हमला कर कमजोर बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसकी रक्षा का दायित्व आपलोगों पर है।

सम्मान मार्च में विधायक सुरेश बैठा, रवीन्द्र सिंह, बिनय सिन्हा दीपू, सतीश पॉल मुंजनी, डॉ. राकेश किरण महतो, राजन सिंह राजा, इन्दिरा तूरी, केदार पासवान, पिंकी सिंह, राजू राम, जगरनाथ साहू, वशिष्ठ लाल पासवान आदि शामिल थे।

## होमगार्ड जवान एरियर भुगतान : हाइकोर्ट में उपस्थित हुए डीजीपी और होमगार्ड डीजी

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। होमगार्ड के जवानों द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार के आदेश के आलोक में सुनवाई के दौरान राज्य के डीजीपी और होमगार्ड के डीजी अदालत के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए। राज्य सरकार की ओर से पक्ष रख रहे महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया 25 अगस्त 2017 से होम गार्ड के जवानों को बढ़े हुए वेतन के साथ एरियर का लाभ दिये जाने के आदेश के खिलाफ अपील की गयी है। अपील में जो भी आदेश आयेगा, उसपर सरकार कार्यवाही करेगी। जिसके बाद कोर्ट ने उक्त अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई खत्म कर दी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस. एन. पाठक की अदालत में हुई।

**कोर्ट के आदेश के दिन से ही देना होगा होमगार्ड जवानों को समान वेतन का लाभ :** दरअसल 10 अगस्त को मुख्यमंत्री ने होम गार्ड के जवानों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया था। लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि जब से कोर्ट ने आदेश दिया है, उसी तारीख से होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन का लाभ देना होगा।

## आइजी बने सुनील भास्कर को डीजीपी ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। आईजी में प्रोन्नत हुए आईपीएस सुनील भास्कर को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बैच लगाकर सम्मानित किया। मंगलवार को डीजीपी ने अपने कार्यालय में सुनील भास्कर को बैच लगाकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि बीते 31 दिसंबर को सरकार ने सुनील भास्कर को आईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए पलामू जोनल आईजी के पद पर पदस्थापित किया है। इस दौरान डीआईजी प्रियदर्शी आलोक समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही हेमंत सरकार : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राजधानी रांची में थानों के पुलिस वाहनों में बकाया भुगतान नहीं होने के कारण पेट्रोल पंप वाले पेट्रोल डीजल की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के 25 वर्षों के इतिहास में ऐसी बदतर आर्थिक स्थिति कभी देखने को नहीं मिली। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस प्रकार से हत्या, लूट, दुष्कर्म, चोरी, डकैती की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में पुलिस की पेट्रोलिंग को बाधित करना राज्य को अपराध के मुंह में धकेलने जैसा है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि एक मंईयां सम्मान योजना में पीठ थपथपाने के लिए हेमंत सरकार ने सारे विभागों के बजट को डायवर्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान के नाम पर बहन बेटियों की सुरक्षा कमजोर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से रोज नये कारनामे उजागर हो रहे हैं और इंडी गठबंधन के नेता वादे से मुकरने लगे हैं। यह पूरी तरह राज्य की ध्वस्त अर्थव्यवस्था को उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी आशंका भी प्रबल हो रही है कि हिमाचल जैसे राज्यों की तरह झारखंड के सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भी लाले न पड़ जाये।

## भारतीय वन सेवा में पीसीसीएफ के चार अस्थायी पद एक साल के लिए सृजित

- अधिकारियों की नियुक्ति भी की गयी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राज्य सरकार ने आईएफएस (भारतीय वन सेवा) कैडर में पीसीसीएफ (प्रधान मुख्य वन संरक्षक) के चार अस्थायी पदों का सृजन किया है। वन विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। वन विभाग के विशेष सचिव सत्यप्रकाश नेगी के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है कि चारों अस्थायी रूप से सृजित पद भारतीय वन सेवा के अस्थायी संवर्गीय पद होंगे। ये पद अधिकतम एक (1) वर्ष तक अथवा इन पदों पर पदस्थापित पदाधिकारी की सेवानिवृत्ति या किसी अन्य कारण से पद रिक्त होने अथवा राज्य सरकार के किसी अग्रतर आदेश जो भी पहले हो, तब तक अस्तित्व में रहेंगे। इसके बाद स्वतः समाप्त हो जायेंगे।

**ये पद किये गये हैं सृजितः** पीसीसीएफ के चार अस्थायी पद, जो सृजित किये गये हैं, उनमें प्रधान मुख्य वन संरक्षक (मानव संसाधन विकास), प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं प्रशिक्षण), प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रशासन और जैव विविधता पर्षद के सदस्य सचिव के पद को प्रधान मुख्य वन संरक्षक रैंक में उत्क्रमित किया गया है। इन अस्थायी पदों पर अफसरों की पोस्टिंग भी कर दी गयी है।

**इन अफसरों की हुई पोस्टिंग :**

- प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मानव संसाधन विकास - अशोक कुमार (वेतनमान - पे मेट्रिक्स लेवल 16)
- प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण - डीके सक्सेना (वेतनमान - पे मेट्रिक्स लेवल 16)
- प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रशासन - पारितोष उपाध्याय, (वेतनमान- पे मेट्रिक्स लेवल 16)
- झारखण्ड जैव विविधता पर्षद, सदस्य सचिव, (पीसीसीएफ रैंक) - संजीव कुमार( वेतनमान- पे मेट्रिक्स लेवल 16)

## भाजपा नेताओं पर दर्ज केस निरस्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह बाद

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दौरान भाजपा नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग वाली याचिकाओं पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से सरकार के जवाब पर प्रति उत्तर दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है। अदालत ने पूर्व की अंतरिम राहत को बरकरार रखा है। पूर्व में अदालत ने भाजपा नेताओं के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। रांची में 23 अगस्त 2024 को आक्रोश रैली के दौरान भाजपा कार्यकताओं का पुलिसकर्मियों के साथ झड़प हुई थी। पुलिस ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद बीडी राम, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भानु प्रताप शाही सहित 40 के विरुद्ध लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके खिलाफ सभी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।


टाटा मोटर्स फाइनेंस द्वारा जब्त किए गए कमर्शियल वाहनों की खुली नीलामी दिनांक 09 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक नीचे दिए गये पते पर आयोजित की गई है। पता : होटल जेनिस्टा इन डायमंड प्लाजा पुरुलिया रोड, नियर फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल काटा टोली चौक, रांची झारखंड। नीलामी में भाग लेने के लिए आप सादर आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए 7209071956, 9525182395 पर कॉल करें।

**सम्पदा न्यायालय, बोकारो इस्पात संयंत्र**

बोकारो

आम सूचना

सम्पदा न्यायालय, बोकारो इस्पात संयंत्र, बोकारो द्वारा पारित आदेशों के आलोक में संदर्भित बेदखली आदेशों (Eviction Orders) के तहत अनाधिकृत दखलकारों को सूचित किया जाता है कि अनाधिकृत प्लॉट/भूमि एवं आवासों को शीघ्र खाली कर अपने बकाया राशि का भुगतान कर दें, अन्यथा इन्हें बेदखली प्रक्रिया के तहत हटा दिया जाएगा और किसी भी तरह की क्षति के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। अनाधिकृत प्लॉट/भूमि एवं आवासों को खाली कराने का कार्य दिनांक 09.01.2025 से प्रारम्भ होगा।

दिनांक:- 06.01.2025

आदेशानुसार
सम्पदा पदाधिकारी
बोकारो स्टील सिटी


## राज्य के 14 जिलों के 91 प्रखंडों में खिलायी जायेगी फाइलेरिया रोधी की दवा

# फाइलेरिया उन्मूलन : चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

- स्वास्थ्यकर्मियों के लिए आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम
- तीन जिलों में तीन प्रकार की तथा 11 जिलों में दो प्रकार की दवा खिलायी जायेगी
- फाइलेरियारोधी दवा खाली पेट में नहीं खिलाने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर राज्य के चिन्हित 14 जिलों के 91 प्रखंडों में सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी जायेगी। स्वास्थ्यकर्मी, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य योग्य लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी जायेगी। सर्वजन दवा सेवन अभियान को लेकर राज्य वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी-वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग, डॉ वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन चार जिलों धनबाद, पाकुड़, देवघर तथा साहेबगंज के जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी तथा कर्मी आदि शामिल हुए। अगले तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में बचे अन्य जिलों के जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, वीबीडी सलाहकार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा प्रखंड स्तरीय वीबीडी कर्मी, एफएलए, बीपीएम को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ अभिषेक पॉल, कंसल्टेंट विनय कुमार, नीलम कुमार, सज्ञा सिंह, जयंतदेव सिंह एंव डॉ इकबाल, पिरामल फाउंडेशन के राज्य कार्यक्रम निदेशक अविनाश कात्यायन सहित वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग के अन्य वरीय स्वास्थ्य पदाधिकारी मौजूद थे।




### दवा सेवन के नियमों का करें अक्षरशः पालन

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सर्वजन दवा सेवन अभियान को सफल बनाने के लिए सभी योग्य लाभुकों को स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने दवा सेवन करायेंगे। राज्य की ओर से सर्वजन दवा सेवन अभियान की सफलता के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है जिसमें दवा सेवन कराने संबंधी सभी आवश्यक नियमों की जानकारी दी गयी है। इस एडवाइजरी का अक्षरशः पालन करना है। दो साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं तथा अतिगंभीर बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलानी है। दवा पूरी तरह से सुरक्षित है और कहीं प्रतिकूल प्रभाव दिखता है तो इसका कारण उस व्यक्ति के शरीर में माइक्रोफाइलेरिया मौजूद हो सकता है। इससे घबराने की बात नहीं है। यह स्वयं ठीक हो जाता है और इसके लिए रैपिड रिस्पांस टीम भी मौजूद है।

### इन 14 जिलों में चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

पाकुड़, कोडरमा और सिमडेगा में आइडीए के तहत तीन प्रकार प्रकार की दवा अल्बेंडाजोल, डीईसी के साथ आइवरमेक्टिन खिलायी जायेगी। रांची, गुमला, साहेबगंज, देवघर, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रामगढ़ तथा लोहरदगा में सिर्फ अल्बेंडाजोल तथा डीईसी की दवा खिलायी जायेगी।

### स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने दवा का सेवन करायें

प्रशिक्षण के दौरान स्टेट कंसल्टेंट विनय कुमार ने कहा कि स्कूलों में कैंप लगाकर और घर-घर जाकर फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराना है। दवा का सेवन स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने ही करायेंगे। कंसल्टेंट एंटेमोलॉजी सज्ञा सिंह ने कहा कि मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन के लिए उच्च प्राथमिकता वाले गांवों का चयन करें। ऐसे गांव का भी चयन करें जहां माइक्रोफाइलेरिया पॉजिटिव लोगों की संख्या अधिक है। ऐसे गांवों का भी चयन करना आवश्यक है, जहां के लोगों के द्वारा फाइलेरियारोधी दवा खाने से इंकार किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टेट एनटीडी कॉर्डिनेटर डॉ अभिषेक पॉल ने कहा कि फाइलेरियारोधी दवा खाली पेट में नहीं खिलाना है। लाभुक से यह जरूर पूछना है कि दवा से पूर्व उन्होंने कुछ खाया है अथवा नहीं। झारखंड के सभी जिले फाइलेरिया प्रभावित हैं। आइईसी कंस्लटेंट नीलम कुमार ने कहा सूचना शिक्षा और संचार की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसका इस्तेमाल बेहतर तरीके से होना चाहिए।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

बुधवार 08.01.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 258

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



## बैंक मोड़ बड़ा गुरुद्वारा में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर उमड़े श्रद्धालु

# अमृतसर के रागी प्राचार्य सुखवंत सिंह ने सबद गायन से संगतों को किया निहाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बैंक मोड़ बड़ा गुरुद्वारा में मंगलवार को गुरु गोविंद सिंह महाराज का 358वां पावन प्रकाश उत्सव मनाया गया। गुरुद्वारे के दीवान हॉल में सुबह सहज पाठ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बड़े बुजुर्ग शामिल हुए। दीवान साहब पर मत्था टेक लोगों ने आशीर्वाद लिया और सहज पाठ का सुमिरन किया। परिसर में बने भव्य पंडाल में गुरमत संगीत एकेडमी अमृतसर के रागी प्राचार्य सुखवंत सिंह ने गुरु वाणी का सबद गायन कर संगतों को निहाल किया। मैं हूं परम पूरख का दाता, देखन आयो जगत तमाशा, वाहो वाहो गुरु गोविंद सिंह आपे गुरु चेला आदि सबद गायन किया।

उच्च कोटि के कवि भाई मलकीत सिंह निमाना, एडवोकेट शुक्रगुजार सिंह एवं कवियित्री बीबी मंजीत कौर ने गुरु गोविंद सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। कवियों ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह सच्चे बादशाह थे। उन्होंने समाज को एक जुट करने के साथ हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाइयां लड़ी। वह किसी के दुश्मन नहीं थे। उनके जत्थे में हिंदू, मुस्लिम, सिख सभी शामिल थे। उन्होंने हमेशा सभी को भाईचाराऔर आपसी प्रेम का संदेश दिया।



कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे तक चला। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने लंगर छका। भारी संख्या में लोग लंगर में शामिल हुए। दीवान को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग बिरंगी लाइट से गुरुद्वारा की विद्युत साज सज्जा की गई थी। मौके पर गुरुद्वारा कमेटी के तीरथ सिंह, तेजपाल सिंह, सतपाल सिंह ब्रोका, गुरुचरण सिंह, मंजीत सिंह आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## गिरिडीह के प्रधान गुरुद्वारा में धूमधाम से मना गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

**गिरिडीह।** गिरिडीह स्थित प्रधान गुरुद्वारा में मंगलवार को सिख समुदाय के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह का 359वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। गिरिडीह के प्रधान सेवक डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया और पूर्व प्रधान सेवक डॉ अमरजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। देहरादून से आए रागी जत्था ने सबद कीर्तन का गायन किया, जो दोपहर तक जारी रहा। सिख समुदाय के अलावा अन्य समुदायों के भक्त भी गुरुद्वारा पहुंचे।

सभी ने गुरु के उपदेश श्रद्धा से सुना और कीर्तन में भाग लिया। इस अवसर पर 48 घंटे का अखंड पाठ का समापन भी हुआ। प्रधान सेवक डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया ने रागी जत्थे के साथ दरबार साहिब के सेवक को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। गुरु गोविंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना और उनके उपदेशों को याद करते हुए गुरुद्वारा में भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से गुरु का आह्वान किया। अंत में बड़ी संख्या में भक्तों ने लंगर छका।



## गिरिडीह जिले के तीन युवाओं का राष्ट्रीय युवा महोत्सव में चयन





खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के राजधनवार प्रखंड के रौनक कुमार मिश्रा, मोहम्मद जुबेर अहमद तथा गिरिडीह प्रखंड के प्रिंस कुमार पांडे ने अपनी प्रतिभा और समर्पण से जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। तीनों युवा 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए चुने गए हैं। तीनों युवाओं की इस सफलता पर गिरिडीह के जिला खेल पदाधिकारी, अर्जुन बारला, जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं। रौनक कुमार मिश्रा ने जिला खेल कार्यालय एवं नेहरू युवा केंद्र, गिरिडीह के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने प्रमंडलीय और राज्य स्तर पर भी क्रमशः उपविजेता और द्वितीय स्थान हासिल किया। मोहम्मद जुबेर अहमद और प्रिंस कुमार पांडे ने भी अपनी अद्वितीय प्रतिभा से जिले का नाम रोशन किया है। दोनों ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग ऑनलाइन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस सफलता ने उन्हें झारखंड की टीम के साथ राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होने का अवसर प्रदान किया है।

स्पीड न्यूज

### शिक्षक की पत्नी का निधन, लोगों मे शोक



**गोविंदपुर।** प्लस टू हाई स्कूल डुमरी, गिरिडीह से अवकाश प्राप्त शिक्षक कुम्हारडीह रोड गोविंदपुर निवासी गौरी शंकर झा की पत्नी हीरा देवी का निधन मंगलवार की प्रातः हो गया। वह लगभग 75 वर्ष की थीं। पिछले 1 वर्ष से वह बीमार चल रही थीं। बिहार के सिमरिया घाट गंगा में अंतिम संस्कार के लिए परिजन शव को लेकर प्रस्थान कर गए। उनका श्राद्धकर्म पैतृक गांव हाबी भउआर, दरभंगा में होगा। वह अपने पीछे एक पुत्र नागेश कुमार झा एवं एक पुत्री मनीता झा समेत पोते-पोतियों, नाती-नतियों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। निधन की खबर पाकर ढेर सारे लोगों ने उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### डिगवडीह बाजार में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**जोड़ापोखर।** भारतीय जनता पार्टी लोदना मंडल के महामंत्री रोहित कुमार बिद के नेतृत्व में भाजपा के संगठन पर्व के निमित्त डिगवडीह बाजार के गीता मेडिकल के समीप सदस्यता अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झरिया की विधायक रागिनी सिंह की उपस्थिति में लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अभियान में राजकिशोर जैना, स्वरुप भट्टाचार्या, डॉ भीम केशरी, बिनोद गुप्ता, वीरेन्द्र बर्मा, जगन्नाथ चक्रवर्ती, महेंद्र पासवान, शिवा रवानी आदि मौजूद थे।

# सात साइबर अपराधी गिरफ्तार

## छापेमारी में 22 मोबाइल फोन, 16 सीम, लैपटॉप एवं दस्तावेज बरामद

**धनबाद/मैथन।** धनबाद और निरसा पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित तपोवन कॉलोनी में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए किराए के मकान से 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। सभी लगभग एक माह से इस मकान को अपना ठिकाना बनाए हुए थे।

धनबाद पुलिस ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि इस मकान से साइबर अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर लोकेशन का पता लगाया। इसके बाद छापेमारी कर चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने मकान मालिक को झांसा दिया था कि वे पढ़ाई के लिए यहां रह रहे हैं। पुलिस ने 12 से अधिक मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, कई बैंक खातों की जानकारी, इंटरनेट राउटर, और एक बुलेट बाइक सहित साइबर अपराध में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस ने मकान मालिकों से अपील की है कि वे किराएदारों का सत्यापन जरूर कराएं। इधर वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद के निर्देश पर डीएसपी, साइबर अपराध एवं एसडीपीओ, निरसा के नेतृत्व में सोमवार को निरसा के पीठाकियारी गांव के छोटकू रविदास के घर में संयुक्त छापेमारी की गई। मौके से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता पाई है।



एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक पी जनार्दन द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है। उनके निर्देश पर सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक, साइबर अपराध रोकथाम धनबाद एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, निरसा के नेतृत्व में छापेमारी दल ने प्राथमिकी उपचार केन्द्र, निरसा के पीछे तालाब के पास पिठाकियारी गांव के छोटकू रविदास के मकान से 3 अपराधियों को एटीएम, क्रेडिट कार्ड, केवाईसी अपडेट करने के नाम पर साइबर ठगी में प्रयुक्त मोबाइल, सीम, दस्तावेज आदि के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी मुकेश रविदास, (30), लक्ष्मण रविदास, (26 वर्ष) और सुखदेव रविदास, (26 वर्ष) शामिल है। सभी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया गया है। सभी के खिलाफ निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार के बयान के पर निरसा थाना कांड संख्या-04/25, धारा-316(2)/319(2)/318(4)/111 बीएनएस एवं 66 (सी)/66 (डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि उनके पास प्रतिबिम्ब पोर्टल में प्लोटेड एक सीम भी पकड़ाया है, जिसके विरुद्ध तेलंगाना एवं तामिनाडु में साईबर ठगी का मामला दर्ज है। छापामारी दल में इंस्पेक्टर सह-थाना प्रभारी मंजीत कुमार, साइबर थाना के इंस्पेक्टर विश्वजीत ठाकुर, इंस्पेक्टर कुन्दन कुमार सिंह, निरसा थाना के पुअनि सुमन कमार कंठ सहित निरसा थाना एवं साइबर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।



एक नजर में

### दोषमुक्त पारा शिक्षक के पुनर्योगदान का प्रस्ताव सशर्त पारित



जामताड़ा। नारायणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख अंजना हेम्ब्रम की अध्यक्षता में नारायणपुर प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक–सह–अनुशासनिक प्राधिकार की बैठक हुई। बैठक में 2017 में जेल जाने से कार्यमुक्त और 2023 में न्यायालय से दोषमुक्त तत्कालीन उमवि चंदाडीह लखनपुर के पारा शिक्षक उस्मान गणी के पुनर्योगदान का प्रस्ताव सशर्त पारित किया गया। शर्त रखी गई कि उस्मान गणी पूर्व के किसी तरह के मानदेय का दावा नहीं करेंगे। इस आशय का शपथ पत्र उन्हें समर्पित करना होगा। उस्मान गणी अब उमवि कालीपहाड़ी में योगदान करेंगें, क्योंकि वहे उच्च प्राथमिक स्तर के पारा शिक्षक रहे हैं और चंदाडीह लखनपुर की उच्च प्राथमिक कक्षाओं का विलय उमवि कालीपहाड़ी में हो चुका है। बैठक में बीडीओ मुरली यादव,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सरखेल मरांडी , बीपीओ अनामिका हांसदा, सीआरपी राघवेन्द्र नारायण सिंह, प्राधिकार के लिए मनोनीत पंचायत समिति सदस्य अब्दुल मन्नान सहित अन्य उपस्थित थे।

### हाइवा की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल



जोड़ापोखर। जामाडोबा चार नंबर सबस्टेशन के समीप मंगलवार को लगभग सवा ग्यारह बजे जामाडोबा पुटकी मुख्य सड़क पर हाइवा की चपेट में आ कर स्कूटी सवार भूतगढिया निवासी 28 वर्षीय संतोष कुमार बांसफोड़ गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना के बाद उत्तेजित लोगों ने हाइवा चालक लक्ष्मण महतो की पिटाई की । हाइवा चालक भी भूतगढिया का ही रहनेवाला है।

सूचना पाकर जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा तत्काल सदल बल घटनास्थल पहुंचे और कांग्रेस नेता पिंटू तुरी के सहयोग से घायल संतोष को टाटा अस्पताल जामाडोबा में भर्ती कराया । पुलिस ने हाइवा को जब्त कर उसके चालक लक्ष्मण को हिरासत में ले लिया है। बताते हैं कि घायल संतोष स्कूटी से गैलन और बोतल में ताड़ी लेकर घर भूतगढिया जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा से स्कूटी सवार ने असंतुलित होकर टकरा गया, जिसमें उसका दाहिना पैर कुचल गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

### गुरुगोष्ठी बीईईओ ने प्रधानाध्यापकों को दी सख्त चेतावनी, कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई



मैथन। एसकेबीसी हाई स्कूल, निरसा में मंगलवार को तीनों शैक्षणिक अंचलों के सभी 312 विद्यालयों की मासिक समीक्षा सह गुरुगोष्ठी बीईईओ सह प्रखंड संसाधन केंद्र के समन्वयक सपन कुमार मंडल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सीआरपी, बीपीएम आदि उपस्थित थे। बीईईओ सह प्रखंड समन्वयक सपन कुमार मंडल ने सभी विद्यालयों को दो दिनों के भीतर यू डाइस प्लस कंप्लीट करने एवं 10 जनवरी तक आधार आईडी कंप्लीट करने का निर्देश दिया। इसके अलावा एसएमसी पुनर्गठन, एसएमसी ट्रेनिंग, कक्षा 1 एवं 2 को पोषाक वितरण और सभी बच्चों का अकाउंट आधार अपडेट करने का निर्देश दिया गया। श्री मंडल ने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापकों के खिलाफ जिला स्तर से कार्रवाई संभव है। इसलिए सभी विद्यालयों के प्रधान प्रभारी इस कार्य को गंभीरता से लें और समय सीमा के भीतर कंप्लीट करें। ये सभी कार्यों को स्कूल अवधि के दौरान करना है। सभी बच्चों का अकाउंट हर हाल में खुले, इस पर विशेष रूप से ध्यान देना है। बैठक में मुख्य रूप से बीपीएम पवन कुमार महतो, कोऑर्डिनेटर अशोक रवानी, अकाउंटेंट बबलू महतो, सीआरपी प्रमोद कुमार झा, सीआरपी पंकज कुमार सिंह शिक्षक योगेशदत्ता, मोहम्मद अजीम अंसारी, उत्तम घाटी सहित विद्यालय प्रधान मौजूद थे।

### ग्रामीणों की मांग पर एनएचएआई के अधिकारी ने दिया आश्वासन

## वैकल्पिक व्यवस्था के बाद ही होगा सड़क निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एनएचएआई निरसा सिनेमा मोड़ के समीप सड़क विस्तारीकरण का काम शुरू हो गया है। जिस स्थान पर निर्माण कार्य शुरू किया गया है, उसके समीप निरसा भुइयां धौड़ा का ग्राम स्थान है। मंगलवार को मामले की जानकारी होते ही निरसा भुईयां धौड़ा के लोग निर्माण कार्य का विरोध करने लगे।

ग्रामीणों का कहना था कि एनएचएआई पहले ग्राम स्थान की वैकल्पिक व्यवस्था करे, तभी सड़क निर्माण होने दिया जाएगा। बाद में अंचलाधिकारी के कार्यालय में एनएचएआई के अधिकारी निगम बेहरा, जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू, निरसा मध्य पंचायत की मुखिया रीता देवी, निरसा मध्य पंचायत के पंसस अर्जुन भुइयां, निरसा उत्तर पंचायत के पंसस अमन चौरसिया, डीके पासवान एवं ग्रामीणों की वार्ता हुई। वार्ता में एनएचएआई के अधिकारी ने आश्वासन दिया कि ग्रामीण स्थान चयनित करें, विभाग सड़क चौड़ीकरण का कार्य कर रहे ठेकेदार से ग्राम थान का निर्माण करा देगा। उसके बाद ग्रामीण शांत हुए।



जानकारी देते हुए अर्जुन भुइयां, कृष्णा भुइयां, विजय भुइयां, लक्ष्मी देवी आदि ने बताया कि उसस्थान पर वर्षों से पूर्वज ग्राम देवता की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। प्रत्येक वर्ष आषाढ़ पूर्णिमा पर वहां वार्षिक उत्सव होता है। हम सड़क निर्माण का विरोध नहीं कर रहे। परंतु ग्राम देवता के लिए ग्राम थान का निर्माण करा दिया जाए, ताकि भविष्य में लोग पूजा अर्चना कर सकें।

## निदेशक ने किया एफसीआई गोदाम का निरीक्षण



▸▸ गोदाम प्रबंधक को दिये गए कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

जामताड़ा। उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को आइटीडीए निदेशक जुगनू मिंज ने प्रखंड स्थित एफसीआई गोदाम का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ मुरली यादव, सीओ सह एमओ देवराज गुप्त भी साथ थे। अधिकारी ने दोपहर एफसीआई गोदाम पहुंचकर स्टाक पंजी, आयात पंजी, निर्यात पंजी, राज्य खाद्य निगम से मिले आवंटन, गोदाम में अनाज के रखरखाव, डिलीवरी की व्यवस्था, साफ सफाई आदि बिंदुओं पर जांच की। गोदाम प्रबंधक जयदेव मुर्मू को साफ सफाई व अनाज के बेहतर रखरखाव का निर्देश दिया। आईटीडीए निर्देशक ने बताया कि विगत वर्ष से जन वितरण प्रणाली व प्रधानमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सभी अनाज के वितरण का रजिस्टर से मिलान किया जा रहा है। गोदाम में रखे अनाज की गिनती हो गई है। सब कुछ संतोषजनक पाया गया है और अनाज रखरखाव को लेकर गोदाम प्रबंधक को कई दिशा निर्देश दिये गए हैं।

# डीसी ने दिखाई जागरूकता रथ को हरी झंडी

खबर मन्त्र संवाददाता

### धनबाद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

**धनबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करेगा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।



जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी ने कहा कि लोगों को बताया जाएगा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहनों में ओवर लोडिंग नहीं करें। भ्रमण के दौरान लोगों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तिका एवं पंपलेट का विवरण किया जाएगा। ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार ने कहा कि लोगों को बताया जाएगा कि ओवरस्पीड, बाईक पर स्टंट करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना, ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना इत्यादि सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण है।

# संगठित अपराध पर एफआईआर अति आवश्यक : एसडीपीओ

▸▸ लंबित मामलों का जल्द निपटारा करने का निर्देश

▸▸ सिटी एसपी ने सिंदरी थाना का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम की अध्यक्षता में मंगलवार को क्राइम मीटिंग हुई। मीटिंग में सिंदरी अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। एसडीपीओ ने संगठित अपराध पर एफआईआर करने का निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया।



क्राइम मीटिंग में झरिया थाना प्रभारी सह निरीक्षक शशि रंजन कुमार, जोरापोखर थाना प्रभारी सह निरीक्षक राजेश प्रकाश सिन्हा, सिंदरी थाना प्रभारी सह निरीक्षक संजय कुमार, सिंदरी सर्किल निरीक्षक विष्णु प्र राउत, जोरापोखर सर्किल निरीक्षक राय सौमित्र पंकज भूषण, तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, सुदामडीह थाना प्रभारी सूरज कुमार रजक, पाथरडीह थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी, बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती, बोर्रागढ़ ओपी प्रभारी निरंजन कुमार सिंह, गौशाला ओपी प्रभारी रवि कुमार, घनुआडीह ओपी प्रभारी सोनू कुमार, लोदना ओपी प्रभारी गौरव कुमार, अलकडीहा ओपी प्रभारी अरुनिश रौशन, भौंरा ओपी प्रभारी रंजीत राम मौजूद थे।

उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिस लंबित मामलों का जल्द निपटारा करे। क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाएं। कोयला, बालू तस्करी सहित अन्य अपराध पर रोक लगाएं। सोमवार को धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार ने सिंदरी थाना का औचक निरीक्षण कर थाना प्रभारी संजय कुमार को जरूरी निर्देश दिए थे।

# गिरिडीह पुलिस ने हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने एक हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया है। कथित अभियुक्त तालो मरांडी ऊर्फ सुनील मरांडी है। तालो मरांडी नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का हार्डकोर सदस्य है। तालो मरांडी को सोमवार के शाम में भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के चोलखो नदी के समीप रास्ते से पकड़ा गया है। तालो मरांडी बिहार के जमुई जिला अंतर्गत चकाई थाना इलाके के नेहालडीह का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी एसपी डॉ बिमल कुमार को मिली सूचना पर एएससी अभियान सुरजीत कुमार और उनकी टीम ने की है। मंगलवार को एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस में उक्त मामले की पुष्टि की है। उक्त



जानकारी देते हुए गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि भेलवाघाटी थाना के नक्सल कांडों में वांछित अभियुक्त तालो मरांडी उर्फ सुनील मरांडी अपने परिजनों के साथ घर से पैदल ग्राम बलियारी के चोलखो नदी से होते हुए जंगल के रास्ते से अपने रिश्तेदार के घर जाने वाला है।

प्राप्त सूचना के सत्यापन हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) सुरजीत कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। खोरी महुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, भेलवाघाटी थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार के साथ एसएसबी 35 बी के सशस्त्र बल के साथ टीम गठित की गई. टीम के द्वारा चोलखो नदी के समीप वाले रास्ते एवं उसके आस-पास जंगल में इंतजार किया गया, वही से तालो को गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि वर्ष 2020 में बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र गुनियाथर में नक्सली घटना का अंजाम देने के लिए जेडो नदी के किनारे में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री को जमीन के अंदर गाड़ कर रखे जाने की सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करने पर विस्फोटक सामग्री को बरामद किया गया था। इस मामले को लेकर भेलवाघाटी थाना कांड संख्या 07/20 दर्ज किया गया था। इसमें तालो मरांडी भी अभियुक्त है।

इसके अलावा वर्ष 2020 में ग्राम गुनियाथार पंचायत निमार्णाधीन नदी पुल के ठेकेदार से लेवी लेने की घटना में भी सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट एवं धमकी देने में तालो मरांडी की अहम भूमिका थी।इस मामले में भी भेलवाघाटी में कांड अंकित किया गया था। जबकि तालो मरांडी के खिलाफ जमुई के चकाई में दो कांड दर्ज हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त नक्सली को पकड़ने में अपर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ, भेलवाघाटी थाना प्रभारी के अलावा सअनि बुद्धीनाथ मार्डी, धर्मेन्द्र सिंह, हवलदार किशुन मिस्त्री, आरक्षी सुनील कुमार यादव, सुखदेव कुमार साव, अर्जुन उरांव, अन्दु कुमार सिंह, अजय कुमार, अशोक कुमार, राकेश कुमार राय, भेलवाघाटी थाना, दीपक प्रसाद मेहता, राजेश कुमार महतो, एवं एसएसबी 35-इ के सशस्त्र बल शामिल थे।

## बीडीओ ने पहाड़िया आवास का किया निरीक्षण, दिये कई नर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** बीडीओ मुरली यादव ने मंगलवार को बुधुडीह और नारोडीह पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। शिवपुर गांव में पहाड़िया समुदाय के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुकों से सीधे बातचीत कर आवास निर्माण में परेशानी को जाना। बीडीओ ने लाभुकों से कहा कि केंद्र सरकार समुदाय के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिनमें आवास निर्माण शामिल है। आपको लाभुक बनते ही बैंक खाते में पैसा हस्तांतरित कर दिया गया है, जैसे-जैसे कार्य करते रहेंगे, किस्तों में आपके बैंक खाते में राशि हस्तांतरित होती रहेगी। आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण करें। आवास निर्माण के लिए सरकार 1,30,000 रुपये दे रही है। वही नारोडीह पंचायत में अबूआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया और लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर संबंधित पंचायत के सचिव एवं मुखिया मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### अवैध खनन के लेकर आवासीय कॉलोनी वासियों में आक्रोश

**कतरास।** वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में अवैध उत्खनन के चलते खतरे की आशंका से ग्रस्त आवासीय कॉलोनीवासियों में आक्रोश पनपने लगा है। मंगलवार सुबह विरोध में लोग एकजुट हो गए। भनक लगते ही कारोबारियों के समर्थक हरकत में आ गए। समझा बुझाकर उन्हें वापस घर भेज दिया।

### क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक मे समस्याओं पर हुई चर्चा

**कतरास।** ब्लॉक 2 क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार को सम्मेलन कक्ष में हुई। बैठक में महाप्रबंधक सहित सभी विभागाध्यक्ष व श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। आवास, पानी बिजली, रिपेयरिंग, परियोजना विस्तार आदि विभिन्न समस्याओं पर बृहत चर्चा हुई। महाप्रबंधक अनूप कुमार राय, एजीएम कुमार रंजीव, एपीएम अनिल कुमार, एरिया मैनेजर एक्सा वेशन आर के सिन्हा, पीओ टी एस चौहान, पीओ पी के राजू, वित्त प्रबन्धक शशांक शेखर जयसवाल, वैभव सिंह, गोपाल दास युनियन नेताओं में गोपाल मिश्रा, उत्तम पांडे, सौखी साव आदि मौजूद थे।

### डब्लू जे एरिया में क्षेत्रीय सलाहकार समिति व कल्याण समिति की बैठक



**पुटकी।** बीसीसीएल के डब्लू जे एरिया मुनीडीह में क्षेत्रीय सलाहकार समिति एवं कल्याण समिति की बैठक जीएम अरिंदम मुस्तफी की अध्यक्षता में हुई। मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर अनऔचारिक चर्चा हुई। एपीएम आशीष कुमार मिश्रा, वर्षा दिवाकर के अलावा यूनियन प्रतिनिधियों की ओर से जमसं के क्षेत्रीय सचिव रमेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय सचिव सुधीर कुमार सिंह, बीसीकेयू के सुखलाल महतो, पीएन तिवारी, द झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव राजकुमार पांडे, युकोवयु क्षेत्रीय सचिव संजीवन कुमार, कोयला इस्पात मजदूर यूनियन से विद्या प्रकाश पांडे, एनपी सिंह आदि मौजूद थे।

## नये डी एल कैंडिडेट को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी के निदेर्शानुसार आज फाइनल लाइसेंस (डी एल) लाइसेंस बनवाने आए हुए कैंडिडेट बरवाडीह ग्राउंड,गिरिडीह में रोड़ सेफ्टी मैनेजर (मो० वाजिद) के द्वारा प्रशिक्षु चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का अनुपालन के प्रति जागरूक किया गया और साथ में हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया और बताया गया की सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट कि भी वितरण कि गई। कार्यक्रम के दौरान एमवीआई गौरी शंकर एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक मोहम्द वाज़िद हसन मौजूद थे।

## सोहराय पर्व में मांदर की थाप पर थिरके विधायक

### माताओं और बहनों ने गाजे-बाजे के साथ की गोहाल पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी/बलियापुर।** आदिवासियों का सोहराय पर्व बलियापुर के पांडेयडीह गांव में मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ मांदर की थाप पर नृत्य गीत प्रस्तुत किया।

सिंदरी विधायक ने कहा कि आदिवासी समुदाय की संस्कृति अतुलनीय है। नटवा, छोऊ नृत्य, झूमर आदि को बढ़ावा देने की जरूरत है। इसके पूर्व आदिवासी पुरुषों, माताओं और बहनों ने गाजे-बाजे के साथ बैलों को रिझाया और गोहाल पूजा का आयोजन किया। विधि विधान से सरना धर्म रीति रिवाज से बैलों की पूजा अर्चना की गई। आदिवासी परिधान के साथ महिला व पुरुषों ने नृत्य-गीत प्रस्तुत किया।



**मौके पर मौजूद थे**

मौके पर नायकी हाड़ाम बुधु किस्कू, मांझी हाड़ाम रघु किस्कू, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेंद्र किस्कू, पूर्व मुखिया समीर कुमार मुर्मू, नुनूलाल हेम्ब्रम, सरफुद्दीन अंसारी, कौशल्या देवी, पूर्व पंसस सोनाराम मुर्मू, मुखिया मलिन हांसदा, नरेश हेम्ब्रम, देवाशीष पांडेय, तरूण रजक, अरूण रजवार, अर्जुन कुंभकार, अजय कुमार रवानी, सुभाष मुर्मू, गोपाल रवानी, निताई रवानी, दुखलाल हेम्ब्रम, मनोज रवानी, जीतलाल किस्कू, रामेश्वरम हेम्ब्रम, सुधीर हांसदा, धरणी प्रसाद किस्कू, विश्वनाथ किस्कू, मनोहर हेम्ब्रम, मोफिज अंसारी, सुखलाल हेम्ब्रम, सिकंदर किस्कू आदि मौजूद थे।

एक नजर में

### ज्योतिषाचार्य एवं कर्मकाण्डी पंडित रामचंद्र उपाध्याय नहीं रहे



**धनबाद।** झारखंड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के प्रख्यात विद्वान एवं ज्योतिषाचार्य और कर्मकाण्डी पंडित रामचंद्र उपाध्याय जी का निधन कल देर शाम उनके पैतृक गया जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वो मूलत: गया जिले के टनकुप्पा प्रखंड के जगरनाथपुर (करियादपुर) गांव के निवासी थे। पंडित रामचन्द्र उपाध्याय पिछले करीब पचास वर्ष से हावड़ा जिले के लिलुआ में रहकर ज्योतिषीय विश्लेषण एवं कर्मकांड का कार्य अपनी देखरेख अन्य विद्वत परिषद के साथ करवा रहे थे। निवर्तमान में वो बेलूड़ मठ के पास स्थित अशोका विहार अपार्टमेंट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रधान पुजारी थे। अपने पीछे पत्नी और दो पुत्रों सहित भरे पूरे परिवार को छोड़कर गोलोक वासी हो गये।स्व उपाध्याय जी का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव जगरनाथपुर के पैमार नदी के तट पर किया गया। उनकेअंतिम संस्कार में श्याम सुंदर उपाध्याय, नवल किशोर मिश्र, मुकेश उपाध्याय, रंजीत उपाध्याय, सुकेश उपाध्याय, दिनेश, पंकज उपाध्याय, अंबुज सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र राकेश उपाध्याय ने दी

### जामताड़ा पुलिस ने लूटकांड के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जामताड़ा।** विगत 13 दिसंबर की देर रात को जामताड़ा के कमाटांड़ थाना क्षेत्र के शिकरपोसनी ग्राम वासी गोपाल मंडल के साथ हथियार के दम पर लूट कांड का खुलासा पुलिस ने कर लिया है। इस लूट कांड के आरोपी रामलाल मंडल और शनिचर मंडल को कमार्टांड़ मकाटी कोठी क्रिकेट ग्राउंड से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी देते हुए जामताड़ा अनुमंडल पुलिस कार्यालय ने मीडिया को बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लागोरी ने इस मामले का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वादी गोपाल मंडल ने लिखित आवेदन देकर बताया था कि सियाटांड शिकरपोसनी के बीच टुटे पुल के पास तीन अपराधकर्मियों ने पिस्टल से सर में मार कर 42,850 रुपये तथा ओप्पो प्रो प्लस मोबाइल छीन लिया था। छिनतई के बाद करमाटांड़ थाना में मामला दर्ज कर कांड का अनुसंधान पुअनि नितीश कुमार को सौंपा गया। अनुसंधान में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को मकाटी कोठी क्रिकेट ग्राउंड से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों ने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उनकी निशान देही पर जसायडीह पलाश जंगल से कांड में प्रयुक्त एक सिक्सर (पिस्तौल) तथा ब्लु रंग की प्लसर बाइक बरामद की गई है। इस छापामारी दल में करमाटांड़ थाना प्रभारी पुअनि अभय कुमार, पुअनि नितिश कुमार, विकास कुमार तिवारी, अनुज कुमार, सअनि रघुवंश सिंह, आरक्षी गायना मुर्मू, रिंकु कुमार, अमिन मुर्मू, सुबल टुडू, चौकीदार मनोज कुमार तुरी आदि शामिल थे।

## झरिया के अमीन की जनता दरबार में फरियाद

## भू माफियाओं ने अमीन की सेवा तक समाप्त करवा दी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जनता के दुख दर्द को सुनने और उसके निराकरण के उपायों के लिए लग रहे जिला प्रशासन के जनता दरबार में आज अधिसंख्य माले दबंगों द्वारा भूमि पर कब्जा करने से संबंधित रहे। सनसनी उस वक्त फेल गई जब झरिया के अमीन ने इसे ही दबंगों पर सेवा समाप्त करवाने का आरोप कर दिया। समाहरणालय के सभागार में आयोजित जनता दरबार में डीआरडीए के निदेशक राजीव रंजन जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। शिकायत का समाधान करने के लिए उन्होंने कई विभाग को निर्देशित भी किया। उसी दौरान झरिया अंचल के अमीन ने आवेदन देकर कहा कि भूमाफियाओं द्वारा साजिश रच कर उन्हें सेवा से मुक्त करवा दिया गया है। यह सुन वहां मौजूद लोग भौचक रह गए। खरखरी महेशपुर से आए एक शिकायतकर्ता ने कहा कि योजना पूरी हो जाने के बावजूद प्रखंड के कर्मचारियों द्वारा उन्हें जबरन परेशान किया जा रहा है। कोलाकुसमा सरायढेला से आए व्यक्ति ने निदेशक डीआरडीए को बताया कि उनकी रैयती जमीन पर फर्जी कागजात बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर धमकी दी जा रही है। इसी प्रकार बेकारबांध से आए व्यक्ति ने बताया कि एक दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन और बलपूर्वक सार्वजनिक रास्ता की घेराबंदी की जा रही है। वहीं बलियापुर के पलानी से आए व्यक्ति ने कहा कि भूमाफियाओं द्वारा गैर आबाद खास खाता की जमीन पर जबरन कब्जा कर भूमाफियाओं द्वारा बाउंड्री वॉल बनाई जा रही है।जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जन शिकायत कोषांग के नंद किशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

## बालपन में ही बच्चों में धर्म की शिक्षा आवश्यक : जया किशोरी

▸▸ **तनावपूर्ण जीवन को मुक्त रहने के विविध आयामों पर प्रकाश डाला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचिका जया किशोरी ने आज यहां कहा कि संस्कार और परिवेश का असर बच्चों पर पड़ता है। बालपन में ही यदि धर्म की ओर बच्चों को उन्मुख किया जाए तो व्यापक सामाजिक परिवर्तन संभव है। जया किशोरी श्री श्याम भक्त मंडल, हीरापुर की स्वर्ण जयंती पर स्थानीय गोल्फ ग्राउंड मैदान में त्रिदिवसीय भव्य श्री श्याम गुणगान महोत्सव को संबोधित कर रही थी।

आध्यात्मिक प्रवक्ता जया किशोरी ने कहा कि उम्र हो जाने के बाद बूढों को धर्म की ओर जाने को लोग कहते हैं। ऐसा क्यों। बचपन में ही धार्मिक प्रवृति की भावना आए तो बुजुर्गीयत में यह सुनने को मिले ही नहीं। उन्होंने आज के तनावपूर्ण जीवन को इससे मुक्त रहने के विविध आयामों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को ले गोल्फ ग्राउंड में 100 फिट चौड़ा और 400 फिट लम्बा विशाल हैंगर पंडाल बनाया गया है। पंडाल के अंदर बांस की थीम पर 80 फिट लम्बा और 40 फिट चौड़ा श्याम प्रभु का दरबार बनाया गया है। श्याम दरबार का तीन दिन अलग अलग फूलों से श्रृंगार किया जायेगा। समारोह को सफल बनाने में रितेश शर्मा, विजय अग्रवाल, मिठू सरिया, मनोज खेमका, मोहित अग्रवाल, आशीष जिंदल, चेतन गोयनका सहित मंडल की पूरी टीम सक्रिय है।

### 8 फरवरी को धनबाद से खुलेगी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

**धनबाद।** प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित महाकुम्भ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने धनबाद स्टेशन से कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी सं. 03695/03696 धनबाद-टूण्डला-धनबाद कुंभ मेला स्पेशल (कोडरमा-गया-सासाराम-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) गाड़ी सं. 03695 धनबाद-टूण्डला कुंभ मेला स्पेशल 08 फरवरी, 2025 को धनबाद से 12.40 बजे खुलकर 14.25 बजे कोडरमा, 15.55 बजे गया, 19.40 बजे डीडीयू, 23.10 बजे प्रयागराज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 06.30 बजे टूण्डला पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 03696 टूण्डला-धनबाद कुंभ मेला स्पेशल 09 फरवरी, 2025 को टूण्डला से 16.20 बजे खुलकर अगले दिन 01.00 बजे प्रयागराज, 05.20 डीडीयू, 08.45 बजे गया, 09.40 बजे कोडरमा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 12.00 बजे धनबाद पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच होंगे।

### सब्जी व फल विक्रेता गणेश पूजा मैदान में लगाएं हाट : एफसीआई

**सिंदरी।** सिंदरी के हटिया में धनबाद नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे वेंडिंग जोन को लेकर एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन ने हटिया के विक्रेताओं को मंगलवार को पत्र जारी किया है। प्रबंधन ने हटिया के सभी सब्जी, फल व मछली विक्रेताओं को गणेश पूजा टीओपी मैदान में बुधवार से हाट लगाने को कहा है। यह प्रक्रिया वेंडिंग जोन के निर्माण तक जारी रहेगी। सिंदरी हटिया में वेंडिंग जोन नवनिर्माण को सहज और सुगम बनाने के लिए यह पत्र जारी किया गया है और विक्रेताओं से सहयोग की अपील की गई है।

## गोविंदपुर वाणी मंदिर के समीप भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मंगलवार को प्रदेश मंत्री सह गोविंदपुर पूर्वी के प्रवासी गणेश मिश्रा, मंडल प्रभारी रतिरंजन गिरि एव मंडल अध्यक्ष तालेश्वर साव के नेतृत्व में गोविंदपुर वाणी मंदिर के समीप कैम्प लगा कर सदस्य बनाया गया। कैम्प में बलराम साव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीष साव, जग्गू साव, कीरिटी भूषण रुज, राजकिशोर महतो, बैजनाथ गोस्वामी, सुधीर पांडेय आदि मौजूद थे। कैम्प में लगभग एक सौ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

वही दूसरी ओर देवली में कई शक्ति केंद्रों के भाजपाइयों की बैठक हुई। बैठक में सदस्यता अभियान को ओर गति देने का निर्णय लिया गया। देवली में मुर्गाबनी, देवली आदि शक्ति केंद्र के सक्रिय सदस्यों को चिन्हित किया गया। परासी शक्ति केंद्र के दुमदुमी गांव में सदस्य बनाये गये। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष अशोक गिरि, अवधेश कुमार, नवल सिंह चौधरी, सुरेश रविदास, पप्पू मंडल, विश्वनाथ गोस्वमी, कृष्णा मोदी, खगेन सिंह चौधरी, निर्मल कुम्भकार, कांतिपदो कुम्भकार, मनोज कुमार गोराई, प्रभाष कुम्भकार, गुलाब सिंह आदि मौजूद थे।

# मनरेगा घोटाला: गिरिडीह में काम किये बिना ही निकाल ली गई राशि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा गिरिडीह में सरकार की यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। रोजगार की गारंटी हो न हो लेकिन भ्रष्टाचार की पूरी गारंटी है। बिना काम किये, पदाधिकारियों की मिलीभगत से राशि की निकासी की जा रही है। जिला स्तरीय पदाधिकारी सरकारी आंकड़ों को सच मानकर काम कर रहे हैं, जबकि हकीकत इसके ठीक विपरीत है। तमाम तरह की निगरानी के बाद भी मनरेगा में धांधली जारी है। दरअसल मनरेगा में चौंकाने वाला मामला जमुआ प्रखंड अंतर्गत धोथो पंचायत के कवईटांड़ टोला सैनअहरी में मामला प्रकाश में आया है।

**उच्च स्तरीय जांच की मांग :** इस बाबत कवईटांड़ के ग्रामीणों द्वारा गिरिडीह उपायुक्त को जन आवेदन देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। दिए गए आवेदन में ग्रामीणों का कहना है कि बगैर काम किए मनरेगा योजना की राशि निकाल ली गई है।

**प्रत्येक योजना की प्राक्कलित राशि 1,48000 रुपए हैं :** ग्रामीण अनिल कुमार वर्मा, संदीप कुमार वर्मा, मिंटू कुमार वर्मा, अजय कुमार वर्मा, जय नारायण महतो, जागेश्वर महतो, बालमुकुंद महतो आदि कई लोगों ने उपायुक्त के दिए हस्ताक्षरित आवेदन में कहा है, कि जमुआ प्रखंड के धोथो पंचायत अंतर्गत कवईटांड़ में दिनांक 25-01-2021 को रामदेव महतो की जमीन पर तथा 9. 11. 2020 को चुनचुन देवी की जमीन में डोभा निर्माण की स्वीकृति ली गई। प्रत्येक योजना की प्राक्कलित राशि 148000 रुपए है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण :** ग्रामीणों का कहना हैं कि बिना काम किए ही राशि के निकासी कर ली गई, जिसकी भौतिक जांच की जा सकती है और यह एक वित्तीय गबन का गंभीर मामला है। उक्त योजनाओं की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग ग्रामीणों ने की है।




**दोषी बचेंगे नहीं: मुखिया**

इस बाबत मुखिया रैबून खातून से संपर्क करने पर बताया गया कि यह कार्य उनके कार्यकाल का नहीं है। ग्रामीणों से आज ही इसकी जानकारी उन्हें मिली है, स्थानीय स्तर पर इसका निरीक्षण किया जाएगा और वास्तविक दोषी बचेंगे नहीं।

**अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: बीडीओ**

इस बाबत जमुआ बीडीओ अमल कुमार ने कहा कि ग्रामीणों का आवेदन मिला है। बीपीओ को जांच का आदेश दिया गया है। मनरेगा योजना में अनियमितता किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच में यदि सत्यता पाई जाती है तो दोषियों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**कैसे निकाली जाती है राशि**

मनरेगा जॉब कार्ड के आधार पर मजदूरों का भुगतान डीबीटी के तहत सीधे उनके बैंक खाता में होता है। अब पंचायत में कई बैंकों का ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) खुल गया है। सीएसपी वाले लैपटॉप लेकर गांव चले जाते हैं। वहां बिचौलियों के माध्यम से संबंधित मजदूरों को बुला कर अंगूठा लगवा लिया जाता है। इसके बाद राशि की निकासी कर ली जाती है। इसके एवज में मजदूरों को प्रति जॉब कार्ड दो सौ से तीन सौ रुपये थमा दिया जाता है।

**कैसे हुआ मामले का पदार्फाश**

मामले का पदार्फाश तब हुआ जब गांव के लोगों को यह मामला संज्ञान में आया, उनलोगों ने अपने हिसाब से छान बिन किया तो पूरा मामला साफ हुआ। वे लोग तुरंत उपायुक्त, जमुआ बीडीओ आदि को ज्ञापन सौंपा, जांच करने का आग्रह किया।

**कैसे होता है गड़बड़झाला**

प्रखंडों में बिचौलिए सक्रिय है। यह बिचौलिए मनरेगा मजदूरों का जॉब कार्ड किराये पर ले लेता है। मनरेगा की अधिसंख्य योजनाओं में काम मशीन से होता है। बाद में उसके जॉब कार्ड के आधार पर डाटा इंट्री करा दी जाती है। इस तरह से बिना काम किये ही मजदूरों के जॉब कार्ड पर राशि आवंटित हो जाती है। वहीं नियमों की अनदेखी करते हुए बिचौलिए उसकी राशि को निकाल लेते हैं। जानकारों की मानें तो अगर इसकी जांच सूक्ष्मता से हो जाये, तो एक बड़े घोटाले का पदार्फाश हो सकता है।

**बाहरी मजदूरों से कराया जाता हैं काम**

मनरेगा में धांधली :नियमों को ताक पर रख कर बाहरी मजदूरों से कम कराया जाता हैं। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ विभाग की लापरवाही की वजह से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। साथ ही गरीब ग्रामीणों के हक के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्थानीय मजदूरों को दरकिनार कर अन्य पंचायत के मजदूरों से कार्य कराया जाता हैं। इस तरह विभाग के मिली भगत से स्थानीय मजदूरों के हितों का शोषण कर रहे हैं। बाहर के मजदूरों से कार्य करा रहे हैं। जिन मजदूरों के नाम रजिस्टर में अंकित होते है, उनसे काम नहीं लेकर बाहरी मजदूरों से ठेका पर कार्य कराया जाता है। राशि निकासी के वक्त विभागीय अधिकारियों के मिली भगत से राशि का हेरफेर कर दिया जाता है।

**जेसीबी मशीन का धड़ल्ले से होता हैं उपयोग**

प्रखंड के कई पंचायतों में अंधेरी रात में जेसीबी मशीन से होता हैं,मनरेगा का काम। नियमों को ताक पर रख कर बेधड़क करते हैं काम, इन्हें किसी का डर नहीं। भ्रष्ट पदाधिकारीयों की मिली भगत से निडर करते हैं काम। प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा का काम मजदूरों की बजाय मशीनों से कराया जाता हैं। ऐसे में मजदूर काम के अभाव में पलायन कर जाते हैं। विभागीय कर्मियों व जनप्रतिनिधियों की जुगलबंदी का आलम है कि दर्जनों आहर व डोभा कार्य में जेसीबी मशीन का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीण मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है और वे पलायन करने को मजबूर हो रहे है।

# मुख्यमंत्री ने सीवान जिले को 109 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात




**पटना(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान सीवान जिले को लगभग 109 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 127 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 83 करोड़ 47 लाख 37 हजार रुपये की लागत से 122 योजनाओं का उ?द्घाटन तथा 25 करोड़ 38 लाख 27 हजार रुपये की लागत से 5 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के क्रम में पचरुखी प्रखंड के ग्राम नारायणपुर में प्रस्तावित सीवान-बाईपास का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मैप के माध्यम से प्रस्तावित सीवान-बाईपास के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रस्तावित पथ का कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सीवान जिले के हुसैनगंज प्रखंड स्थित मचकना पंचायत के ग्राम करहनु में जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत सौंदगीर्कृत कराए गए तालाब का निरीक्षण किया। तालाब निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तालाब के चारों तरफ सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं।

इससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने करहनु गांव के वार्ड संख्या-2 में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों के पठन-पाठन के विषय में जानकारी ली। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहनु, हुसैनगंज का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर ओपीडी कक्ष और टेली मेडिसिन आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हम लोग सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा वितरण करा रहे हैं। वर्ष 2005 के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया गया है ताकि लोगों को इलाज में असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने बासगीत पर्चा, सतत जीविकोपार्जन योजना एवं परियोजना निधि अंतर्गत जीविका दीदियों को 51 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत ई-रिक्शा की चाबी, 19 जीविका दीदियों को 42 लाख 6 हजार 736 रुपये प्रोत्साहन राशि का सांकेतिक चेक, 29 हजार 663 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 3,51,506 जीविका दीदियों को बैंक लिकेंज द्वारा 101 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, जीविका भवन की चाबी, मुख्यमंत्री चौर विकास योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाबी, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत बैटरी चलित वाहन की चाबी, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड लाभुकों को प्रदान किया।

## असहायों के बीच बीडीओ ने किया कंबल वितरण

**गढ़वा।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गढ़वा बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण ने ब्लॉक परिसर में गरीबों और असहायों के बीच कम्बल का वितरण किया। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में गरीब और बेसहारा लोग उपस्थित हुए। बीडीओ ने स्वयं अपने हाथों से कम्बल वितरित किए और ठंड से बचने के लिए सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण परेशान न हो। कम्बल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

**नोटिस**

आप सभी विद्वान अधिवक्ताओ को इस नोटिस के जरिए सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के लिए पैनल अधिवक्ताओ का पुनर्नियुक्ति किया जाना है। इसके लिए एक अधिवक्ता के रूप मे न्यूनतम तीन वर्षो तक नियमित रूप से प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता ही पैनल अधिवक्ता के लिए आवेदन कर सकते है।

अतः इस पात्रता को पूर्ण करने वाले अधिवक्ता अपने आवेदन विस्तृत वायोडाटा एवं शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रो की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ दिनांक 10/01/2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय मे जमा करे।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

PR 343713 Law(24-25).D



## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला। (समाज कल्याण शाखा)

निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड राँची के पत्र– 3277/स0क0 दिनांक– 24.12.2024 द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के आंगनबाडी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन हेतु निर्धारित आमसभा की तिथिवार विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 | परियोजना का नाम | रिक्त आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | आमसभा की तिथि | पदनाम (सेविका/सहायिका) | आमसभा का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भरनो | महुगाँव पहारटोली | 8.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन में |
| 2 | | सुकुरहुटु लाल टोली | 9.01.2025 | सहायिका | चबुतरा में |
| 3 | | डाड़केशा अम्बा टोली | 9.01.2025 | सहायिका | चबुतरा में |
| 4 | | मठतुरिअम्बा बाँस टोली | 11.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन में |
| 5 | | मठतुरिअम्बा सरना टोली | 11.01.2025 | सहायिका | अखरा में |
| 6 | | पाबेया टोली | 13.01.2025 | सहायिका | बगीचा में |
| 7 | | बरन्दा डीपा टोली | 13.01.2025 | सहायिका | चबुतरा में |
| 8 | | तुरिअम्बा 02 | 16.01.2025 | सहायिका | अखरा में |
| 9 | | पहाड़ केशा पतराटोली | 18.01.2025 | सहायिका | अखरा में |
| 10 | | डिपिंग लोंगा | 18.01.2025 | सहायिका | अखरा में |
| 11 | | रायकेरा बांध डीपा | 20.01.2025 | सहायिका | प्राथमिक स्कुल रायकेरा बांध डीपा |
| 12 | | अमलिया बांध टोली | 22.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन में |
| 13 | | करौन्दाजोर छापर टोली | 27.01.2025 | सहायिका | अखरा में |
| 14 | | करौन्दाजोर बांका टोली | 27.01.2025 | सहायिका | अखरा में |
| 15 | | मलगो जंगली टोली 2 | 29.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन में |
| 16 | | बटकुरी फुटुटोली | 30.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन में |

ह/0
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला।

PR 343666 (Women, Child Development & Social Security) 24-25 (D)


## एक नजर में

### सोशल वर्कर संस्था ने चलाया भंडारा



वितरण करते संस्था के सदस्य

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में पूड़ी, सब्जी, बुंदिया व रसगुल्ला का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शिवदास विश्वकर्मा की पत्नी व बाबु लोहार एवं पंकज विश्वकर्मा की माता स्व. फूलपति देवी के पांचवे पुण्यतिथि पर सप्ताहिक भंडारा मे सहयोग किया। मौके पर बाबू लोहार ने कहा कि जरूरतमन्दो के लिए सुबह-सुबह भोजन प्राप्त होना संस्था के युवाओं द्वारा सराहनीय पहल है। आकाश केशरी ने कहा कि लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में काफी सहयोग दे रहे हैं। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, सुरेंद्र विश्कर्मा, बाला केशरी, उमंग सोनी, यश गुप्ता, अजय केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

### मुखिया व जिप सदस्य ने किया कंबल वितरण


वितरण करती मुखिया व जिप सदस्य

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत की मुखिया लाईची देवी व जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने संयुक्त रूप से पंचायत के कुल 19 वार्ड में से बारह वार्डो में निवास करने वाले गरीब, बेसहारों और कमजोर तबका के महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मुखिया लाईची देवी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड और चल रही शीतलहर से गरीब असहायों को बचाने के उद्वेश्य से राज्य सरकार से पंचायत के लिए कुल 206 कंबल प्राप्त हुआ है। जिसमें पंचायत के 12 वार्डो में 190 कम्बल का वितरण किया जा गया है, शेष बचे सात वार्डो में बुधवार को कंबल का वितरण कर दिया जायेगा।

### महादलित परिवार के बीच कार्यपालक पदाधिकारी ने कंबल वितरण किया

**मझिआंव।** नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार मंगलवार को वार्ड नंबर 12 स्थित खजूरी गांव के महादलित टोले पर पहुंचे। इस दौरान सभी झोपड़ियों में घूम-घूम कर कंबल का वितरण किया। इस दौरान कंबल पाकर मुसहर परिवार के लोग काफी खुश हुए और कार्यपालक पदाधिकारी को दुआएं दी। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि शीतलहरी का प्रकोप दिनों दिन बढ़ रहा है। इसके कारण मैंने सोचा की सबसे पहले कंबल वितरण की शुरूआत महा दलित टोले से ही किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी घरों में घूम-घूम कर उन्होंने 20 महादलित महिला पुरुषों को कंबल दिया। उन्होंने बताया कि मझिआंव बाजार क्षेत्र में भी जल्द ही अलाव की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसके लिए लकड़ी की खरीद की जा चुकी है। मौके पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार, कनीय अभियंता संदीप यादव, स्वच्छता प्रभारी राकेश श्रीवास्तव सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने लोगों को किया जागरूक

**गढ़वा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा नलिन कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा रवि चौधरी के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शहर के दीपुआं मुहल्ला में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान पीएलवी संगीता सिन्हा ने सरकार के महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना, पालन पोषण, आवास, राशन, पेंशन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं पीएलवी उमा शंकर द्विवेदी ने बाल व्यापार, नशाखोरी, दिव्यांग बच्चों के लिए चलाए जा रहे सरकार के योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जूनियर वर्ग में रामासाहू व ज्ञान निकेतन बेलचंपा फाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता


पुरस्कार देते प्रतियोगिता के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी और अन्य

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में रामासाहू ने बीएनटी संत मैरी को छह विकेट से और ज्ञान निकेतन बेलचम्पा ने साउथ पॉइंट को दो विकेटों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले मैच में बीएनटी संत मैरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नकी के 34 रन के सहारे 70 रन बनाए। रामासाहू की ओर से कवि राज ने तीन, अंश ने दो विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी रामासाहू की टीम मयंक के 27 रन के सहारे चार विकेट खोकर जीत दर्ज करते हुए पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। वही दूसरे मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में आयुष के 27, शारिक के 16, अबान के 18 रन के सहारे 99 रन बनाए। ज्ञान निकेतन की ओर से उज्जवल ने तीन विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान ज्ञान निकेतन फहीम और नंदन के 22-22 रनों के सहयोग से आठ विकेट खोकर जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फहीन और कविराज को प्रतियोगिता के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने प्रदान किया। मौके पर कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, आकाश, धीरज, प्रवीण मिश्रा, प्रिंस खान, मनोज तिवारी, नमन, आकाश कुमार, नैतिक, हेमंत, गोलू दास आदि लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती की मनी दूसरी पुण्यतिथि

**केतार।** पूर्व मंत्री सह भवनाथपुर विस क्षेत्र के पूर्व विधायक लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गया। उनके छोटे पुत्र पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने अपने पिता का द्वितीय पुण्यतिथि केतार प्रखंड अंतर्गत बातोंकला ग्राम में मनाया। इस दौरान हजारों की संख्या में शुभचिंतकों ने कार्यक्रम में आकर स्व. देहाती की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। ज्ञात हो कि लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से एकीकृत बिहार सहित झारखंड के दलित, शोषित, पिछड़ा, गरीबों के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने वाले युग पुरुष जो अपने जीवन के अंतिम सांस तक कनहर सिंचाई परियोजना के पानी के लिए लड़ाई लड़ने वाले समाजवादी प्रखर नेता रहे थे। मौके पर भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, प्रखर नेता अजय वर्मा, भगत दयानंद यादव, लक्ष्मण राम, राजीव रंजन तिवारी, कन्हाई प्रसाद, हेमंत कुमार पाठक, कुंडल सिंह, शिवपूजन यादव, इंद्रदेव बैठा सहित कईअन्य उपस्थित थे।

### पत्रकार को पितृषोक



**भवनाथपुर।** प्रखंड के दैनिक अखबार के पत्रकार प्रदीप चौबे के 80 वर्षीय पिता केडी चौबे के निधन पर प्रखंड के पत्रकारों ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बताते चले कि कई दिनों से वह बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट पर किया गया। मृतक के बड़े पुत्र पप्पू चौबे ने मुखाग्नि दी। वहीं गनमान्य लोगो ने मृतक के घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। शोक व्यक्त करने वालों में सीताराम पाठक, दयाशंकर पाठक, सुनील कुमार, रवि रंजन यादव, विमलेश कुमार, नवीन गुप्ता, श्याम विमल, रमाशंकर मेहता, शिव साह, अयोध्या साह, फुलेंद्र यादव, अजित साह, समाज सेवी शिवपूजन यादव, तासबीन अंसारी, पिंटू आलम, धर्मेंद्र मेहता, सुशील चौबे, दयानंद सोनी, श्याम सुंदर गुप्ता, वीरेंद्र साह, शंभू सेठ, दयानंद प्रजापति, मनोज बैठा, अख्तर अंसारी, डिंपू सिंह आदि का नाम शामिल है।

## केतार में बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता


उद्घाटन करते अतिथि

केतार। प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत अजानिया मोड़ के समीप बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा की खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। समय-समय पर इस तरह का क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होना बहुत जरूरी है। थाना प्रभारी ने कहा कि केतार प्रखंड जैसे सुदूरवर्ती इलाकों में इस तरह का खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों के अंदर छिपी प्रतिभा में निखार आएगी। खेल से भी कैरियर बनाया जा सकता है। उद्घाटन मैच केतार बनाम कैलान के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैलान की टीम 10 ओवर में 52 रन बनाकर ऑल आउट हो गए। जवाब में टीम केतार ने 4 विकेट गंवाकर 5 ओवर में 53 रन बनाकर जीत हासिल किया। पवन कुमार को मैन ऑफ द मैच अवार्ड से सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह, चंद्रदेव सिंह, रमेश राम, संत कुमार, अभिषेक कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विकास कार्य में बाधक बन रहे हैं विधायक : मनोज

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा में हो रहे विकास कार्य में विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी बाधक बन रहे हैं। इनके कार्यकाल में तो विकास हुआ नहीं केवल चेक स्लिप पर विकास को दिखाते रहे। उस समय रोड में गड्ढा था कि गड्ढा में रोड था, यह पता हीं नहीं चल रहा था। गढ़वा-नगर रोड में डायवर्सन खोदकर छोड दिया गया था। आये दिन सड़क दुर्घटना में लोगों कि मौत हो जाती थी। सत्येन्द्रनाथ तिवारी विधायक एवं इनकी सरकार रहते हुए भी लोग असहाय थे। इनके द्वारा किसी को कोई सहयोग नहीं किया गया और न ही संवेदक पाटिल कंसट्रक्शन के विरोध में बोलने की हिम्मत कर सके। उक्त बातें झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर ने कही।

श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के अथक प्रयासों से राजधानी रांची की तरह गढ़वा जिला में विकास कार्य किया गया। जिला मुख्यालय में कई रोड चौड़ीकरण कर गढ़वा शहर को जाम से निजात दिलाने का प्रयास किया गया। लगभग सभी रोड का निर्माण कार्य आधा-अधूरा हो चुका है। लेकिन विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के द्वारा लोगों को भड़का कर रोड निर्माण कार्य को बाधित किया जा रहा है। जहां तक भूमि अधिग्रहण मुआवजा की बात है तो लगभग सभी सड़क निर्माण कार्य से पूर्व अंचल अमीन के द्वारा मापी कार्य कर लिया गया है। दावा हक के लिए अंचल से प्रतिवेदन की मांग किया जा चुका है। जिला के सक्षम पदाधिकारियों का भी मंशा है कि अधिग्रहित भूमि के रैयतों को शीघ्र ही मुआवजा की राशि का भुगतान किया जाय। विधायक के द्वारा पूर्व से निर्मित सड़क में लोगों को भड़का कर झोपड़ी बनवा देना, सड़क निर्माण कार्य को रोकवा देना, संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करना कहीं से भी उचित नहीं है। साथ ही इनके द्वारा राशि उगाही के लिए संवेदक को डराया एवं धमकाया जा रहा है। संवेदक द्वारा इनकी बात नहीं मानने पर अनावश्यक रूप से लोगों को भड़का कर कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। गढ़वा विधानसभा में जो भी विकास कार्य हो रहा है वो आम जनता के लिए हो रहा है। सभी जनता के सुविधा को देखते हुए सैकड़ों योजनाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन विधायक के द्वारा विकास रोको अभियान चला कर गढ़वा की जनता को असमंजस में डाल दिया गया है। विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी से आग्रह है कि पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यकाल का जो विकास कार्य चल रहा है, उस कार्य में जनता को भड़काकर विकास कार्य को नहीं रोका जाय। अन्यथा मजबूरन पार्टी विधायक के विरोध में उग्र आंदोलन करेगी।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़

New Collectorate Building Ground Floor, Block-c, Chhatarmandu, Ramgarh. Pin-825101.
G-Mail = dahoahyram@gmail.com

**आम सुचना**

रामगढ़ जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–15 रा0 (वि0) दिनांक– 01.07.2024 के आलोक में रामगढ़ जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल–125 पंचायतों में से 77 पंचायतों का माह जनवरी 2025 से दो दिवसीय पशुचिकित्सा शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन किया जाना है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं स्थल में अपने पशुओं की चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, गर्भजाँच, एवं स्वास्थ्य जाँच इत्यादि निशुल्क करावें एवं शिविर का लाभ उठावें।

पंचायतवार विशेष पशु चिकित्सा शिविर के लिए उत्तरदायी पशुचिकित्सकों की विवरणी
जिला पशुपालन पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर :– डा0 कविन्द्र नाथ सिंह, 9431506788

| क्र0 सं0 | ब्लॉक का नाम | पशुचिकित्सक का नाम, पदनाम और मोबाईल नम्बर | पंचायत का नाम और संस्थानवार क्रम संख्या | | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Patratu | Dr. Pankaj Kumar TVO Bhurkunda 9835162995 | 1 | बुध बाजार दोतल्ला | पंचायत भवन | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 2 | | | 2 | बुध बाजार ईमली गाछ | पंचायत भवन | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 3 | | | 3 | बुध बाजार चीफ हाउस | पंचायत भवन | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 4 | | | 4 | चोरधरा | पंचायत भवन | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 5 | | | 5 | देवरीया | मतकमा | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 6 | | | 6 | चिकोर | लादी | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 7 | | | 7 | मुरकुण्डा | पंचायत भवन | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 8 | Patratu | Dr. Ashok Kumar - BAHO Patratu - 9431090331 | 1 | बीचा | पंचायत भवन | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 9 | | | 2 | जयनगर | पंचायत भवन | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 10 | | | 3 | बलकुदरा | पंचायत भवन | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 11 | | | 4 | सौन्दा "डी" | पंचायत भवन | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 12 | | | 5 | ए.के. कोलयरी | पंचायत भवन | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 13 | | | 6 | के.के. कोलयरी | पंचायत भवन | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 14 | | | 7 | सयाल उत्तरी | पंचायत भवन | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 15 | Patratu | Dr. Vijay Munda - TVO Ghutwa - 7488765856 | 1 | साकी | पंचायत भवन | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 16 | | | 2 | पाली | सामुदायिक भवन | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 17 | | | 3 | कुरसे | पंचायत भवन | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 18 | | | 4 | सौन्दा बस्ती | पंचायत भवन | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 19 | | | 5 | शाह कॉलोनी | गाँधी चौक | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 20 | | | 6 | कटिया बस्ती | पंचायत भवन | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 21 | | | 7 | कोटो | पंचायत भवन | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 22 | Mandu | Dr. Sweta Shree - TVO West Bokaro - 9006773680 | 1 | केदला दक्षिणी | दूनी | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 23 | | | 2 | केदला दक्षिणी | परसाबेड़ा | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 24 | | | 3 | लईयो उत्तरी | लईयो उत्तरी | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 25 | | | 4 | लईयो दक्षिणी | लईयो दक्षिणी | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 26 | | | 5 | बारुघुटु उत्तरी | बजी | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 27 | | | 6 | बारुघुटु दक्षिणी | परेज | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 28 | | | 7 | बारुघुटु मध्य | पंचायत भवन | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 29 | Mandu | Dr. Uday Bhushan Mehta - TVO Kuju - 9835197038 | 1 | तोपा | तोपा | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 30 | | | 2 | ओरला | डाटमा | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 31 | | | 3 | बुमरी | पंचायत भवन | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 32 | | | 4 | कुजु दक्षिणी | पंचायत भवन | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 33 | | | 5 | कुजु पूरबी | पंचायत भवन | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 34 | | | 6 | कुजु पश्चिमी | प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय, कुजु | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 35 | | | 7 | बड़काचुम्बा | पंचायत भवन | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 36 | Mandu | Dr. Manoj Jha - TVO Mandu - 8709572714 | 1 | सांडी | पंचायत भवन | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 37 | | | 2 | डुण्डी | पंचायत भवन | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 38 | | | 3 | करमा उत्तरी | पंचायत भवन | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 39 | | | 4 | करमा दक्षिणी | पंचायत भवन | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 40 | | | 5 | सारुबेड़ा | सारुबेड़ा | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 41 | | | 6 | आरा दक्षिणी | पंचायत भवन | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 42 | | | 7 | सोनडीहा | पंचायत भवन | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 43 | Mandu | Dr. Shailendra Tiwari Baho Mandu 6200743496 | 1 | मांडुचट्टी | गरगाली, गोविन्दपुर | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 44 | | | 2 | पुण्डी | पंचायत भवन | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 45 | | | 3 | मांडुडीह | राधानगर | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 46 | | | 4 | हेसागढ़ा | कालीखाप | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 47 | | | 5 | तापीन | पंचायत भवन | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 48 | | | 6 | पिण्डरा | बसबोनवा | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 49 | | | 7 | बसंतपुर | सिमराटोला | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 50 | Ramgarh | Dr. Shashi sinha Baho Ramgarh Incharge of Dulm | 1 | दोहाकातु | पंचायत भवन | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 51 | | | 2 | बारलोंग | पंचायत भवन | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 52 | | | 3 | कुन्दरु कला | पंचायत भवन | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 53 | Dulmi | | 1 | जमीरा | दुर्गामण्डप | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 54 | | | 2 | उसरा | महावीर मंदिर | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 55 | | | 3 | सोसो | आंगनबाड़ी | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 56 | | | 4 | ईचातु | शिव मंदिर | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 57 | Gola | Dr. Uday Kumar TVO Bargaon 8210937243 | 1 | गोला | नवाबगीचा तथा बरवाटोड़ | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 58 | | | 2 | हुप्पु | कोनके | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 59 | | | 3 | चाड़ी | पंचायत भवन | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 60 | | | 4 | बरियातु | कमता | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 61 | | | 5 | बेतुलकला | पंचायत भवन | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 62 | | | 6 | कोराम्बे | पंचायत भवन | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 63 | | | 7 | कुम्हरदग्गा | पंचायत भवन | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 64 | Gola | Dr. Rajesh Kumar - TVO Gola - 8340252479 | 1 | सोसोकला | हेमन्तपुर पंचायत भवन | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 65 | | | 2 | सरगडीह | डीमरा | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 66 | | | 3 | चौकाद | पंचायत भवन | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 67 | | | 4 | हेसापोड़ा | पंचायत भवन | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 68 | | | 5 | सुतरी | पंचायत भवन | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 69 | | | 6 | बन्दा | मुरमुटा | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 70 | | | 7 | रकुआ | लिपिया | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |
| 71 | Chitarpur | Dr. Leena Kumari - TVO Ramgarh - 8340145318 | 1 | मायल | प्रज्ञा केन्द्र तथा पंचायत भवन | 10.01.2025 And 11.01.2025 | |
| 72 | | | 2 | बोरोबिंग | बजरंग बली मंदिर तथा दुर्गामंदिर के पास | 15.01.2025 And 16.01.2025 | |
| 73 | | | 3 | मारंगमार्चा | दुर्गामंडप के पास तथा बजरंग बली मंदिर के | 17.01.2025 And 18.01.2025 | |
| 74 | | | 4 | भुचुंगडीह | केवट टोला तथा मंदिर के पास | 20.01.2025 And 21.01.2025 | |
| 75 | | | 5 | चितरपुर पुरवी | कुर्मी टोला तथा पटेलनगर पंचायत भवन | 24.01.2025 And 25.01.2025 | |
| 76 | | | 6 | बड़कीपोना | हरि मंदिर के पास तथा मंदिर के पास | 27.01.2025 And 28.01.2025 | |
| 77 | | | 7 | सुकरीगढ़ा | बिजली बाँध तथा विकलांग स्कुल | 29.01.2025 And 30.01.2025 | |

विभागीय राज्यादेश संख्या 15 रा0 (वि0) दिनांक 01.07.2024 के कंडिका 5 (च) पशुओं में फैलने वाले महामारी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र विशेष में भी शिविर का आयोजन कराई जाएगी।

नोट :– विशेष परिस्थिति में शिविर का स्थल एवं तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़

PR 343627 Animal Husbandry (24-25)_D

# मंहगी होती शिक्षा

भारत में गैरसरकारी क्षेत्र में बड़ी संख्या में बेहद महंगे निजी शिक्षा संस्थान तेजी से खड़े हो रहे हैं जो कई गुना फीस ले रहे हैं। वे शिक्षा की एक भिन्न संस्कृति विकसित कर रहे हैं। ज्यादातर सरकारी संस्थान संसाधनों के अभाव और व्यवस्था की खामियों से जूझ रहे हैं। कुलपतियों और अध्यापकों की नियुक्ति न होने से कई विश्वविद्यालयों में शिक्षा का माहौल बिगड़ रहा है। शैक्षिक परिवेश खराब हुआ। बढ़ते सरकारी हस्तक्षेप के कारण भी अनेक संस्थाओं का स्वाभाविक विकास नहीं हो पा रहा है। शोध की गुणवत्ता में ह्रास और शोध प्रकाशनों में धांधली घातक हो रही है। शिक्षा संस्थानों के विकास के लिए स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। उच्च शिक्षा का आम माहौल युवा भारत के लिए चिंताजनक हो रहा है। नई शिक्षा नीति व्यवस्था, प्रक्रिया, विषयवस्तु, सांस्कृतिक परिष्कार तथा शिक्षा के माध्यम आदि को लेकर अनेक प्रस्ताव लेकर जरूर उपस्थित हुई परंतु उसके कार्यान्वयन में अनेक बाधाएं हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा और मातृभाषा में अध्ययन-अध्यापन को बढ़ावा देने के कार्य में कुछ प्रगति हुई है परंतु नीति के आने के चार साल बाद भी बहुत से सैद्धांतिक, व्यावहारिक और नीतिगत प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। इनको यथाशीघ्र सुलझाना होगा। गुणवत्ता, मौलिकता और प्रासंगिकता के अभाव में विश्व पटल पर भारतीय शिक्षा की प्रभावकारी उपस्थिति नहीं हो सकेगी। यदि शिक्षा के गिने-चुने कुछ उज्ज्वल द्वीपों (जैसेआईआईटी, आईआईएम और भारतीय विज्ञान संस्थान) को छोड़ दें तो ज्यादातर संस्थान निराश करने वाले होते जा रहे हैं। उच्च शिक्षा के प्रति सरकार का कामचलाऊ रवैया विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को पाने में बाधक है। उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता का कोई विकल्प नहीं होता है। इसलिए शिक्षा के लिए गम्भीर प्रयास करने ही होंगे।

## कार्टून वर्ल्ड






मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# गुरु गोविंद सिंह जी की स्मृतियों से सजा है पटना साहिब का दरबार

(श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के 35प्रकाश उत्सव पर विशेष आलेख)





- ज्ञानवर्द्धन मिश्र

पादरी की हवेली के नाम से चर्चित प्राचीन गिरिजा घर को भी इसी क्षेत्र में माना जाता है जहां कभी त्याग और सेवा की प्रतिमूर्ति मदर टेरेसा वर्षों तक रहीं थीं ।

**सिखों का तीर्थ पटना**

श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के जन्म स्थान तख्तश्री हरिमंदिर जी के अलावा आध दर्जन ऐसे स्थल हैं जहां गुरू जी अथवा उनके पिता नौवें गुरू श्री गुरू तेग बहादुर जी महाराज का संबंध रहा है ।

**कंगन घाटः-** तख्तश्री हरिमंदिर जी के तीन-चार सौ गज उत्तर की ओर अवस्थित है गुरूद्वारा कंगन घाट । बालक गोविन्द राय अपने दल-बल के साथ जल क्रीड़ा करने यहां गंगा के तट पर आया करते थे । इसी घाट पर मूर्ति पूजा के पुजारी पं0 शिवदत्त शर्मा को श्रीराम के रूप में दर्शन दिया था । बाल्य काल में खेल के दौरान बालक गोविन्द ने अपने एक हाथ का सोने का कड़ा गंगा नदी में फेंक दिया था । घर आने पर माता गुजरी ने पूछा तो उत्तर मिला गंगा नदी में फेंक दिया । घाट पहुंचने पर पूछा गया कैसे फेंका था । बालक गोविन्द ने दूसरे हाथ से कड़ा उतार गंगा नदी फेंकते हुए कहा-ऐसे । जब गोताखोरों ने कंगन की तलाश की तो कंगन ही कंगन मिले । यहां एक छोटा गुरूद्वारा स्थापित है जिसे कंगनघाट गुरूद्वारा कहते हैं । तखतश्री हरिमंदिर में दर्शनार्थ आये यात्री कंगन घाट जाना नहीं ड्डूलते और गंगा नदी की अविरल धारा को निहार अपने को धन्य समझते हैं । यहांन गुरुद्वारा ने भी भव्य रूप ले किया है।

**गुरू का बागः-** तख्तश्री हरिमंदिर जी से तीन किलोमीटर पूरब रेलवे लाइन के किनारे अवस्थित है गुरूद्वारा गुरू का बाग । असम यात्रा से लौटते वक्त गुरू तेग बहादुरजी महाराज यहां डेरा डाले थे । उनके यहां पहुंचते ही सूखा बाग हरा-भरा हो गया । बाग के मालिक नवाब रहीम बक्श और करीम बक्श दोनों भाई अपने दरबारियों केााथ पहुंचे । विशाल हुजूम के बीच गुरूजी ने पूछा बाग आपका है ? नबावों का उत्तर था-बाग गुरू का है । गुरू जी के नाम पर यह बाग दान देते हुए इसकी चहारदीवारी अपने द्वारा कराने का संकल्प किया । उसी वक्त नवाब की पत्नी जिसे कोढ़ था । गुरू जी ने पास के ही एक कुएं में स्नान करने को कहा जिससे उसका कोढ़ दूर हो गया । मान्यता है कि गुरूद्वारा गुरू का बाग में माह सुदी सप्तमी को स्नान करने से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं । अब यहां विशाल भवन में गुरूद्वारा अवस्थित है । सुन्दर बगीचा के बीच सरोवर है ।

**गुरूद्वारा बाललीलाः-** तख्तश्री हरिमंदिर से लगे है गुरूद्वारा बाललीला जिसे पहले मैनी संगत के नाम से जाना जाता था । बालक गाविन्द राय ने यहां अनेक चमत्कार किये थे । यह हवेली पुराने जमींदार राजा फतहचंद मैनी की थी जिसकी कोई संतान नहीं थी । गोविन्द राय अपने साथियों के साथ अक्सर यहां आया करते थे । बालक को देख रानी प्रार्थना में ऐसे ही पुत्र की कामना करती थी । एक दिन बालक गोविन्द उछलते-कूदते रानी की गोद में बैठ गये और मां भूख लगी है कुछ खाने को दो की मांग कर बैठे । मां का उच्चारण सुन भाव विहवल रानी ने घर में चना की घुघनी थी जिसे दिया । प्रेम से पूछ बैठीं एक बेटा दो मां के पास कैसे रह सकता है । बालक गोविन्द ने तपाक से जवाब दिया जैसे एक चांद दो तालाब में । मैनी संगत आज विशाल गुरूद्वारा का रूप ले चुका है और प्रसाद के रूप में चना की घुघनी बंटती है । संत कश्मीरा सिंह भूरिवाल के मार्गदर्शनमें बाबा गुरूवेन्द्र सिंह (कल्ला बाबा) ने दो सौ कमरे का विशाल अतिथिशाला, विशाल लंगर, प्रषाल और भव्य द्वार का निर्माण कराया है ।

**गुरूद्वारा गायघाटः-** तख्त साहेब से 4 किलोमीटर पश्चिम अशोक राज पथ के किनारे अवस्थित है । गुरूद्वारा गायघाट सबसे पहले इस भूमि को प्रथम गुरू श्री गुरूनानक देवजी महाराज ने अपनी पहली यात्रा के समय सन 1506 में आकर पवित्र किया था । भक्त जैतामल जी, गुरूमहाराज के शिष्य बने और इस जगह को संगत का नाम दिया गया जो बाद में बड़ी संगत गायघाट के नाम से विख्यात हुआ । बाद में श्री गुरू तेग बहादुर जी अपनी पूरब यात्रा के दौरान परिवार समेत यहां आकर ठहरे थे । यहां से वे सालिस राम जौहरी की संगत (जहां आज तख्त श्रीहरिमंदिर खड़ा है) गये ।

> सन 1506 में आकर पवित्र किया था । भक्त जैतामल जी, गुरूमहाराज के शिष्य बने और इस जगह को संगत का नाम दिया गया जो बाद में बड़ी संगत गायघाट के नाम से विख्यात हुआ । बाद में श्री गुरू तेग बहादुर जी अपनी पूरब यात्रा के दौरान परिवार समेत यहां आकर ठहरे थे । यहां से वे सालिस राम जौहरी की संगत (जहां आज तख्त श्रीहरिमंदिर खड़ा है) गये ।

गुरूद्वारा हांडी साहबः- तख्त श्रीहरिमंदिर जी से 20 किलीमीटर पश्चिम दानापुर में गंगा नदी के किनारे अवस्थित है गुरूद्वारा हांडी साहेब । यहां एक वृद्ध माई (जिसका नाम जमुना देवी बताया जाता है) के छोटे से घर को पवित्र किया था । गुरूजी के आने की याद में जमुनी ने थोड़ी सी खिचड़ी प्यार से बना रखी थी । लेकिन संगत अधिक होने के कारण घबड़ायी जमुनी ने गुरूजी से लाज रखने की बात कही । गुरू जी ने अपना रूमाल खिचड़ी की हांडी पर रख दी । नतीजा हुआ कि सारी संगत के खा लेने के बावजूद हांडी से खिचड़ी खत्म नहीं हुई । यहां गुरूद्वारा हांडी साहब का भव्य परिसर है और प्रति वर्ष श्री गुरूगोविन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव के बाद फरवरी माह में भव्य आयोजन होता है ।

**तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में दर्शनीय सामग्री**

श्री गुरूग्रंथ साहिब (बड़ा साहिब) भी कहा जाता है जिस पर गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज ने तीर की नोक के केशर के साथ मूल-मंत्र लिखा था । इसके दर्शन गुरूपर्व संगरांद आदि दिनों में कराये जाते हैं ।

छबि साहिब- श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज का युवावस्था ऑयल पेन्ट से तैयार किया हुआ एक चित्र है ।

पंगुड़ा साहिब चार पाव का (छोटा झूला) अभी सोने की प्लटों से मढ़ा हुआ है और जिस पर गुरू जी बचपन में बैठा करते थे ।

छोटी सेफ गुरू जी की छोटी तलवार जो बचपन में पहना करते थे ।

गुरूजी के गुलेले की गोली, जिससे घड़े फोड़ा करते थे ।

गुरू जी बचपन के चार तीर जिससे घड़े तोड़ा किया करते थे ।

गुरू महाराज की लोहे की छोटी चकरी जो अपने केशों में धारण करते थे ।

लोहे का खंडा जो गुरूजी दशतार में सजाया करते थे ।

गुरू जी का छोटा बघनख खंजर जो कमर-कसा में धारण किया करते थे ।

गुरू जी का (चन्दन की लकड़ी का) कंघा जिससे केश साफ किया करते थे ।

गुरू जी लोहे के दो चक्र जो दशतार में सजाया करते थे ।

गुरू जी के लिए हाथी दांत की बनाई खड़ाउॅ ।गुरू तेग बहादुर जी की संदल की लकड़ी के खड़ाउॅ का एक जोड़ा ।

भगत कबीर जी की खड़ी जिससे कपड़ा बुना करते थे ।श्री गुरू तेग बहादुर साहिब, गुरू गोविन्द सिंह माता सुन्दरी जी के हुकुमनामे की एक पुस्तक ।

गुरू जी 300 वर्ष पुराना चोला (चोंगा) । माता गुजरी का कुऑ ।एक इंच साइज में गुरू ग्रन्थ साहिब की छोटी बीड़ (गुरू ग्रन्थ) साहिब।

निशान साहिब, 80 फीट लम्बी शॉल की लकड़ी जो महाराजा नेपाल ने दी थी, जो अभी खत्म हो चुकी है।

**(समाप्त)**

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**एक** ही ब्रह्म सर्वत्र सभी रूपों में विस्तृत है और हम उस विश्वव्यापी विराट अनन्त सत्ता का अभिन्न विस्तार हैं । इस दृष्टि से हम परम-सत्ता से नित्य एकीकृत हैं। अतः विवेक विचार द्वारा अपनी नित्य आत्मसत्ता का बोध हमारी प्राथमिकता बने।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी ,जूना अखाड़ा**

**लाखों** मंईयां के बैंक खाते में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ?2500 की सम्मान राशि का हस्तांतरण ।

2,500 प्रति माह, साल के 30000,56 लाख 61 हजार 791 माता-बहनों के बैंक खाता में 1415.44 करोड़ का हस्तांतरण।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# कॉपी पेस्ट की जकड़न में आज की जेनरेशन

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## शिक्षा

**आज** की जेनरेशन शार्टकट और कॉपी पेस्ट से आगे नहीं निकल पा रही है। इंटरनेट, मोबाइल, कम्प्यूटर और सोशियल मीडिया ने नई जेनरेशन को सीमित दायरे में कैद करके रख दिया है। नई पीढ़ी में से अधिकांश युवा कुछ नया करने, नया सोचने, नई दिशा खोजने के स्थान पर गूगल गुरु या इसी तरह के खोजी ऐप के सहारे आगे बढ़ने लगे हैं। तकनीक का विकास इस तरह से सोच और समझ को सीमित दायरे में लाने का काम करेगा, यह तो सोचा ही नहीं था। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस तो इससे भी एक कदम आगे है। इसमें कोई दोराय नहीं कि तकनीक सहायक की भूमिका में हो तो वह आगे बढ़ने में सहायक हो सकती है पर तकनीक का जिस तरह से उपयोग होने लगा है वह ज्ञान और समझ को भोथरा करने में ही सहायक सिद्ध हो रहा है।

यही कारण है कि आज की पीढ़ी से कोई भी सवाल करो तो वह उसका उत्तर गूगल गुरु या इसी तरह के प्लेटफार्म पर तलाशती है। हालांकि सूचनाओं का संजाल जिस तरह से इंटरनेट पर उपलब्ध है निश्चित रूप से वह आगे बढ़ाने में सहायक है पर आज की पीढ़ी उसी तक सीमित रहने में विश्वास करने लगी है। जिस तरह से एक समय परीक्षाएं पास करने के लिए वन डे सीरीज और मॉडल पेपर का दौर चला था ठीक उसी तरह से किसी भी समस्या का हल, किसी भी जानकारी को प्राप्त करने के लिए इंटरनेट को खंगालना आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में एक नहीं अनेक लिंक मिल जाते हैं और कई बार तो समस्या यहां तक हो जाती है कि इसमें कौन सा लिंक अधिक सटीक है, यह समझना मुश्किल हो जाता है। दरअसल इस तरह की जानकारी से तर्क क्षमता के विकास या विश्लेषक की भूमिका नगण्य हो जाती है। युवा समझने लगता है कि नेट पर इतनी जानकारी है तो फिर किताबों के पन्ने पलटने से क्या लाभ? इसका एक दुष्परिणाम किताबों से दूरी को लेकर साफ-साफ देखा जा सकता है ।सालाना माड्यूलर सर्वेक्षण-2024 में



यह सामने आया है कि युवा पीढ़ी डेटा, सूचना, दस्तावेजों आदि के लिए इंटरनेट की शरण में चले जाते हैं और वहां पर जो मिलता है उसी को कॉपी पेस्ट कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। इस सर्वेक्षण के अनुसार देश में उत्तराखंड के युवा सबसे आगे हैं और उत्तराखंड के करीब 66 फीसदी युवा कॉपी पेस्ट के सहारे काम चला रहे हैं। बिहार दूसरे क्रम पर हैं। यहां के 60 प्रतिशत युवा कट पेस्ट के सहारे ही काम चला रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 56 फीसदी युवा कट पेस्ट का सहारा ले रहे हैं। यह समझने की जरूरत है कि बौद्धिक विकास या तार्किकता की पहली शर्त अध्ययन होती है।

सबसे बड़ी समस्या यही है कि आज का युवा पढ़ने-पढ़ाने से दूर होता जा रहा है। उससे लिए गूगल गुरु ही पूजनीय है। ऐसे में युवाओं के समग्र बौद्धिक विकास की बात करना बेमानी है। सोशल मीडिया में भी शार्टकट मैसेज का चलन इस कदर बढ़ गया है कि कई बार तो शार्टकट मैसेज को डिकोड करने में ही पसीने आ जाते हैं। इस समय सोशल मीडिया पर डब्ल्यूटीएफ का चलन जोरों से पर है। डब्ल्यूटीएफ का सीधा अर्थ है क्या मजाक है। इसका प्रयोग चीन से आ रही डरावनी बीमारी की खबरों में किया जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को गंभीर और चिंतनशील बनाना है तो उसे कट पेस्ट के दुनिया से बाहर लाना होगा। कट पेस्ट से नहीं अध्ययन-मनन से व्यक्तित्व निखरता है। (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# नये साल में फिल्मी मेला, हिट के लिए होगा खेला

## सिनेमा

**2025 : फिल्मों में हॉरर-कॉमेडी और एक्शन जॉनर टिके रहने के आसार!**

अभिनेता रजनीकांत

सिनेमा के लिए नए साल से ढेरों उम्मीदें बंधी होती हैं। यह नया साल भी उम्मीदों का पिटारा लेकर आया, जिसमें कई फिल्में हैं जो कलाकारों, निर्देशकों के साथ कई लोगों के सपने पूरा करेंगी। बीते साल हॉरर-कॉमेडी जॉनर ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और बॉक्स ऑफिस पर सफल रहा। लेकिन, सलमान खान सिकंदर से फिर अपने रंग में हैं। जबकि शाहरुख व रणबीर कपूर की इस साल कोई फिल्म नहीं दिखाई देगी।

नया साल वैसे तो तारीखों का सिलसिला होता है, लेकिन हरेक पेशे में इसका महत्व अलग होता है। सिनेमा में भी नया साल कुछ अलग अंदाज रखता है। यह साल हिंदी फिल्मों के नजरिए से बहुत महत्वपूर्ण समझा जा सकता है। इनसे न सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री की दिशा तय होगी, बल्कि साल भर में आने वाली फिल्मों से यह भी देखने को मिलेगा कि क्या साउथ की फिल्मों का हिंदी फिल्मों पर दबदबा कायम रहेगा या नए चेहरे और नए ट्रेंड का जादू चलेगा। यह भी तय होने वाला है, कि हिंदी फिल्मों में कौन कैसा रंग जमाएगा। खास बात यह कि इसकी झलक जनवरी से ही मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके बाद जनवरी से दिसंबर तक रिलीज होने वाली फिल्मों पर हिंदी सिनेमा की आस टिकी है। क्योंकि, हर साल नए ट्रेंड की फिल्में दर्शकों को आकर्षित करती है। साल 2023 में शाहरुख खान की पठान और ह्यजवानह्ल के अलावा सनी देओल की गदर-2 जैसी एक्शन फिल्मों ने धूम मचाई थी। 2024 में दर्शकों की पसंद बदली और हॉरर-कॉमेडी वाली फिल्मों ने माहौल बनाया। स्त्री-2, भूल भुलैया-3 और ह्यमुंज्याह्ल ने दर्शकों का मनोरंजन किया। अब नए साल में नजारा क्या होगा, फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन, लगता नहीं कि हॉरर-कॉमेडी और एक्शन साल 2025 में जाएगा।

**शुरूआती महीने में ही दर्जनभर फिल्मों की सौगात**

नए साल के पहले महीने जनवरी में जो बड़ी फिल्में आने वाली है उनमें सोनू सूद की एक्शन फिल्म ह्यफतेह, साउथ स्टार राम चरण की गेम चेंजर, कंगना रनौत की इमरजेंसी और अक्षय कुमार की स्काई फोर्स का नाम है। इनके लिए दर्शकों में क्रेज है। इस महीने सिनेमाघरों में 12 फिल्में रिलीज होंगी। इनमें हिंदी से लेकर साउथ तक की फिल्में हैं। कुछ फिल्में एक-दूसरे के साथ बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगी। हिंदी की इमरजेंसी और आजाद ऐसी ही फिल्में हैं, जो 17 जनवरी को आमने-सामने होंगी। वहीं तीसरी हिंदी फिल्म फतेह 10 जनवरी को रिलीज होगी। तमिल की रिंग-रिंग 3 जनवरी को रिलीज हो चुकी है। तमिल की ही विदामुयार्ची 9 जनवरी को आएगी, तेलुगु की गेम चेंजर की रिलीज 10 जनवरी को है। मलयालम की रचेल भी 10 जनवरी को आयेगी। 12 जनवरी को तेलुगु की डाकू महाराज रिलीज होगी। 14 जनवरी को तेलुगु फिल्म संक्रांतिकी वस्तुन्नम परदे पर दिखेगी। कंगना रनौत की हिंदी फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को आएगी। अजय देवगन की आजाद भी इसी दिन आ रही है। कन्नड़ की रुद्र गरुणा पूर्णा 24 जनवरी से दर्शक देख सकेंगे। अक्षय कुमार की स्काई फोर्स 24 जनवरी को आएगी। मलयालम फिल्म थुडारम की रिलीज डेट 30 जनवरी है।

**इन फिल्मों पर सालभर रहेंगी नजरें**

इस साल रवीना टंडन की बेटी राशा और अजय देवगन के भांजे अमन आजाद के जरिए बड़े परदे पर उतरने जा रहे हैं। अमन ने एक्शन फिल्म से शुरूआत करना तय किया। प्रदीप रंगनाथन की तमिल फिल्म लव टुडे की रीमेक लवयापा से आमिर खान के बेटे जुनैद दर्शकों के सामने आ रहे हैं। इस फिल्म से बोनी कपूर की बेटी खुशी बड़े परदे पर डेब्यू कर रही है। साल की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित सलमान खान की फिल्म सिकंदर ईद पर आएगी। एआर मुरुगदास की इस फिल्म में सलमान का एक्शन दिखेगा। इसमें रश्मिका मंदाना भी लीड रोल में है। सनी देओल की अगली फिल्म जाट है, रेजिना कसांड्रा और सैयामी खेर हीरोइन हैं और रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह व उपेंद्र लिमये भी फिल्म में हैं। अजय देवगन की आने वाली दूसरी फिल्म रेड 2 होगी। छापेमारी पर पहले आई फिल्म का ही दूसरा भाग है जिसमें वाणी कपूर, रितेश देशमुख और रजत कपूर भी हैं कुछ सालों से अक्षय कुमार के सितारे गर्दिश में हैं। इस साल उनकी पहली फिल्म जून में हाउसफुल-5 रिलीज होगी। इसमें कलाकारों की भीड़ है- जैकलीन फर्नांडिस, रितेश देशमुख, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, नरगिस फाखरी, नाना पाटेकर, डीनो मोरिया और फरदीन खान। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म परम सुंदरी भी आएगी। वॉर के बाद ऋतिक रोशन के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर वॉर 2 में नजर आएंगे। टाइगर श्रॉफ को मौका बागी-4 से मिलेगा। इस फिल्म से पूर्व विश्व सुंदरी हरनाज संधू हिंदी फिल्मों में डेब्यू कर रही हैं। अभिनेता वरुण धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है तो उनके अपने पिता डेविड धवन निर्देशित है। इस फिल्म की हीरोइन पूजा हेगड़े है। इस साल अजय देवगन की तीसरी फिल्म दे दे प्यार दे 2 आएगी जिसमें वे रकुल प्रीत सिंह संग अलग अंदाज की प्रेम कहानी में दिखेंगे। उनके साथ आर माधवन और अनिल कपूर भी होंगे। क्रिसमस पर यशराज स्पाई यूनिवर्स की अल्फा पहली महिला प्रधान फिल्म है, जिसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ हैं। शिव रवैल इससे बड़े परदे पर शुरूआत करेंगे।

**क्या होगा जॉनर का ट्रेंड**

बीते साल हॉरर कॉमेडी फिल्में स्त्री-2, भूलभुलैया-3 और मुंज्या की सफलता के बाद हॉरर कॉमेडी फिल्मों का ट्रेंड फिल्मों में आता दिखाई दिया। इस साल भी इस जॉनर की दो बड़ी फिल्में आएंगी। ये हैं आयुष्मान खुराना की थामा और प्रभास की राजा साब। इसके अलावा इस साल धड़क-2, सितारे जमीन पर, जॉली एलएलबी-3, हाउसफुल-5, वेलकम टु जंगल, वॉर-2, रेड और बागी-4 समेत कई सीक्वल फिल्में परदे पर दिखाई देने वाली है।

# प्रधान जिला जज ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया उद्घाटन

- कहा- समाज के अंतिम व्यक्ति को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में झुमरीतिलैया स्थित वृद्धाश्रम में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (अटल क्लिनिक) का उद्घाटन कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। वहीं उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग व्यक्तियों की हर सुख सुविधा का ध्यान रखना यहां की संचालक की नैतिक जिम्मेवारी है, जिसके दायित्व का निर्वहन की जिम्मेदारी हम सबों की है। हमें वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो के नियमित स्वास्थ्य जांच एवं उन्हें मुहैया कराये जाने वाली हर सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहिए। वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो के बीच एक समारोह आयोजित कर कम्बल का वितरण किया गया। इन दिनों बढ़ रहे ठंड के कारण इन बुजुर्गो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस पर कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल इन्हें कम्बल उपलब्ध कराया, ताकि बढ़ रही कड़ाके की ठंड से इनका बचाव किया जा सके। वहीं उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो का हाल चाल जाना एवं वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित रूप से उनके स्वास्थ्य जांच करने एवं उन्हें हर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं वृद्धाश्रम के संचालक को वहां रह रहे बुजुर्गो के लिए आवश्यक हर सुख सुविधा एवं जरुरत की सामग्री को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं जिला स्वास्थ्य समिति के चिकित्सक एवं सदर अस्पताल के एसीएमओ सह डीएस डॉ.रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार एवं डॉ. कुलदीप कुमार ने संयुक्त रूप से पुष्प गुच्छ देकर प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार हर कदम पर आप सबों को हर संभव सहायता करने को तैयार है। मौके पर डॉ. मेघा साहा, विनीत अग्निहोत्री, बीटीटी, रणजीत कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हेमंत सरकार से सीख ले मोदी सरकार : रविंद्र शांडिल्य



**कोडरमा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सह झारखंड आंदोलनकारी रविंद्र शांडिल्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड राज्य की महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हेमंत सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पूर्व नियोजित वचनबद्धता के अनुसार झारखंड की महिलाओं के खाते में 2500 का भुगतान सुनिश्चित हो गया है। श्री शांडिल्य ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए वादे सभी पूरे किए जा रहे हैं। वहीं केंद्र में बनी मोदी सरकार अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है। झारखंड सरकार की कोयले की रॉयल्टी का 136000 करोड़ रुपए अब तक भुगतान नहीं कर पाई है, जिससे झारखंड की जनता में काफी आक्रोश व असंतोष व्याप्त है। उक्त राशि की मांग को लेकर जल्द ही जन-आंदोलन छेडा जाएगा, जिसका खमियाजा केंद्र सरकार को भुगतना पड़ेगा।

### ग्रिजली विद्यालय में कैरियर कांऊसलिंग का आयोजन



**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के सभागार में कैरियर कांऊसलिंग का आयोजन किया गया। वहीं वर्ग एकादश के विज्ञान संकाय के छात्रों को संबोधित करते हुए वक्ता ऋषि राज जो ग्रिजली विद्यालय के छात्र रह चुके हैं और वर्तमान में पीएमसीएच धनबाद से एमबीबीएस कर रहे हैं उन्होंने छात्रों को विभिन्न मेडिकल महाविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा एवं पाठ्यक्रम से छात्रों को परिचित कराया। उन्होनें नीट की परीक्षा, समय प्रबंधन, मेंटल हेल्थ, स्ट्रेष मैनेजमेंट जैस गम्भीर विषयों पर छात्रों से बात करते हुए कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती, किन्तु एक दिन जरूर मिलती है। वहीं विद्यालय के छात्र स्मृति, गरिमा, प्राची, शौर्य तरवे, रिसीका द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। वहीं सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने आयोजन की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्टूडेंट सर्विस सेल के प्रभारी सुधांशु कुमार, आलोक कुमार, मनीषा चन्द्रा, संजीव कुमार जायसवाल, ब्वाईज वाईस कैप्टन सार्थक सिन्हा, गर्ल्स वाईस कैप्टन शीतल कुमारी की भूमिका सराहनीय रही।

### पूर्व नप उपाध्यक्ष ने किया कंबल का वितरण

**कोडरमा।** नगर पंचायत के पूर्व नगर उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह 'राजू भैया' ने ठंड के प्रकोप को देखते हुए बुजुर्गों और माताओं के बीच कंबल वितरित किए। हर वर्ष की भांति इस बार भी उन्होंने जरूरतमंदों की मदद के लिए समाज सेवा का कार्य किया। कंबल वितरण करने के दौरान राजेश कुमार सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में टोपी, स्वेटर और मफलर भी बांटते हैं। उनके इस मानवीय कार्य की स्थानीय निवासियों ने प्रशंसा की।

### वन विभाग ने पारस पत्थर लदे वाहन को किया जब्त

डोमचांच (कोडरमा)। वन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच के नेतृत्व में गश्ती के दौरान बीती रात कुशहना जंगल के समीप सपही के तरफ से आ रहे एक टाटा मैजिक वैन जेएच12पी-9642 से अवैध रूप से पारस पत्थर 25 बोरा जब्त किया गया। जिसे बोरा में भरकर ले जाया जा रहा था। इस तस्करी में चालक सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार युवक की पहचान सोनू कुमार पिता नुनू शाही सहाना रोड कोडरमा व विक्रांत कुमार पिता बसंत सिंह बाघमारा धनबाद निवासी के रूप में हुई है। जब्त पत्थर व वाहन को भारतीय वन अधिनियम 1927 बिहार संशोधन वन अधिनियम 1989 की धारा 52 के तहत जमा किया गया तथा धारा 64 के तहत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी अभियान में वन क्षेत्र पदाधिकारी रविन्द्र सिंह, वनपाल ललन किशोर, इस्लाम अंसारी, अभिमन्यु कुमार, सुनील कुमार दास, पिंटू पंडित आदि शामिल थे।

### गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा में सिखों के दसवें गुरु गुरुगोबिंद सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सिखों के दसवें गुरु गुरुगोबिंद सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान मंगलवार को सजाया गया। गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा के प्रधान बलबीर सिंह भाटिया ने बताया कि आज विशेष दीवान का आयोजन किया गया है। इसमें अपने स्थानीय जत्थे, बच्चों और पटना साहिब से आए रागी विक्रम सिंह ने अपने शब्द कीर्तन के साथ संगत को निहाल किया। उसके बाद ज्ञानी कुलदीप सिंह ने अपने शब्द-कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस मौके पर सवा लाख से एक लड़ाऊ तबै गुरुगोबिंद सिंह नाम कहाऊ से गूंजा गुरुद्वारा परिसर। वहीं गुरुद्वारे में रंग-बिरंगी लाइटों से सजावट की गई है। पूरा परिसर गुरबाणी की ध्वनि से गूंज उठा और संगतों ने गुरु महाराज के प्रकाश पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर का आयोजन किया गया। मौके पर गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार बलबीर सिंह भाटिया, कोषाध्यक्ष हरीश होरा, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान हरजीत सलुजा, सचिव गुरभेज सिंह शम्मी, हरपाल सिंह बग्गा, दर्शन सिंह भाटिया, राजीव मुटनेजा, राजीव कालरा, कुलबीर सिंह कालरा, संजीव कालरा, प्रीतपाल सिंह जग्गी, धर्मपाल सिंह, गुरजीत सिंह भाटिया, रम्मी भाटिया, जानू भाटिया, सन्नी भाटिया, शैंकी भाटिया, यशदीप भाटिया, अक्षत सिंह छाबड़ा, राजू अजमानी, गोल्डी भाटिया, यशपाल सिंह गोल्डन, रिंकू छाबड़ा, मनोज छाबड़ा, प्रिंस छाबड़ा, हेप्पी अजमानी, रिन्कु चावला, लवली चावला, प्रतीक छाबड़ा, राकेश जयसवाल, प्रकाश तुलस्यान समेत सैकड़ों श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

### विधायक डॉ. नीरा यादव ने विद्यालय के बच्चों के बीच किया स्टेशनरी किट का वितरण




**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सलईडीह स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में उपस्थित बच्चों के बीच विधायक डॉ.नीरा यादव ने स्टेशनरी किट का वितरण किया। वहीं फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड द्वारा विद्यालय में सामाजिक कार्यक्रम के तहत स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.नीरा यादव एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक सुकमति टुडू, कंपनी के अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण, शिक्षक मौजूद रहे। वहीं कम्पनी के अधिकारियों ने बुके एवं मोमेंटो देकर विधायक को सम्मानित किया। वहीं विधायक ने कहा इस कम्पनी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में सहयोग करना सराहनीय कदम है। ज्ञात हो कि फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत एक गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था है। फ्यूजन समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित वर्गों से संबंधित महिला उद्यमियों को ऋण प्रदान करता आ रहा है। मौके पर हेमंत कुमार, नवीन सिंह, उमेश कुमार, राजेश गुलशन, संजीव यादव, महेश यादव, राजकुमार यादव, चंदन सिंह, कन्हाई यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### नेहरू युवा केंद्र का जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**कोडरमा।** नेहरू युवा केंद्र के द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय बाघीटांड़ स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के एपीए नेयर प्रवेज ने फुटबॉल को किक मारकर किया। इस कार्यक्रम में जिले के तीन प्रखंड मरकच्चो, जयनगर एवं डोमचांच के युवा क्लब के खिलाडियों ने फुटबॉल, कबड्डी, दौड़, रस्सी कूद एवं लम्बी कूद में भाग लिया। प्रतियोगिता रेफरी रामु कुमार एवं उनके अन्य सहयोगी ने अहम योगदान दिया। प्रतियोगिता में प्रथम डोमचांच एवं द्वितीय मरकच्चो की युवतियों की टीम रही। रस्सी कूद में प्रथम रौशनी कुमारी, द्वितीय सुनैना कुमारी एवं तृतीय सुमित्रा कुमारी रही। वहीं दो सौ मीटर के दौड़ में प्रथम शिवानी कुमारी, द्वितीय चांदनी कुमारी एवं तृतीय सरस्वती कुमारी रही। लड़कों के बीच फुटबॉल मैच, चार सौ मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद का आयोजन किया गया। जिसमें जयनगर प्रथम एवं मरकच्चो द्वितीय तथा चार सौ मीटर दौड़ में प्रथम पप्पू कुमार, द्वितीय सरोज कुमार और तृतीय स्थान सुधीर कुमार ने प्राप्त किया, लम्बी कूद में प्रथम पप्पू कुमार, द्वितीय प्रदीप कुमार एवं तृतीय संजीत कुमार रहे। मंच का संचालन डोमचांच के आकाश कुमार ने किया। वहीं कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा सन्नी राणा, पूर्व एनवाईवी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सदानंद रजक, सोनू कुमार, रामु कुमार, सूरज कुमार, अजय कुमार मिश्र, आकाश कुमार मेहता एवं जीतेन्द्र यादव की अहम भूमिका रही।

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वहीं जागरूकता रथ के मायय से आमजनों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी जाएगी, जिससे वाहन चालकों की लापरवाही से सड़क पर होने वाले हादसों को कम किया जा सके। वहीं उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी लोगों को यातायात नियमों के पालन करने की आवश्यकता है। इस अभियान के माध्यम से आमजनों को यातायात नियमों के पालन की महत्ता समझाई जाएगी और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जाएगा। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूमेगा और स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करेगा। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का उपयोग, चार पहिया या भारी वाहन चालकों के बीच सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाने पर बल दिया जाएगा।

### डीडीसी ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति दिलायी शपथ

उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा सभी पदाधिकारी और कर्मियों को सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखने, यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाने, कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करने, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने और सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाया गया।

मौके पर एसी पूनम कुजुर, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पुर्णेंदु, डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## कोहरे का असर : राजधानी समेत कई ट्रेनों की रफ्तार हुई धीमी, यात्री परेशान



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा में कोहरे के असर से जहां एक तरफ आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं रेल परिचालन पर भी इसका असर दिख रहा है। परिचालन प्रभावित होने से यात्रियों को कड़ाके की ठंड में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोडरमा होकर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों की तरफ जाने वाली अप और डाउन लाइन की लगभग आधे दर्जन ट्रेन 8 से 10 घंटे विल्म से चल रही है।

**बेटी को हॉस्टल पहुंचाने जा रहे माता-पिता को भी परेशानी :** यात्री सत्यम कुमार ने बताया कि वह बोकारो जाने के लिए जनशताब्दी ट्रेन पकड़ने स्टेशन से करीब 70 किलोमीटर दूर सतगावां से 3 घंटे का सफर तय कर स्टेशन पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्हें पता चला कि ट्रेन करीब 5:30 घंटे विलंब है। पटना से खुलकर सुबह 9:15 पर कोडरमा पहुंचने वाली रांची जनशताब्दी कोडरमा दोपहर 2:46 बजे पहुंचेगी। महिला यात्री अर्चना शुक्ला ने बताया कि उन्हें जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस से कोलकाता जाना है। कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर जानकारी मिली कि ट्रेन करीब 3:30 घंटे विलंब से चल रही है। उन्होंने बताया कि वह बेटी को हॉस्टल पहुंचाने जा रही थी। अब देर से ट्रेन पहुंचने पर उन्हें अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**कोहरे के कारण कोडरमा होकर चलने वाली यह ट्रेन चल रही है विलंब :** कोडरमा रेलवे स्टेशन के पूछताछ संचालक कुलदीप कुमार ने बताया कि वैसे तो कोहरे की वजह से कई ट्रेनें लेट हैं, पर जो मुख्य ट्रेनें लेट हैं, उनमें 12365 पटना-रांची जन सताब्दी एक्सप्रेस (5:30 घंटे विलंब), 22812 नई दिल्ली-भुनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस (10 घंटे विलंब), 12382 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (1 घंटे विलंब), 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस (8 घंटे विलंब), 12321 हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस (4 घंटे विलंब) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चूंकि कोहरा बढ़ता ही जा रहा है, ऐसे में कई अन्य ट्रेन के भी विलंब होने की संभावना है।

## चतरा में ठंड का कहर: कोहरे की चादर से ढका जिला

- 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान
- स्कूली बच्चों पर ठंड का असर, स्कूल बंद करने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भीषण ठंड और घने कोहरे ने चतरा जिले को अपनी चपेट में ले लिया है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जो अब 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। शीतलहर के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं, वहीं वाहनों का परिचालन और बाजार की रौनक भी प्रभावित हुई है। ठंड और कोहरे का सबसे ज्यादा प्रभाव स्कूली बच्चों पर देखा जा रहा है। सुबह के वक्त ठिठुरते बच्चे स्कूल जाने को मजबूर हैं। अधिकांश निजी स्कूल सुबह की पाली में चलते हैं, जिससे बच्चों की सेहत पर खतरा मंडरा रहा है। अभिभावकों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से स्कूल बंद करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बच्चों को ठंड के कारण कोई नुकसान होता है, तो इसके लिए विद्यालय प्रबंधन जिम्मेदार होगा। ठंड ने गरीब, मजदूर और रिक्शा चालकों की रोजी-रोटी पर भी असर डाला है। रोजगार न मिलने के कारण उनके परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नगर परिषद की ओर से जरूरतमंदों को कंबल बांटने और चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है, लेकिन ये प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में ठंड से बचाव के लिए अलाव और कंबल वितरण की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। प्रशासन की उदासीनता से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीण निजी स्तर पर अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

**डीसी के निर्देश और प्रशासन की तैयारियां :** उपायुक्त रमेश घोलप ने प्रखंड स्तर के अधिकारियों को ठंड से बचाव के लिए व्यापक इंतजाम करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मुस्तैद है और जरूरतमंदों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। डीसी खुद रात में सड़कों पर निकलकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

**लोगों से सतर्क रहने की अपील :** जिला प्रशासन ने ठंड से बचाव के लिए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। कहा गया है कि ठंड के प्रति लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। प्रशासन ने जरूरतमंदों की हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

## एक नजर में

### झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विधायक ने दी बधाई



**चतरा।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा चतरा के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस चुनाव में रवींद्र कुमार यादव को अध्यक्ष, दुखी राम महतो को सचिव और रवींद्रनाथ ठाकुर कोषाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर शमी अंसारी और संयुक्त सचिव के रूप में रवि रंजन कुमार का चयन हुआ। विधायक जनार्दन पासवान ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके कार्यकाल के दौरान संगठन को और मजबूत बनाने की शुभकामनाएं दीं। सचिव दुखी राम महतो ने अपने कार्यकाल में बेहतर प्रदर्शन किया है और 2006 से 2016 तक धनबाद पुलिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रहे हैं। इसके बाद उन्होंने 2017 से 2022 तक चतरा जिला पुलिस एसोसिएशन के सचिव पद पर भी कार्य किया। अब एक बार फिर उन्होंने अपने अनुभव का लाभ उठाते हुए सचिव पद पर विजय प्राप्त की। चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। चुनाव की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस एसोसिएशन शाखा लातेहार के पदाधिकारी राज कुमार लकड़ा और धर्मेन्द्र कुमार सिंह थे।

### वाहन मालिकों का आर्थिक दोहन करने का आरोप

**चतरा।** हजारीबाग आरटीओ कार्यालय से जुड़े एक कर्मी पर टंडवा में वाहन मालिकों का आर्थिक दोहन करने के गंभीर आरोप लगे हैं। वाहन मालिकों का दावा है कि खुद को आरटीओ कार्यालय का कंप्यूटर ऑपरेटर बताने वाला आर. सोनी, प्रत्येक वाहन मालिक से 15-15 हजार रुपये की अवैध मांग कर रहा है।पीड़ित वाहन मालिकों ने आरोप लगाया है कि जो लोग 15 हजार रुपये नहीं देते हैं, उनके खिलाफ 60 हजार रुपये तक का चालान काट दिया जाता है। वहीं, जिन्होंने मांगी गई राशि दी है, उनके चालान में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। मामले में यह भी सामने आया है कि वाहन मालिकों से ली जा रही अवैध रकम को एक व्यक्ति लालदेव के खाते में जमा किया जा रहा है। कई वाहन मालिकों ने इस अवैध वसूली के सबूत भी प्रस्तुत किए हैं, जिससे यह साफ होता है कि आर. सोनी इस घोटाले में सीधे तौर पर शामिल है। इस घटना के खुलासे के बाद वाहन मालिकों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है और दोषी कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। इस पूरे प्रकरण ने प्रशासन की कार्यशैली और आरटीओ कार्यालय की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इन आरोपों पर क्या कदम उठाता है और पीड़ितों को न्याय कैसे दिलाता है।

### सीसीएल में नौकरी के नाम पर चल रहा टंडवा में बड़ा फर्जीवाड़ा

चतरा। टंडवा क्षेत्र में सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) में नौकरी दिलाने के नाम पर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दर्जनों लोगों को नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये ठग लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, एक संगठित गैंग द्वारा नौकरी दिलाने के बदले प्रति व्यक्ति पांच लाख रुपये अग्रिम वसूले गए। इसके अलावा, नौकरी लगने के बाद 20 लाख रुपये की कुल रकम की मांग की गई थी। पीड़ितों को फर्जी नियुक्ति पत्र देकर उन्हें सीसीएल में नौकरी मिलने का झूठा भरोसा दिलाया गया। जब पीड़ितों ने असली दस्तावेजों की जांच करवाई, तो यह मामला सामने आया कि नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी हैं। मामले में सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि नौकरी वाले लिस्ट में जिनका नाम है, वे इस फजीर्वाड़े पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। यह स्थिति सवाल खड़े कर रही है कि कहीं वे भी इस साजिश का हिस्सा तो नहीं। जिन लोगों का नाम फर्जी लिस्ट में पाया गया है, वे टंडवा, गाड़ीलौंग, कामता, मसिलोंग और हुम्बी क्षेत्रों से हैं। इस खुलासे के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से इस मामले की गहन जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि दोषी गैंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की धोखाधड़ी को रोका जा सके।

### गिद्धौर अंचल कार्यालय में 7 नवनियुक्त चौकीदारों ने दिया योगदान

**गिद्धौर।** मंगलवार को गिद्धौर अंचल कार्यालय में 7 नवनियुक्त चौकीदारों ने अपना योगदान दिया। अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा की उपस्थिति में इन चौकीदारों ने योगदान किया। नवनियुक्त चौकीदारों में ललिता कुमारी, सबाना खातून, पूजा कुमारी, इंदु कुमारी, श्रीकांत तिवारी, चंदन कुमार और मोहम्मद अरमान अंसारी शामिल हैं। योगदान के बाद सभी चौकीदारों ने अपने कार्य को ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।

### उत्क्रमित मवि गांगपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**गिद्धौर।** गांगपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मंगलवार से विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर और नवसृजित प्राथमिक विद्यालय नयाटोला रमनाबांध के अध्यक्ष, सदस्य और शिक्षक शामिल हुए। सीआरपी प्रेमचंद कुमार साव ने प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय संचालन और प्रबंधन समिति के कार्यों से जुड़े पहलुओं पर जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद मुस्ताक आलम, पंकज कुमार, पूनम कुमारी, धर्मेंद्र कुमार दांगी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### गिद्धौर में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज ने दिया धरना



**गिद्धौर।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के लोगों ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया और बीडीओ राहुल देव को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज ने सात प्रमुख मांगें उठाई, जिनमें संस्कृत भाषा को अनिवार्य रूप से लागू करने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव लंबोदर पांडेय, श्रीकांत पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, मुनि पांडेय, बैजनाथ पांडेय, सत्यदेव पांडेय, सुधीर पांडेय, पंकज कुमार पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, संदीप पांडेय, नीतीश कुमार पांडेय, प्रियांशु कुमार पांडेय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास पांडेय, विजय पांडेय, रोहित पांडेय, प्रदीप पांडेय, प्रमोद पांडेय, धीरज पांडेय, बबलू पांडेय, श्री राम प्रताप पांडेय और दिगंबर पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### टंडवा में ब्राह्मण समाज ने किया धरना-प्रदर्शन



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा के ब्राह्मण समाज ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने सभी विद्यालयों में सांस्कृतिक पढ़ाई की मांग की। धरना के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव को एक पत्र सौंपा गया, जिसमें कहा गया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी की तरह संस्कृत की पढ़ाई भी हो।समाज ने बताया कि पहले सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में संस्कृत पढ़ाई जाती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इसे बंद कर दिया गया है। समाज ने इस विषय को फिर से शुरू करने की मांग की और कहा कि वे 13 जनवरी को जिला स्तर पर डीसी को भी ज्ञापन सौंपेंगे।धरने में विकास पांडेय, गोपाल दत्त शर्मा, विनय पांडेय, नरेश पांडेय, मोहन पांडेय, रामनिवास पांडेय, राजेंद्र पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, मदन पांडेय, दिलीप पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### इटखोरी में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज ने सात सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**इटखोरी (चतरा)।** दिन मंगलवार को इटखोरी प्रखंड मुख्यालय में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के बैनर तले सात सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व प्रखंड सचिव विवेक पांडे ने किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द इन पर कार्रवाई की मांग की। सात सूत्री मांगों में सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में संस्कृत पठन-पाठन की व्यवस्था करने, संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र करने, चतरा जिले में कर्मकांड विप्र भवन के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराने, परशुराम जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित करने, विद्यालयों में गीता पाठ और भारतीय संस्कृति की शिक्षा अनिवार्य करने, झारखंड और देशभर में संस्कृत शिक्षा को अनिवार्य करने, झारखंड में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना करने आदि शामिल हैं। प्रदर्शन में कृषदेव पांडे, विनोद शर्मा, मनोज पांडे, पंकज पांडे, नितेश पांडे, कामदेव पांडे, संतान पांडे, प्रमोद पांडे, मिथिलेश पांडे, पिंटू पांडे, सुरेंद्र पांडे, देवेंद्र पांडे, सुरेश पांडे, प्रवीण पांडे, कामेश्वर तिवारी, राजदीप पांडे, राजेश शर्मा, सूरज शर्मा, रविकांत शर्मा और रामाशीष शर्मा मौजूद थे।

### कुंदाः ढाई एकड़ वन भूमि में अफीम की खेती नष्ट



कुंदा (चतरा)। वन विभाग और कुंदा थाना की संयुक्त टीम ने हेंदीयाकला गांव के वन क्षेत्र में ढाई एकड़ जमीन पर हो रही अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। सोमवार और मंगलवार को चलाए गए इस अभियान में ट्रैक्टर और मशीनों का इस्तेमाल कर अफीम की फसल को पूरी तरह से विनष्ट किया गया। कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर यह त्वरित कार्रवाई की गई। अफीम की खेती करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही दोषियों पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा। अभियान के दौरान क्षेत्र में अफीम तस्करों और खेती करने वालों में हड़कंप मचा रहा। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि अवैध अफीम की खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जब तक इस क्षेत्र से अफीम की खेती पूरी तरह खत्म नहीं हो जाती, तब तक अभियान निरंतर जारी रहेगा। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अफीम की खेती या तस्करी के मामलों की सूचना दें ताकि कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

स्पीड न्यूज

## काली पूजा कमेटी के कमेटी सदस्य सम्मानित



जमशेदपुर। रामनगर स्थित सहारा काम्प्लेक्स के श्री श्री काली पूजा कमिटी के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश्वर साहू जी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता दीपू सिंह जी के साथ विशिष्ट अतिथि वैश्य नेता श्रीकांत देव, भाजपा नेता गोपाल प्र जायसवाल जी का कमेटी द्वारा स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया वहीं दूसरी ओर काली पूजा के सफलतम आयोजन में भागीदारी निभाने वाले के के सिंह, चंदा सिंह, डीडी केसरी, संजय कुमार, माधुरी, सतनाम ऋषि को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष दिनेश शर्मा, महासचिव कमलेश भखतरीया, उमा भखतरीया, रोहित कुमार, ज्योता जाना, संजीव अवस्थी, प्रज्ञा सरकार को अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा आनंद राव, ममता अवस्थी, मोहिनी, अनु शर्मा एवं सुषमा साहू की भी काली पूजा के दौरान अहम भूमिका रही थी। सम्मान समारोह के अंत में सबों ने लिट्टी चोखा खाकर आनंद लिया।

## बोड़ाम में भाजपा ने शुरू किया सदस्यता अभियान



जमशेदपुर। मंगलवार को बोड़ाम बाजार में भाजपा बोड़ाम मंडल के अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी तथा प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा बोड़ाम मंडल के प्रवासी डॉक्टर जटा शंकर पांडेय के उपस्थिति में सदस्यता अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग एक सौ लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। इस सदस्यता अभियान पर्व के अवसर पर डॉ जटा शंकर पांडेय ने सदस्यता अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बताया कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए कम से कम पचास सदस्य बनाना जरूरी है। इस अवसर पर बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी ने बताया कि झारखंड राज्य में जेएमएम सरकार होने के बाबजूद भी लोगों में भाजपा का सदस्य बनने के लिए काफी उत्साह है।

## फसलों की उपज बढ़ाने पर वैज्ञानिकों का मंथन

जमशेदपुर। फसल सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषक वैज्ञानिक अन्तमिलन (रबी) का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, दारीसाई, घाटशिला में किया गया। कृषक वैज्ञानिक अन्तमिलन के अन्तर्गत कृषकों को रबी मौसम में लगाये जाने वाले फसल, सब्जी का प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन एवं कीट व्याधियों का प्रकोप, उपचार, कीटनाशी के उपयोग कृषि विज्ञान केन्द्र एवं क्षेत्रीय अनुशंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा दिया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# केके सिंह की स्मृति में 322 रोगियों की आंखों का ऑपरेशन, दी गयी विदाई

■ काला चश्मा, ड्रॉप, दवा व कंबल देकर रोगियों को किया गया विदा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**






विदाई शिविर में एक मरीज को चश्मा प्रदान करते एडीएम अनिकेत साचान और विदाई समारोह में उपस्थित ऑपरेशन करवाने वाले लोग।

जमशेदपुर। अभियान के रूप में अगर समाज किसी विषय को ग्रहण करता है तो वह संसाधनों के साथ रहकर दायरों में काम करने वालों से भी ज्यादा बेहतर परिणाम देता है, उसका यह नेत्र शिविर एक बेहतरीन उदाहरण है, इस नेत्र शिविर की उर्जा का श्रोत समाज है, जिसने इसके लिए संसाधनों को जोड़ा है और यह एक बेहतरीन मिसाल है, सामाजिक अभियान की। नेत्र शिविर के माध्यम से न सिर्फ आंखों को रौशनी दी जा रही है, बल्कि जिनको आंखों की रौशनी मिल रही है, उनके जीवन की गुणवत्ता के साथ साथ, उनके कार्यों में उत्पादकता को भी बढावा दिया जा रहा है, ताकि वे अपनी जिन्दगी को बेहतर बना सके।

उक्त विचार नेत्र ज्योति महायज्ञ-2025 के सम्पूर्णता समारोह में बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 322 नेत्र रोगियों के ऑपरेशन पश्चात उनके विदाई समारोह में उपस्थित पूर्वी सिंहभूम के एडीएम (लॉ एंड आर्डर) अनिकेत सचान ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम से व्यक्त किया। सम्पूर्णता समारोह के अवसर पर उन्होने महायज्ञ में सेवा देने वाले नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ पूनम सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ राशि वर्मा सहित सहयोगी चिकित्सीय टीम के रबीन्द्र प्रसाद, अवधेश कुमार सिंह, कुन्दन प्रसाद, निभा एक्का, प्रीति स्वीटी पाण्डे, रागिनी साह, रानो टुडू, देवला टुडू, पूजा रानी को शॉल, मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया। वहीं छोटे कार्यकताओं में केशव प्रसाद, लखन टुडू, शिवम, शुभम, शिवानी, वरदान, आदित्य, अनन्त, अद्वित, अभय को उपहार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी शिविर संयोजक विकाश सिंह ने प्रदान करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने लोगों के दिलों में अपना मुकाम बनाया है। उन्होने ऑपरेशन कराये मरीजों को अपनी शुभकामना दी। कार्यक्रम में अतिथियों ने नेत्र रोगियों को काला चश्मा, ड्रॉप, खाने की दवा एवं एक कम्बल प्रदान कर उन्हें विदा किया। कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगी के. के. एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट की संरक्षक श्रीमती उर्मिला सिंह कार्यक्रम के सफलता पूर्वक पूरा होने तथा 322 नेत्र रोगियों के ऑपरेशन सम्पन्न होने पर अपनी शुभकामना प्रदान की। इससे पूर्व नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. राशि वर्मा ने ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर आंखों की जांच की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से के. के. फाउण्डेशन की ट्रस्टी श्रीमती रश्मि सिंह, उषा सिंह, आर्य वत्स, गरिमा वत्स, रेड क्रॉस के संरक्षक सदस्य शंकर गुप्ता, प्रेम प्रकाश गोयल, महेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, कमल पूरी, राकेश मिश्र, विधायक कुमार विश्वास, आशुतोष पारीक, मनोज बागड़ी, प्रकाश मिश्र, गोपाल माहेश्वरी, छीतरमल धूत, मोहन धमोड़, ललित भाउका, विशाल सिंह, लेमन ट्री (पूर्व नाम सेन्टर प्वाईंट) की संचालक स्मिता पारिख, समाजसेवी सारिका सिंह, बी.पी. ऑयल मिल्स के धर्मेन्द्र राय, राजू बिन्द, समाजसेवी बी.एन.पी. गुप्ता, सुशील कुमार सिंह, डी. के. घोष, राम उद्य प्रसाद, जय कुमार, विजय. राजकिशोर सिंह, प्रभुनाथ सिंह, राजेश मोहन प्रसाद, नयन पण्डया, सुरेश अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थें। शिविर का संचालन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने करते हुए नेत्र ज्योति महायज्ञ झ 2025 को सफल बनाने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 34वां-35वां एफसीआई 2025 डॉग शो कल से

## 77वां और 78वां जेकेसी एनुअल चैंपियनशिप डॉग शो भी साथ-साथ

■ कीशॉन्ड और टॉय स्पैनियल पापिलॉन नस्लें पहली बार जमशेदपुर में शो होंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करती श्रीमती रुचि नरेंद्रन। साथ में पलास बोस व अन्य।

जमशेदपुर। 34वां और 35वां एफसीआई डॉग शो, फेडरेशन साइनोलॉजिक इंटरनेशनल (एफसीआई) और द केनल क्लब ऑफ इंडिया के संरक्षण में, तथा 77वां और 78 वां चैम्पियनशिप डॉग शो, जमशेदपुर केनेल क्लब द्वारा आयोजित, 9 से 12 जनवरी 2025 तक जे.आर.डी. टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड, जमशेदपुर में आयोजित होगा। यह बहुप्रतीक्षित आयोजन श्वानों की उत्कृष्टता, श्रेष्ठ नस्ल और खेल भावना का उत्सव होगा। 9 जनवरी को शो का उद्घाटन सुबह 9.00 बजे पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल करेंगे।

उक्त जानकारी जमशेदपुर केनेल क्लब की संरक्षक रुचि नरेंद्रन ने आयोजन स्थल पर एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर सुदीप्तो सरकार, श्री सौरव, श्री रंजन,पलास घोष और सुश्री अर्थिता डे भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि जेकेसी शो हर साल आयोजित किया जाता है, लेकिन एफसीआई शो की मेजबानी का गौरव जमशेदपुर केनेल क्लब को इसकी स्थापना (1977) के बाद केवल दूसरी बार प्राप्त हुआ है। जमशेदपुर केनेल क्लब पूर्वी भारत का एकमात्र केनेल क्लब है जिसे दूसरी बार एफसीआई शो की मेजबानी का यह मौका मिला है।

इस आयोजन में निम्नलिखित कार्यक्रम भी शामिल होंगेः ओबीडियंस टेस्ट; लैब्राडोर स्पेशल्टी शो, बीगल स्पेशल्टी शो; डोबर्मन स्पेशल्टी शो; साईबेरियन हस्की स्पेशल्टी शो।

**आयोजन के मुख्य आकर्षणः** 1. जमशेदपुर केनेल क्लब का ओबीडियंस प्रतियोगिता भारत में सबसे सम्मानित ओबीडियंस प्रतियोगिता है। इस टेस्ट में 49 श्वान भाग ले रहे हैं। इनमें से 27 श्वान पोस्ट ग्रेजुएट क्वालिफिकेशन के लिए और 18 श्वान कम्पैनियन डॉग असेसमेंट (चिकित्सा उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले कुत्ते) के लिए भाग ले रहे हैं। देश में अन्य ओबीडियंस शो में पोस्ट ग्रेजुएट और कम्पैनियन डॉग स्तर पर इन संख्याओं का आधा भी हिस्सा नहीं होता।

2. एफसीआई शो और जेकेसी शो में 421 श्वान प्रतियोगिता के बेस्ट इन शो के लिए मुकाबला करेंगे। विभिन्न नस्लों की संख्या अब तक की सर्वश्रेष्ठ 49 नस्लों तक पहुँच गयी है। जहां कई विदेशी नस्लों का प्रदर्शन होगा, वहीं आप रिंग में 4 हार्लेक्विन ग्रेट डेंस भी देख सकेंगे। इस शो में 44 डोबरमैन और 31 साईबेरियन हस्की भी होंगे, जो जमशेदपुर में रिंग में पहले कभी नहीं देखे गये।

3. शो में कई विदेशी नस्लें भाग ले रही हैं। कीशॉन्ड और टॉय स्पैनियल पापिलॉन नस्लें पहली बार जमशेदपुर के ग्राउंड पर भाग ले रही हैं। कई ऐसी नस्लें भी हैं जिन्हें कई वर्षों बाद इस ग्राउंड पर देखा जायेगा, जैसेः समॉयड, मिनिएचर श्नौजर, इंग्लिश सेट्टर, मिनिएचर पिंचर (जिसे मिनपिन भी कहा जाता है), डॉग डि बॉरडॉक्स, डोगो अर्जेंटिनो, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर और कुछ अन्य। कुछ विदेशी नस्लें जिसने पिछले साल भाग लिया था, इस साल भी दिखाई देंगी, जैसेः शिपरके, फॉक्स टेरियर, जैक रसल टेरियर, इंग्लिश पॉइंटर, केन कोर्सो आदि।

**जमशेदपुर के पालतु कुत्तों के मालिकों के लिए विशेष कार्यक्रम :** इस शो में जमशेदपुर के पालतू कुत्तों के मालिकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम होगा। जमशेदपुर के शीर्ष 8 श्वानों को बेस्ट इन शो से लेकर 8वें बेस्ट इन शो तक रैंक किया जायेगा। इन्हें जमशेदपुर के स्थानीय श्वानों का सर्वश्रेष्ठ घोषित किया जायेगा। इस शो का एक विशेष आकर्षण जजों का पैनल है। ये दुनिया भर से चुने गये सर्वोत्तम जज हैं।

## आयकर कर्मचारी महासंघ जमशेदपुर इकाई का नरेंद्र कर्ण बने अध्यक्ष, संतोष राय सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। आयकर कर्मचारी महासंघ जमशेदपुर इकाई के लिए आज चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के पश्चात नई कमेटी इस प्रकार है : नरेंद्र कुमार कर्ण - अध्यक्ष, गौरव कुमार -उपाध्यक्ष, संतोष राय - शाखा सचिव, सुजीत कुमार - सहायक सचिव, पंकज गोंड - कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। चुनाव में कुल 96 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष नरेन्द्र कर्ण ने अपने सभी साथियों को विश्वास दिलाते हुए कहा सभी लंबित कार्यो का जल्द समाधान निकाला जाएगा और अपने वरिष्ठ नेताओं को भी जमशेदपुर बुलाया जायेगा। मतदान में बिहार/ झारखंड के पूर्व अध्यक्ष रुपक प्रसाद, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार, वर्तमान उपाध्यक्ष अविनाश कुमार, रीजनल सेक्रेटरी जुगल किशोर मेहता ने सभी नए मतदाताओं को जागरूक कर आज के चुनाव में अग्रणी भूमिका निभाते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किये।

## अर्का जैन विश्वविद्यालय के 24 छात्रों का बहुराष्ट्रीय कंपनी एक्सेंचर में चयन

■ विश्वविद्यालय के छात्रों ने कायम किया नया कीर्तिमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। अर्का जैन विश्वविद्यालय ने अपने बेहतरीन प्लेसमेंट रिकॉर्ड को और मजबूत करते हुए 24 छात्रों को विश्व प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कंपनी एक्सेंचर में स्थान दिलाया है। इन छात्रों का चयन पैकेज ऐप डेवलपर एसोसिएट पद के लिए 3.44 लाख रुपये वार्षिक पैकेज (सीटीसी) पर किया गया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय और झारखंड राज्य दोनों के लिए गर्व का विषय है। एसेंचर पहली बार किसी प्राइवेट यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट के लिए जमशेदपुर आयी है , पुरे हिंदुस्तान में एसेंचर के ऑफिस है और यह फार्च्यून 500 कंपनियों में शुमार है।

एक्सेंचर एक ग्लोबल कंपनी एक्सेंचर पीएलसी, जिसका मुख्यालय डबलिन, आयरलैंड में स्थित है, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और कंसल्टिंग में अग्रणी है। 2023 में कंपनी ने 64.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का राजस्व अर्जित किया। यह कंपनी फॉर्च्यून ग्लोबल 500 में शामिल है और दुनिया की सबसे बड़ी कंसल्टिंग फर्मों में गिनी जाती है। अर्का जैन विश्वविद्यालय के छात्रों का चयन एक सख्त और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से हुआ, जिसमें चार प्रमुख चरण शामिल थे।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने 19 सदस्यों को दी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



विदाई समारोह में उपस्थित अध्यक्ष व महासचिव।

जमशेदपुर। मंगलवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ऑफिस में सेवानिवृत्ति हुए 19 कर्मचारी को अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आर के सिंह ने स्मृति चिह्न एवम शॉल देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त अपनी अर्धांगनी को भी साथ ले कर इस समारोह में शामिल हुए। जिनके नाम निम्न हैः-व्हीकल फैक्ट्री से पेलाराम गोप और सीमा सिंह, चेसिस असेंबली से सोमनाथ भट्टाचार्य, रणबीर बरुआ, सुनील सिंह, एक्सल से कमलेश सिंह, सिसिर कुंडू, नवीन चंद्र झा, दिलीप कुमार, नीता बिस्वास, मनोज श्रीवास्तव, फाइनल से शान्तनु कुमार जेना, 5000 प्रेस से मनोज प्रसाद, फ्रेम फैक्ट्री से शिव शंकर सिंह, सी टी आर से सजल प्रसाद, फाउंड्री से रवि शंकर शर्मा।

## लोक समर्पण संस्था ने बिरसा नगर में किया कंबल वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सामाजिक संस्था लोक समर्पण की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का पुनीत कार्य किया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी ललित दास के नेतृत्व में बिरसानगर के जोन नंबर 2 स्थित आदिवासी डुमरी टोला में सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। इस सेवा कार्य के दौरान 500 से अधिक लोगों को कंबल प्रदान कर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ललित दास ने स्थानीय लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य हमेशा समाज के

# श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह का साक्षी बन धन्य हुए श्रद्धालु

■ अष्टोतर शत श्रीमद्भागवत कथा का षष्टम दिवस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मलेन के तत्वाधान में प्रभु दयाल भालोटिया सभागार, धालभूम क्लब ग्राउंड में आयोजित अष्टोतर शत श्रीमद्भागवत कथा के षष्टम दिवस पर व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य श्री बांकेबिहारी गोस्वामी जी ने अपने विद्वतापूर्ण उद्बोधन में आज गोपी-उद्धव संवाद, सुदामा चरित्र एवं रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का मनोहर वर्णन किया।

पिछले पांच दिनों की तरह आज भी प्रातःकाल 6 बजे से 125 पुरोहितों के द्वारा अपने अपने यजमानों के लिये श्रीमद्भागवत पुराण का मूल पाठ किया गया। हर दिन की तरह ही मंगलवार को भी यजमानों ने सपत्नीक पूजा एवं हवन अनुष्ठान में भाग लिया।

व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य श्री ने कहा कि मामा कंस के वध के बाद भगवान श्री कृष्ण ने अपने माता पिता देवकी एवं वासुदेव जी को कारागार से मुक्त करवाया। तत्पश्चात उज्जैन जाकर गुरु संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा ग्रहण की। अल्प काल में ही चौंसठ प्रकार की विद्याओं में निपुणता प्राप्त की और गुरु जी के द्वारा मांगी गयी गुरु दक्षिणा को पूरा करते हुये यमराज से उनके मृत पुत्र को वापस लाकर गुरु जी को सौंपा। आज आचार्य श्री ने क्मिणी विवाह के प्रसंग की भी चर्चा की।इस अवसर पर कलाकारों द्वारा जीवंत मंचन भी किया गया। श्रोता एवं दर्शकगण अह्लादित होकर खुशियां मनाते हुए नाचने-गाने लगे एवं आपस में एक दूसरे को बधाइयां देते हुए मिठाइयां बांटने लगे।

उल्लेखनीय है कि आज श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह कार्यक्रम के यजमान सुरेश भालोटिया, कुणाल भालोटिया और चिंटू भालोटिया जी के परिवार के सौजन्य से हुआ। कथा को आगे बढ़ाते हुए आचार्य श्री ने द्वारिकानगरी जाकर श्री कृष्ण के द्वारिकाधीश के रूप में समस्त लीलाओ का वर्णन किया। द्वारकाधीश और सुदामा के हृदयस्पर्शी मिलन का जीवंत नाट्य मंचन देख कर श्रोता भाव विभोर हो उठे।

कथा में राज्य के पूर्व सीएम सह ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास जी भी शामिल हुए उन्होंने आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रायोजक सुरेश भालोटिया, कुणाल भालोटिया, चिंटू भालोटिया ने सपरिवार भाग लिया।

एक नजर में

## टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर में कंबल का वितरण



जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के निर्देश पर मंगलवार को 25 जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। मौके पर इंद्रजीत सिंह, मंजू सिंह, सुधीर सिंह व कई लोग मौजूद थे। महिलाओं ने विधायक को धन्यवाद दिया।

## राजस्थान भवन में श्याम बाबा का जागरण 10 को



जमशेदपुर। मानगो डिमना रोड़ स्थित श्री राजस्थान भवन में नव वर्ष के अवसर पर आगामी 10 जनवरी शुक्रवार की रात को श्याम बाबा का मासिक एकादशी जागरण (संकीर्त्तन) का आयोजन होने जा रहा है। भक्त बाबा श्याम का भव्य दरबार सजायेंगे। इसके आयोजक श्याम-कराने वाले श्याम (श्याम प्रेमी) हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह जानकारी धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो से जुड़े श्याम प्रेमी शंकर लाल अग्रवाल ने मंगलवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर संध्या 08 .30 बजे से बाबा श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्जवलित सहित श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ होगा, जो प्रभु इच्छा से देर रात तक चलेगा। इस अवसर पर स्थानीय आमंत्रित भजन गायक क्रमश : रोहित गुलाटी, पंकज अग्रवाल, नेहा कौर एवं लाला जोशी बाबा श्याम के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमायेंगें। आयोजकों ने सभी श्याम प्रेमियों से बाबा के दरबार में हाजरी लगाने का अनुरोध किया है।

## भाकपा ने रांगा मटीया में ग्रामीणों संग की बैठक



पोटका। पोटका के रांगा मटीया ग्राम में भारतीय को कम्यूनिस्ट पार्टी के पोटका सचिव सवालाल महाकुड की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। बैठक में सर्वप्रथम ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गयी। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें चार माह से विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन बंद है। गांव में पानी की समस्या गंभीर मामला है तथा चिकित्सा का भी कोई व्यवस्था नहीं है। साथ ही बताया कि शाह स्पंज आयरन एंड पावर के कारण गांव में सभी बोरिंग सूख गये हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी में डिप बोरिंग होने के कारण अगल बगल के गांवों में भी बोरिंग सुख रही है। सभा के प्रारंभ में सीपीआई के नेता रमेश पात्रों के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक में उपस्थित सीपीआई के जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर, धनंजय शुक्ला, हीरा अरकने ने कहा कि सभी समस्याओं से सरकार को अवगत कराया जायेगा और आम जनता को राहत दिलायी जायोगी। साथ ही सीपीआई के सदस्यता के नवीकरण का कार्य भी प्रारंभ किया गया। बैठक में प्रशंजित बोस, रविंद्र दास,बड़ा भुमरी के ग्राम प्रधान जयदेव मंडल, सोमू सरदार, मंटू महाकुड़ के साथ अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## बागबेड़ा जलापूर्ति योजना को लेकर प्रदर्शन



जमशेदपुर। बागबेडा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात उपायुक्त महोदय के अनुपस्थिति में एडीएम विधि व्यवस्था अंकित को सुबोध झा अध्यक्ष बागबेड़ा महानगर विकास समिति सह भाजपा मुख्यालय प्रभारी के साथ प्रतिनिधि मंडल मिले। एडीएम ने पूरे मामला को ध्यानपूर्वक सुने और सबसे पहले टैंकर से पानी के लिए जुस्को, तारापुर से बात कर समाधान किया जायेगा। एडीएम ने कहा कि बागबेड़ा ग्रामीण जला पूर्ति योजना पर उपायुक्त से बात करेंगे, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यपालक अभियंता सभी को बुलाकर काम में तेजी लाने और जिन बस्तियों में पाइप लाइन नहीं बिछाया गया है उन बस्तियों में पाइपलाइन बिछाने एवं स्वयं निरीक्षण करने को कहे हैं। बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जला पूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण करेंगे और यथाशीघ्र कॉलोनी के 1140 घरों को गर्मी से पहले स्वच्छ पेयजल की सप्लाई एवं आधा अधूरे काम को पूरा करने का आश्वासन दिये।

## बीएसीईटी में 9 से शुरू होंगी नये सत्र की कक्षाएं



जमशेदपुर। बीएसीईटी में नये सत्र की कक्षाएं 9 जनवरी से विधिवत शुरु हो जायेंगी। नये सत्र के छात्र-छात्राओं का परिचय सत्र आयोजित किया गया जिसमें कॉलेज के चेयरमैन डॉ. शिव कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार रॉय, और बिहार एसोसिएशन के महासचिव श्री सी.पी.एन. सिंह की उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने विचार प्रकट किए और छात्रों को संबोधित किया। वक्ताओं ने शैक्षिक उत्कृष्टता के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को आने वाले अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इंडक्शन प्रोग्राम और कार्यक्रम को बड़ी सूक्ष्मता से कार्यक्रम समन्वयक निलय मंडल ने व्यवस्थित और समन्वित किया।

## स्पीड न्यूज

### डॉ कौशल किशोर ने पूर्व सीएम को पौधा भेंट कर दी नववर्ष की शुभकामनाएं



**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व ओडिशा के राज्यपाल रह चुके रघुवर दास के जमशेदपुर स्थित आवास पर पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मुलाकात कर उन्हें पलामू आने का आमंत्रण दिया। डॉ कौशल ने इस मुलाकात में पलामू के वर्तमान राजनीतिक सामाजिक और पर्यावरणीय हालातों पर भी चर्चा की। इसे यादगार बनाने के लिए पर्यावरण धर्म के प्रावधानों के तहत उन्हें डॉ कौशल ने पौधा भेंट किया।

### झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की आम सभा आयोजित



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ झारखंड प्रदेश कमेटी की आम सभा डियूक मेंशन लाइन टैंक रोड स्थित प्रदेश कार्यालय रांची के प्रांगण में संपन्न हुआ। वार्षिक आम सभा में 2025 के लिए महासंघ का प्रदेश संरक्षक कमलाकांत झा, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी एवं प्रदेश महासचिव राकेश सिंह को चुना गया। वहीं रामकुमार सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, नागेंद्र पांडेय को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, रामाशंकर सिंह, आकाश भारती, ओमप्रकाश को प्रदेश सचिव, अमर प्रदेश कोषाध्यक्ष, आनंद वर्मा प्रदेश संगठन मंत्री, सुरेंद्र सिंह को प्रदेश सलाहकार मंत्री, विवेक कुमार सिंह को प्रदेश कार्यकारी सदस्य बनाया गया।

### महिला मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान



**मेदिनीनगर।** भाजपा की पलामू जिला महिला मोर्चा ने एक दिवसीय सदस्यता अभियान चलाया, जिसका नेतृत्व महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रीना किशोर ने किया। रांची से पहुंची मुख्य अतिथि प्रदेश पदाधिकारी सह पलामू जिला प्रभारी सुचिता सिंह भी थी। कहा गया कि प्रदेश से जिला महिला मोर्चा को जो लक्ष्य मिला था वह आसानी से पूरा हो गया। प्रभारी सुचिता सिंह का स्वागत जिलाध्यक्ष रीना किशोर एवं जिला उपाध्यक्ष सुप्रिया श्रीवास्तव ने किया। मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष सुमन सिंह, जिला मंत्री पिंकी विश्वकर्मा आदि थी।

### गवर्नर से मिले स्वर्णकार संघ के लोग



**मेदिनीनगर।** स्वर्णकार समाज को अत्यंत पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ का एक प्रतिनिधि मंडल संघ के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी है कि स्वर्ण आभूषण के निर्माण को कला उद्योग का दर्जा दिया जाना चाहिए। आभूषण निर्माण से जुड़े स्वर्णकारों को सब्सिडी सहित ऋण उपलब्ध करायी जाये। अन्य प्रदेशों की तरह झारखंड में भी स्वर्ण कला बोर्ड का गठन किया जाये। प्रतिनिधिमंडल में अरविंद ठाकुर, महेश सोनी, बैजू सोनी, अखिलेश सोनी, पायल सोनी व विनोद वर्मा शामिल थे।

### अमानत नदी तट हुई पिकनिक पार्टी



**मेदिनीनगर।** खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप की पिकनिक पार्टी अमानत नदी के तट पर संपन्न हुई। पिकनिक पार्टी में सामाजिक दायित्व निभाने का संकल्प लिया गया। पिकनिक के दौरान बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि व संचालन एडमिन रजनीश सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा व सह कोषाध्यक्ष रितेश कुमार टिंकू ने किया। बैठक में पिछले वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया व बीते वर्ष खुला मंच के कार्यों की समीक्षा की गई। कहा गया कि आने वाले दिनों में खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप अपने सामाजिक दायरा को बढ़ाने के प्रति कृत-संकल्प होकर आगे बढ़ेगा। बैठक में मंच के सदस्य जिले के सुप्रसिद्ध गायक संगीत गुरु अमर सहाय के नेतृत्व में गीत संगीत का आयोजन किया गया जिसमें मंच के सदस्य बबलू चावला, नीरज राज, राजेश गुप्ता ने एक से बढ़कर एक गीत की प्रस्तुति दी। वहीं मंच ने नये वर्ष के उपलक्ष्य में मनोज सिंह, अविनाश देव, राजकुमार गुप्ता टिंवकल ने केक काट नववर्ष का स्वागत किया। मौके पर नवीन तिवारी, गुरवीर सिंह गोलू, सिंटू सिंह, मनीष ओझा, विपूल गुप्ता, उत्तम सिंह, विवेक सिंह, विजय प्रसाद, संकेत गुप्ता, हिमांशु शेखर, अरविंद अग्रवाल, ऋषि पांडेय, सुनील सिंह, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद थे।

### खेलो इंडिया खेलो : कोलकाता में संत मरियम के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**मेदिनीनगर।** संत मरियम विधालय के 6 बाल कराटेकार ने कोलकत्ता में तृतीय खेलों इंडिया खेलो ओपेन नेशनल कराटे चैम्पियनशिप के कुमिते और काता इवेंट में अपने वेट में अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन करते हुए तीन गोल्ड, तीन सिल्वर मेडल और चार ब्राउज मेडल की जीत अपने नाम किया। जिन खिलाड़ियों ने मेडल हासिल किये उनमें शुभम कुमार सिंह कुमिते और काता में दो गोल्ड मेडल, रितू राज कुमिते और काता में दो सिल्वर मेडल, रितिक सिंह कुमिते में गोल्ड और काता में ब्राउज मेडल, अभिषेक सिंह कुमिते और काता में दो ब्राउज मेडल, गौरव सिंह कुमिते में सिल्वर मेडल युवराज कोरवा कुमिते में ब्राउज मेडल इत्यादि। यह चैम्पियनशिप शितो-रियु कराटे डू फेडरेशन के तत्वाधान में वेल्स ग़लोबल स्कूल, हावड़ा में 5 जनवरी को आयोजित किया गया।

# झलखंडी मंदिर की महिमा पूरे झारखंड में गुंजायमान है : डॉ शशिभूषण मेहता

- पांकी विधायक ने झलखंडी मंदिर में ठेका माथा, किया क्षेत्र के अमन शांति और विकास की कामना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विस क्षेत्र के तरहसी प्रखंड के मझिगावां स्थित मां झलखंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। दूसरी बार पांकी विस क्षेत्र से विधायक बनने और सभी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए बेलाई और ललगाड़ा के मंदीप मेहता और अन्य सहयोगियों के साथ 51 नारियल फोड़कर मां से आशीर्वाद लिया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि आप सभी के समर्थन और आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार। बिधायक ने कहा कि झलखंडी मंदिर की महिमा तरहसी ही नही समस्त झारखंड प्रदेश में गुंजायमान है। झलखंडी मंदिर को पर्यटन केंद्र के रूप मे विकसित कराने की सपना को साकार करना हमारी प्राथमिकता है। बिधायक डॉ मेहता ने कहा कि मेरा समस्त जीवन बिधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए समर्पित है। हम मरते दम तक जनभावनाओं का कदर करते हुए एक एक समस्या का समाधान करने का प्रयास करता रहूंगा। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मंदीप मेहता, बच्चन ठाकुर, संतोष वर्मा, मिडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू, अमरजीत सिंह, राकेश मेहता, सिके मेहता, मनोज मेहता, आर्यन सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पांकी विधायक ने पदाधिकारियों संग की समीक्षा, बोले

# दलालों से मुक्त करें प्रखंड-अंचल कार्यालय

- पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश




**शिवशंकर पासवान**

**पांकी, पलामू।** प्रखंड कार्यालय के सभागार मे मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रखंड कर्मी और अंचल कर्मी सहित जेएसएलपीएस, बाल विकास परियोजना कर्मी के साथ समीक्षा बैठक की। सर्वप्रथम बडीओ ललित प्रसाद सिंह सीओ राजकुंवर सिंह ने विधायक को फूल माला एवं बुक्के देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायक ने प्रखंड कर्मी और अंचल कर्मी से परिचय प्राप्त किया। वहीं विधायक ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों दूरदराज से अपने आवश्यक काम के लिए प्रखंड कार्यालय में आते हैं उन्हें बेवजह परेशान नहीं किया जाये नहीं तो कारवाई के लिए तैयार रहे। कहा कि ग्रामीणों को पदाधिकारियों के द्वारा काम नहीं होने पर दलाल के चंगुल मे फंस जाते है। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मुझे ऐसा सुनने का मिला तो मै कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा। बीडीओ और सीओ को निर्देश दिया की दलाल से मुक्त हो प्रखंड और अंचल कार्यालय, जेएसएलपीएस बहनों के नौ लाख का चेक और वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। जिम उपकरण का विधायक ने उद्घाटन किया और बाल विकास परियोजना ने गोद भराई कार्यक्रम किया। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, बच्चन ठाकुर, सुनील गुप्ता, रौशन सिंह, संतोष वर्मा, राजेंद्र यादव, मिथलेश यादव, जयकिशोर प्रसाद, उमेश यादव, पप्पू यादव, मंटू शर्मा, रामचरित्र सिंह, संजय भुइयां, शैलेन्द्र सिंह, रिमा शर्मा भी थे।

# लातेहार बना भाईचारा एकता फुटबॉल मुकाबले का चैंपियन

## पेनाल्टी शूट से तीन बार के चैंपियन मांडर टीम को हराया

- विधायक व जिप उपाध्यक्ष समेत कई गणमान्य प्रतिनिधि रहे मैच के अतिथि
- फुटबॉल से शारीरिक और मानसिक दोनों विकास, सभी खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है : विधायक



**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के पथरा पंचायत के शिवपुर खेल मैदान में भाईचारा एकता कमेटी ने नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को लातेहार बनाम मांडर टीम के बीच खेला गया। कमेटी का कई वर्षों से यह फुटबॉल टूर्नामेंट काफी रोमांचक रहा है। इस मैच में नाइजीरियाई टीम भी देखने को मिलती है। मैच अपने निर्धारित समय खेला गया दोनो टीमों ने अंतिम समय तक एक दूसरे के पूरक संघर्षरत रहे। समय से अंतिम तक दोनों टीम बराबरी के मुकाबला पर रहे। मांडर ने लातेहार को एक गोल दागा। जवाबी पारी में लातेहार ने मांडर में दो गोल जमा दिया।

**क्या बोले विधायक :** हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत व प्रदर्शन किया है और साथ ही साथ शालीनता व कर्तव्यनिष्ठा से खेला है दोनों टीम बधाई के पात्र हैं। खेल का यही मायने है आपसी तालमेल बना रहे। फुटबॉल एक शारिरिक दक्षता का खेल है। इससे मानसिक व शारीरिक दोनों विकास होता है। अंतिम में विजेता व उप विजेता दोनों टीमों को कप और इनाम भी दिया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टुटू, बरवाडीह जिप सदस्य संतोषी शेखर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खा, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, जाकिर अली उर्फ राज अली, सचिव समेत हजारों लोग मौजूद थे।

## चिरु प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में चिरु बना चैंपियन

# राष्ट्र के धरोहर हैं पर्यावरण के अंग युवा, कला संस्कृति, वन-शिक्षा: डॉ कौशल-अमित-अरविंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** अनुमंडल के चिरु स्थित फर्म मैदान में रविवार को आयोजित चिरु प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण के फाइनल मैच में चिरू टीम ने पठखाही को नौ रनों से पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म की प्रार्थना व राष्ट्रीय गान के उद्घोष के बीच छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल के साथ औपचारिक शुभारंभ किया। टॉस जीतने के बाद चिरु की टीम ने 16 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 123 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जबकि जबाबी पारी खेलने उतरी पठखाही की टीम 114 रनों पर ही सिमट कर रह गयी। इस तरह 9 रनों के रोमांचक अंतर से चिरु की टीम ने मैच को अपने नाम कर लिया। मैदान के चारों तरफ हजारों दर्शकों ने मैच का भरपूर लुफ्त उठाया। मुख्य अतिथि डॉ कौशल और उनके पुत्र सह जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने विजेता टीम को पन्द्रह हजार रुपये नकद और उपविजेता टीम को कमेटी के ओर से 7,500 सौ नकद के साथ ट्राफी देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही कैच लेने वाले खिलाड़ियों को भी प्रति कैच 600 रुपये का इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। डॉ कौशल ने दोनों टीमों के कप्तानों को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा देकर पर्यावरण की रक्षा की जिमेवारी सौंपी।



विजेता उपविजेता टीम के कप्तान को कप और पौधा देते डॉ कौशल, पार्षद अमित और अरविंद।

# छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र में विकास के नाम पर अनियमितता का खेल जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत छतरपुर के क्षेत्र में विकास के नाम पर हो रहे कार्यों में अनियमितता का खेल जारी है। ऐसे ही एक मामला छतरपुर नगरअंतर्गत वार्ड नंबर 15 मे पीसीसी सड़क एवं नाली का निर्माण किया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस नाली का निर्माण ठीक तरीके से नहीं किया जा रहा है । साथ ही नाली निर्माण पानी का निकास स्थल तक नहीं किया गया अगर नाली का पानी निकास ही नहीं होगा तो नालियां टूट जायेगी और नालिया के ऊपर बने पीसीसी पथ के टूटने से आने जाने के लिए भी रास्ता नहीं रहेगा। लोगों ने कहा कि निर्माण कार्य मे बालू एवं रिबीस मिलकर 2 ईंच मात्र ढलाई किया गया है जो बनते ही कहीं टूटने लगा है। पानी की पटाई भी पूरी नहीं की गयी। वहीं ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदारों द्वारा यह बताया गया था कि यह नाली का निर्माण अर्जुन साहू के घर से बालगोविंद साहू के घर होते हुए भोला यादव के खेत तक नाली का निर्माण कराया जायेगा।

# एसपी के निर्देश पर पांडू थाना पुलिस ने तीन एकड़ में लगा पोस्ता खेती को किया नष्ट

- सरकार के निर्देश पर पोस्ता की खेती पर पलामू एसपी गंभीर
- जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की जा रही छापेमारी
- अवैध पोस्ता की खेती करने से बाज आयें ग्रामीण : पुलिस अधीक्षक





**राजकुमार सिंह**

**पांडू।** झारखंड सरकार राज्य के विभिन्न जिलों के जंगली क्षेत्रों में अवैध रूप से की जा रही पोस्ता की खेती को लेकर राज्य के पुलिस अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिया है। इस निर्देश के आलोक में पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन गंभीरता दिखाते हुए पूर्व से ही जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के जंगली क्षेत्रों में अवैध रूप से की जा रही पोस्ता की खेती को नष्ट करने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देश दे रखी है। एसपी के निर्देश के आलोक में मनातू, पांकी, नौडिहा बाजार थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा छापेमारी कर कई एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया जा चुका है। वहीं इस अभियान के तहत पांडू थाना क्षेत्र के ग्राम बरवाही के जंगली क्षेत्रों में अवैध रूप से की जा रही तीन एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया है।

### कस्तूरबा विद्यालय में प्रबंधन समिति का गठन



**चैनपुर पलामू।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय+2 कोल्हुआ चैनपुर पलामू में प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सोनी चौरसिया, उपाध्यक्ष श्रद्धा देवी व सदस्य पुनिता देवी, रीता देवी, शारदा देवी, चंपा देवी, कांति देवी, कौशल्या देवी, सरिता देवी, सल्लामुद्दिन अंसारी चुने गये। चयन प्रक्रिया समिति तीन वर्षों के लिए करती है। विद्यालय को व्यवस्थित करने में और शैक्षणिक कार्य संचालित करने में सहायता मिलती है। मौके पर चयन प्रक्रिया समिति के पर्यवेक्षक राकेश दुबे बीआरपी, सीआरपी मनोज कुमार, मुखिया नेहा प्रवीण, वार्डेन सुमिता कुमारी, श्वेता कुमारी उपस्थित थे।

### भाजपा पाटन मंडल ने चलाया सदस्यता अभियान



**पाटन पलामू।** भाजपा पाटन मंडल कार्यालय में कुड़वा मोड पर सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की। जिसमें प्रदेश कार्य समिति सदस्य उदय शुक्ला, अविनाश वर्मा भी थे। श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान अंतिम चरण पर है। जिला ने जो मंडलों को लक्ष्य दिया है उसे 14 जनवरी तक हर हाल में पूर्ण कर लेना है। वहीं उदय शुक्ला ने कहा कि पाटन मंडल हमेशा बढ़चढ़ कर पार्टी की कार्य में अग्रणी भूमिका निभाती है। मौके पर पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मंडल उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, मंडल के मंत्री पशुपति शर्मा, धीरज सिंह, विकास कुमार, मुन्ना कुमार, अवधेश कुमार थे।

### योग्य लाभुकों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से करें लाभान्वित : उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना अंतर्गत कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत समिति के समक्ष 3216 आवेदन पत्र जांच कर प्रस्तुत किये गये। इसमें 1934 आवेदन पत्र सही पाये गये। त्रुटिरहित आवेदनों को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। वहीं त्रुटिपूर्ण आवेदनों को अस्वीकृत कर निरस्त कर दिया गया। उपायुक्त ने स्वीकृत आवेदन के आवेदकों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से अच्छादित करने हेतु आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने का निदेश दिया। साथ ही जिन प्रखंडों में प्राप्त आवेदनों की संख्या शुन्य है, वैसे प्रखंडों में आवेदन प्राप्त करने की दिशा में सकारात्मक कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने शून्य आवेदन वाले प्रखंडों के पदाधिकारियों पर नाराजगी जतायी।

## एमके डीएवी में चल रहे तीन दिवसीय संकुल स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन

- ईईडीपी में मूविंग टुवड्र्स एक्टिव क्लासरूम एवं हैप्पी क्लासरूम पर विचार मंथन
- शिविर में सीखे नवाचार, शिक्षण-तकनीकी को प्रशिक्षु कक्षा-कक्ष तक ले जायें: डॉ जीएन खान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** सेंट्रल मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के अकादमी उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में आयोजित तीन दिवसीय संकुल स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन हुआ। इसमें तीसरे दिन कुल तीन सत्र सभी प्रशिक्षुओं ने एक साथ विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें ईईडीपी में कला समेकित शिक्षा सुजय मिश्रा प्राचार्य सिमडेगा ने मूविंग टुवड्र्स एक्टिव क्लासरूम प्रीति कुमारी डालटनगंज ने हैप्पी क्लास रूम, श्वेता कुमारी लोहरदगा ने नई शिक्षा नीति 2020, कमलेश कुमार प्राचार्य डीएवी खलारी ने गुगली गू (इट्स टाइम फॉर सम क्रिएटिविटी), सतनाम कौर डालटनगंज ने हैप्पी क्लासरूम एंड जेंडर इक्वालिटी के बारे में विस्तार से बताया।

### ग्रामीणों ने लगाया किला मेला स्थल जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**सतबरवा।** पलामू प्रमंडल के प्रतापी राजा मेदिनी राय याद में प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया गांव में लगने वाला ऐतिहासिक पलामू किला मेला स्थल के जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। जिसकी लिखित सूचना बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की को दी गयी है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि देश के आजादी के पूर्व से खाता 242 प्लॉट 379 तथा 380 पर महापुरुषों राजा मेदिनी राय याद में लोक आस्था का पर्व छठ के पारन के अहले सुबह से दो दिवसीय मेला लगता आ रहा है।

## अंचल कार्यालय में लगा शिविर जमीन संबंधित कई आवेदन प्राप्त

**महेंद्र प्रजापति**



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन जिला अपर समाहर्ता के निदेर्शानुसार जमीन संबंधित समस्याओं का निपटारा करने के लिए किया गया था। राजस्व उप निरीक्षक अरविंद मिश्रा ने बताया कि कैंप में किसी कारण से जमीन का रसीद नही कट पा रहा हो या ऑनलाइन रसीद कटवाने में अड़चन आ रही हो तो आवेदन दें, उसका तत्काल निदान किया जायेगा। इसमें अलावा जमीन से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण भी किया जायेगा। आज के शिविर में जमीन संबधित कई आवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि आगामी दस जनवरी को भी शिविर लगाया जायेगा। जो लोग आज नहीं पहुंच पाये वे दस जनवरी के शिविर में अपना आवेदन जमा करा सकते हैं।

# नावाखास धान पैक्स गोदाम बंद रहने पर सदस्य-किसान नाराज

- सदस्यों व किसानों के मांग पर मुखिया ने बीडीओ को लिखा आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बंद पैक्स के सामने खड़े परेशान किसान।

**पाटन (पलामू)।** पलामू जिला के पाटन प्रखंड के नावा जयपुर थाना गेट के सामने नावाखास धान पैक्स गोदाम बंद रहने पर पैक्स सदस्यों एवं किसानो मे नराजगी देखा जा रहा है। पैक्स गोदाम बंद रहने के कारण सदस्यों एवं किसान लोगो में भारी आक्रोश है। पैक्स सदस्यों तथा किसानों ने इसकी शिकायत नावाखास मुखिया मनोज कुमार से किया एवं पैक्स पुनः संचालित करने की मांग की है। पैक्स सदस्यों एवं दर्जनों किसान लोगों ने बताया कि पैक्स गोदाम कितने सालों से बंद पड़ा है, जिसके कारण पैक्स संबंधी जो लाभ किसानों को मिलना चाहिए वह किसानो को नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने बताया कि ना ही किसी को किसी तरह का बीज मिल पाता है और ना ही किसान पैक्स में धान बेच पाते हैं, जिससे किसान को धान में अच्छी मुनाफा नहीं मिल पाता है। किसान लोगों को पैक्स गोदाम से किसी भी तरह का लाभ नहीं मिल रहा है।

- यही तक नहीं बल्कि सदस्य एवं किसानों ने बताया कि नावाखास पैक्स गोदाम का अध्यक्ष कौन है यह भी किसी को जानकारी नहीं और न ही कभी गोदाम खुलता है। नावा खास मुखिया मनोज कुमार ने बताया कि पैक्स सदस्यों तथा किसान लोगों के द्वारा नावाखास पैक्स गोदाम बंद रहने की शिकायत मिल रही थी। मुखिया ने यह भी कहा कि मैं कई बार अध्यक्ष के बारे में जानने का प्रयास किया लेकिन मुझे भी पता नहीं चल सका। मुखिया ने आगे यह भी कहा कि मैं पीएफओ कार्यालय में जाकर नावाखास पैक्स गोदाम बंद रहने एवं पैक्स अध्यक्ष के बारे में जानने का भी प्रयास किया तो कार्यालय में बताया गया कि नावाखास पैक्स की पैक्स अध्यक्ष की चुनाव जनवरी 2024 में होना है लेकिन चुनाव हुआ कि नहीं किसी को पता नहीं चल पाया।

# रजडेरवा में कृषि और कृषि से संबंधित विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के रजडेरवा गांव में कृषि एवं कृषि से संबद्धित विषय पर दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उत्क्रमित मध्य विद्यालय नदीपार रजडेरवा में की गई। कार्यक्रम का उदघाटन मुखिया निरोतमा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा तथा पंसस जुबेर खान संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दस दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को कृषि विभाग एवं कृषि संबद्धित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही कृषि संबंधी खेती करने के लिए उन्नत तकनीकी का प्रयोग विषय पर विशेष रूप से जानकारी दी जायेगी।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थी।

**खास बातें :** प्रशिक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि एग्री स्मार्ट ग्राम रजडेरवा के किसानों सौर संचालित पंपसेट, कोड चैन (पशुओं के लिए कृत्रिम गर्भधारण, टीकाकरण) प्राकृतिक संसाधन केंद्र के चयन के साथ कार्य करने के इच्छुक लाभुकों चयन तथा सौर संचालित कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए स्थल चयन जनप्रतिनिधियों तथा किसानों के उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया जायेगा। विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने बताया कि डाल्टनगंज भंडारिया विस क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने क्षेत्र के सतबरवा प्रखंड के रजडेरवा तथा चैनपुर के मंझीगावां गांव के किसानों के लगन और मेहनत को देखते हुए एग्रीकल्चर स्मार्ट ग्राम के तहत गोद लिया है। अब इन दोनों गांवों के किसानों को रियायत दर पर खेती के लिए खाद बीज के अलावा मछली, गाय, बकरी, सुकर पालन को बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे किसानों की आर्थिक उन्नति तेजी से होगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि विधायक की किसानों के हित में एक अच्छी पहल है जिसकी जितनी भी सराहना की जाए वह कम होगी। मुखिया निरोतमा कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार तथा कृषि विभाग की अच्छी पहल है इससे किसानों को खेती में मदद मिलेगी। मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक वरुण सिंह यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## वाहनों से छिनतई के आरोप में युवक गिरफ्तार

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना पुलिस माल वाहक वाहनों से लूट व छिनतई करने के आरोप में एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी नगर थाना क्षेत्र के पुराना दुमका निवासी श्रवण कुमार केवट है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के ननकू कुरूवा गांव के समीप से गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस एक बाईक भी जब्त करने में सफल रही। जानकारी के अनुसार बाईक सवार तीन युवक छोटे-मोटे माल वाहकों से छिनतई का प्रयास कर रहे थे। जिसकी सूचना पेट्रॉलिंग पुलिस को वाहनों के चालक ने दी। पुलिस मौके पर पहुंच युवकों को धर दबोचने के प्रयास किया। जिसमें दो युवक पुलिस को चकमा देकर बच निकलने में कामयाब रहे। पुलिस एक युवक को बाईक समेत धर दबोचने में सफल रही। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अन्य साथी थाना क्षेत्र के उसकी ही मुहल्ले के ही बॉबी यादव एवं हिजला रोड़, नागमंदिर निवासी विक्की यादव है। जप्त वाहन जेएच04वाई1237 है। बाईक में फजीर्नामा करते गाड़ी नंबर में वाई के जगह वी लिखा हुआ है। मामले में थाना प्रभारी सत्यम कुमार ने बताया कि छोटे-मोटे वाहनों के छीनतई के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य फरार आरोपी की पुलिस तलाशी में जुटी है।

## मृतक पत्रकार दीपेंद्र प्रभंजन को दी श्रद्धांजलि



**बेरमो।** बोकारो थर्मल-ऊपरघाट स्थित कंजकिरो के सामुदायिक भवन में मंगलवार को पत्रकारों की एक बैठक उमेश उजागर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नावाडीह के अरगामो निवासी सह एक दैनिक अखबार के ब्यूरो चीफ दीपेंद्र प्रभंजन के आकस्मिक मौत पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर मुखिया ललीता देवी, रामचंद्र कुमार अंजाना, कमल प्रसाद महतो, अमित महतो, तुलसी महतो, किशोर कुमार महतो, संजय गिरी, सोशल मीडिया प्रभारी भुवनेश्वर कुमार भुवनेश, समाजसेवी भीम महतो, खिरोधर महतो सहित कई ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत चूजा वितरित



**बेरमो /गोमिया।** गोमिया विधानसभा अंतर्गत गोमिया प्रखंड के बड़की सीधावारा मे पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी ने मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत मुर्गी का बच्चा (चुजा) वितरण की और कहा कि लाभुकों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। कही कि छोटे छोटे व्यापारी को इस योजना से सिधे तौर पर रोजी रोजगार का साधन मिलेगा।इस मौके पर बिनोद तुरी, विजय रजक, राजेश महतो, के साथ कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### अवैध लॉटरी पर नकेल कसने के निर्देश के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा कारोबार

# सीएम व डीसी की रोक के आदेश के बाद भी खुलेआम बिक रहे हैं लॉटरी टिकट




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** लॉटरी माफियाओं की जड़ें इतनी मजबूत है कि क्या सीएम, क्या डीसी सभी के फरमान नाकाफी साबित हो रहे हैं। सीएम हेमंत सोरेन और डीसी दुमका ए दोड्डे के रोक व कार्रवाई के निर्देश के बावजूद उपराजधानी दुमका में लॉटरी का अवैध कारोबार बखूबी फल-फूल रहा है। सीएम व डीसी के ट्वीट कर रोक व कार्रवाई के निर्देश के बावजूद कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। हालांकि सीएम के निर्देश पर डीसी की कार्रवाई के ट्वीट के बाद एक-दो दिनों तक चोरी-छुपे लॉटरी टिकट इक्का-दुक्का जगह बिकता देखा गया। फिर अचानक लॉटरी का टिकट बिहार सरकार के शराबबंदी की तर्ज पर रोक के बजाय होम सप्लाई होने लगा। लॉटरी विक्रेता क्या युवा, क्या बेरोजगार, क्या बुजुर्ग घर-घर तक पहुंच बनाने में जुट गये। आलम अब यह है कि चौक-चौराहे के छोटे-मोटे दुकानों में लॉटरी टिकट खुलेआम बेचने लगे। यहां तक की पहले तो डे-नाईट टिकट बिक्री होती थी। अब तो मॉर्निंग, इवनिंग और नाईट में खुलेआम ब्रिकी होने लगा है। माफियाओं की हिम्मत का अंदाजा तो इसी से लगाया जा सकता है कि अवैध लॉटरी में पाबंदी के बावजूद जाली टिकट लोगों को बेचा जा रहा है। जिसका रिजल्ट हू-ब-हू पश्चिम बंगाल के टिकट से मिलान कर लॉटरी में उठे पैसे मिलते हैं। रिजल्ट में उठे छोटे-मोटे प्राईज तो लोगों को मिल जा रहे हैं। लेकिन बड़ी प्राईज उठने पर लोगों का माफियाओं का धौंस भी सहना पड़ रहा है और बदले प्राईज के पैसे मिलना तो दूर प्रशासन के जाने पर उल्टे लोगों को नसीहतें सुननी पड़ जाती हैं। वहीं लोग किस्मत आजमाने से बाज भी नहीं आ रहे हैं। खासकर युवा इस चक्कर में पहले से और अधिक बर्बादी की राह पकड़ लेते हैं। प्राईज को लेकर आये दिन चौक-चौराहे पर बिक्रेता व क्रेता में नोक-झोंक की घटना भी सामने आती रहती है। हालांकि समय समय पर प्रशासन दिखावे के लिए कार्रवाई भी करता है। लेकिन वो महज खानापूर्ति ही साबित होता है। माफियाओं के हौसले का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बीते शनिवार की सुबह जिला प्रशासन ने मिनी बस स्टैंड में बस से लॉटरी टिकट से भरा 5 कार्टन जब्त किया। महज खानापूर्ति के लिए प्रशासन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर बैठ गया। इक्का-दुक्का कार्रवाई भी होती है। रोजमर्रा की जिंदगी जीने वाले छोटे-मोटे विक्रेता को सलाखों के पीछे भेज बड़े कारोबारी को आसानी से छूट दे दी जाती है। सूत्रों की मानें तो स्थानीय प्रशासन की मौन सहमति से कारोबार चलता है। जब्ती की कार्रवाई माफियाओं के बीच धंधे में वर्चस्व को लेकर हुई है। अपने फायदे को लेकर विरोधी माफिया का माल जब्त करवा दिया जाता है। माफिया शहर एवं जिले को चार जोन में बांट कर अपने-अपने इलाके में अपनी-अपनी टिकट बेचते हैं। जिसमें एक विशेष मार्का होता है।

## वैवाहिक विवाद व एनआई एक्ट के मामलों के निपटारे को लेकर विशेष लोक अदालत 22 फरवरी को



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर में 22 फरवरी को एक दिवसीय वैवाहिक विवाद एवं परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा। आयोजन झालसा, रांची के निदेर्शानुसार आयोजित हुई। जिसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में आज मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अध्यक्ष सह प्रधान जज संजय कुमार चन्द्धरियावी की अध्यक्षता में न्यायिक दंडाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में प्रधान जज ने पदाधिकारीयों को निर्देश दिया कि इस विशेष लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा विवादों का निपटारा करें। जिससे पक्षकारों को परेशानी नहीं हो और उन्हें उचित न्याय मिल सके।

इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि 7 जनवरी से 15 फरवरी तक संबंधित वादों के पक्षकारों को नोटिस निर्गत किया जाएगा। अगामी 17 से 21 फरवरी तक प्री-लोक अदालत सिटिंग का आयोजन कर पक्षकारों से बातचीत कर मामले को सुलझाया जायेगा। आगामी 22 फरवरी को विशेष लोक अदालत का आयोजन उन सभी वादों का निपटारा किया जाएगा।

## कसमार नागरिक मंच के कार्यक्रम में भाग नहीं लेगी झामुमो प्रखंड कमेटी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के गररी पंचायत में कसमार नागरिक मंच द्वारा आगामी 11 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम का विरोध शुरू हो गया है। झामुमो प्रखंड कमेटी के पंचायत सचिवालय में संपन्न बैठक में प्रखंड सचिव व झामुमो नेता शेरे आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर झामुमो प्रखंड कमेटी को कोई सूचना दिए बिना उनका नाम डाला गया है। इस कार्यक्रम में सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता उत्पाद एवं मध निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद को भी आमंत्रित किया गया है। नागरिक मंच के द्वारा स्वागत एवं सम्मान समारोह की सूचना तक प्रखंड कमेटी को नहीं है। बिना जानकारी के कसमार नागरिक मंच सम्मान समारोह का आयोजन कर उसके पोस्टर में बिना सहमति के झामुमो के लोगों का नाम डाला गया है जिसका झामुमो पुरजोर विरोध करती है। बैठक में प्रखंड सचिव सोहेल अंसारी कुलदीप कुमार करमाली संजय कुमार महतो अमित जायसवाल मो शेरे आलम तनवीर आलम इरफान अंसारी इरफान अहमद नन्दन किशोर कप्रदार मृत्युंजय जायसवाल मोबिन अंसारी मुन्ना अंसारी मासूम अली रजा विष्णु जायसवाल हरेंद्र महतो रवि महतो द्वारिका प्रसाद कृष्णा घांसी विनीत जायसवाल अमीर फजल शाहिद रजा चिश्ती प्रतीक जायसवाल रिजवान अंसारी इनायत अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## निकोटीन की लत किशोरों में एकाग्रता की क्षमता पर असर डालता है : मो. असलम

- तम्बाकू के दुष्परिणाम व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का आयोजन



बेरमो कार्यालय

**बेरमो।** मंगलवार को पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय तेनूघाट में तम्बाकू के दुष्परिणाम व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य श्री विपिन कुमार के द्वारा की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, परामर्शी सेवा लेने की सुविधा, टाल फ्री नम्बर 1800-11-2356 एवं तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि निकोटीन की लत से किशोरो में एकाग्रता की क्षमता पर असर डालता है। यदि आप नशा करते हैं तो निकोटीन की वजह से सोचने समझने की क्षमता में कमी लाता है साथ ही सभी बच्चों को बताया गया कि तम्बाकू का नशा एक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है इसको हमारे देश में करोड लोग इस्तेमाल करते है इनमें कमी लाने के लिये हम सबको आगे आना होगा नही तो तम्बाकू में पाया जाने वाला निकोटीन, कार्बन मोनोआक्साईड, टार, बेंजीन आदि रसायनिक गैसें भी हमारे आने वाले पीढी को कितना नुकसान कर सकते है आप अन्दाजा नही लगा सकते। ऐसे मे हम सभी से अनुरोध करना चाहते है कि यदि आप तम्बाकू का उपयोग करते है तो तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र से सम्पर्क कर तम्बाकू छोड कर तम्बाकू मुक्त समाज का निर्माण करें और बच्चों से अनुरोध है कि यदि आपके माता पिता भी इसका उपयोग करते है तो उन्हें भी तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दे। डा0 प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोरोग विशेषज्ञ सदर अस्पताल बोकारो ने सभी बच्चों को तनाव प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी साथ ही साथ मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित कोई भी समस्या आने पर टाल फ्री नं0 14416 पर सम्पर्क करने के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य श्री विपिन कुमार, जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

### खबर एक नजर में

## पुलिस मेंस एसोशिएसन की ओर से पुलिस लाइन में सोहराय पर्व का हुआ आयोजन

**दुमका।** पुलिस मेंस एसोशिएसन की ओर से मंगलवार को पुलिस लाइन मैदान में हर साल की तरह सोहराय पर्व का आयोजन किया गया है। इसमें पुलिस परिवार की महिला और पुरुषों ने मांदर की थाप पर जमकर नृत्य किया। समुदाय के लोगों ने परिसर में सजे थान में पहले इष्ट देवताओं की विधि विधान से पूजा की। इसके बाद महिला व पुरुषों ने कदम से कदम मिलाकर सामूहिक नृत्य किया। करीब दो घंटे तक सभी ने नृत्य से समारोह को यादगार बना दिया। पुलिस अधीक्षक ने भी मांदर बजाई और मिलकर नृत्य किया। एसपी पीतांबर सिंह खेरबार ने कहा कि सोहराय एक पर्व ही नहीं बल्कि आदिवासी संस्कृति का अहम हिस्सा है। समुदाय की भीड़ ही यह बताने के लिए काफी है कि पूरा मैदान भरा हुआ है। यह पर्व फसल काटने के बाद मनाया जाता है। जो बहने विवाद के बाद ससुराल चली जाती हैं उनको आने का अवसर मिलता है। बाहर काम करने वाले भी पर्व के बहाने गांव आते हैं। यह पर्व भाई बहन के प्रेम का भी हिस्सा है।

## महिला समिति बोकारो द्वारा कंबल वितरण



**बोकारो।** महिला समिति बोकारो द्वारा अनीता तिवारी की अध्यक्षता में समिति की वर्कर्स के बीच कंबल का वितरण तथा पिकनिक का आयोजन किया गया। समिति की स्वावलंबन तथा सुरभि केंद्र में काम कर रहे 80 वर्कर्स को ऊनी कम्बल दिए गए तथा मनोरंजन के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को अध्यक्षा अनीता तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी तथा सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार के नेतृत्व में मेंबर्स के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में उपाध्यक्षगण मोनिका रंगानी इति रथ अल्का मनवटी देवजानी मिश्रा तथा कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया उप कोषाध्यक्ष अंजली तिवारी सुरभि प्रभारी अनीशा झा व जया मधुलिका सदस्या नीतू सुनीता प्रीति राजेश समिता मोहंती आशा राज उपस्थित रहीं।

## रोटरी क्लब चास द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए आयोजित नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर में बच्चों के दृष्टि दोष की जांच की गई। मौके पर अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि नेत्र की समस्या के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और ऐसे बच्चे पढ़ाई में बिछड़ जाते हैं। शहर की प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ दीपिका सिंह ने कहा कि बच्चों को आंखों की नियमित जांच जरूर करवानी चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश केजरीवाल ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य छात्रों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना था। प्रकाश ने कहा कि बच्चों में दृष्टि दोष विकट एवं गंभीर समस्या हो गई है। स्कूल के प्राचार्य सुधीर कुंवर ने शिविर लगाने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चे और उनके अभिभावक लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद विजय अग्रवाल धनेश बंका ललिता चोपड़ा रितु अग्रवाल ज्योति अग्रवाल पूर्वी केजरीवाल डिंपल पासवान स्कूल के शिक्षकों के अलावा संजीव नेत्रालय की सराहनीय भूमिका रही।

## सड़क सुरक्षा यातायात नियम को प्यार से उपहार से समझाने के लिये हेलमेट और कम्बल बांटे।

**गोड्डा।** एसपी अनिमेष नैथानी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा यातायात नियम को लेकर गोड्डा नगर थाना की पुलिसके साथ पुलिस उप अधिक्षक प्रशिक्षु कुमार गौरव, थाना प्रभारी गोड्डा दिनेश महली, पुलिस निरीक्षक गोड्डा मधुसूदन मोदक, महिला थाना प्रभारी गुलाब किसपोटा की अनोखी पहल वाहन के चालकों को गोड्डा पुलिस की ओर से हेलमेट और कंबल का वितरण किया गया ये पुलिस विभाग की दरियादिली हैं या सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिये एक प्यार भरा सन्देश । कोशिशे की जा रही हैं लेकिन सबसे पहले जनता को अपनी सुरक्षा के परिजनों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। घर से बाईक पर निकलते वक्त मा पिता भाई बहन पत्नि पुत्र सुरक्षा साधनों का इस्तेमाल करने का दवाब बनाये। पहले भी कई बार गुलाब के फूल चॉकलेट खिलाये जा चुके हैं आर्थिक दंड लगाए जा चुके हैं लेकिन सुरक्षा साधनों का इस्तेमाल करना उनकी आदत नहीं बन सकी। चालक को लाइसेंस निर्गत करते वक्त उनकी बोद्धिक क्षमता, सामान्य ज्ञान, ट्रेफिक नियमों का ज्ञान की उपेक्षा कर उन्हें लाइसेंस निर्गत कर दिया जाता हैं, संकेतक चिन्हो की पहचान, का ज्ञान आवश्यक हैं जो उन्हें पता नहीं होता।

## अवैध सम्बन्ध में मिताली की हत्या का आरोप, पति गिरफ्तार

**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत चास थाना क्षेत्र के राणाप्रताप नगर में मिताली शर्मा की मौत का मामला हत्या और आत्महत्या में उलझा हुआ है। मृतिका के ससुरालवालों के अनुसार मृतिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है परन्तु मृतिका की मां रत्ना सरकार ने अपने दामाद पर शादी के बाद से ही उनकी बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए बताया कि उनके दामाद का किसी अन्य के साथ अफेयर का चक्कर था जिसका विरोध उनकी बेटी करते रहती थी। पहले भी हुए विवाद में चास थाना में सुलह हुई थी। उन्होंने बताया कि आत्महत्या की खबर पाकर जब वे लोग जमशेदपुर से आये तो देखा कि बेटी का शव बिस्तर पर पड़ा हुआ है। उन्होंने दामाद पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है। पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सीसीएल मुख्यालय में विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति और वरीय पदाधिकारियों की वार्ता संपन्न

# कई मांगों पर बनी सहमति, जल्द ही सीसीएल गांव गांव में लगायेगा कैम्प



बेरमो कार्यालय

**बेरमो।** विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति और सीसीएल प्रबंधन के बीच रांची दरभंगा हाऊस में विस्थापितों के सवाल पर वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। विस्थापित नेताओं ने प्रबंधन पर आरोप लगाया कि वार्ता करके प्रबंधन सहमति के निर्णयों को लागू नहीं करते जिससे समस्याएं विकराल रूप लेती हैं और विस्थापितों का विक्षोभ आक्रोश का रूप ले लेता है। इसकी पुनरावृति नहीं होनी चाहिए। नेताओं ने लोधरबेडा के विस्थापित श्याम नारायण महतो एवं डीआर एंड आरडी प्रोजेक्ट के विरेन्द्र सिंह एवं अन्य 16 अभ्यर्थियों को नौकरी देने की मांग की। प्रबंधन ने दो माह का समय लेते हुए इसके निदान का आश्वासन दिया। डीआरएंडआरडी प्रोजेक्ट को चालू करने तथा रैयतों का बकाया नौकरी मुआवजा देने की मांग की, इसपर प्रबंधन ने कहा कि गांव गांव में बहुत जल्द कैंप लगाकर बकाया मुआवजा देने के लिए रैयतों से दावा आवेदन मांगा जाएगा और मुआवजा का निर्धारण कर भुगतान किया जाएगा। नेताओं ने आरएफ सिटी एल आरआर एक्ट के तहत के तहत वर्तमान बाजार दर का चार गुणा के दर से मुआवजा से भुगतान करना होगा। जरन्गडीह के विस्थापितों को 400 एकड़ जमीन के एवज में नौकरी मुआवजा देने की मांग करते कहा कि यह विस्थापितों पर घोर अन्याय है। इसपर प्रबंधन ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। गोविंदपुर लोधर बेडा के दखलकार रैयतों को नौकरी देने की मांग की गई। समिति के नेताओं नें पिछरी कोलियरी के विस्थापितों को अविलंब नौकरी मुआवजा देकर कोलियरी चालू करने को कहा। इसपर प्रबंधन ने कहा कि रैयतों की जमीन का सत्यापन कराने में देरी हो रही है। एरिया प्रबंधन रैयतों को सत्यापन कराने में पूरा सहयोग करेगा और जैसे ही रैयतों की जमीन का सत्यापन हो जाता है वैसे ही नौकरी और मुआवजा देने का कार्य प्रबंधन तत्परता से करेगा। प्रबंधन ने कहा कि पहले चरण में 458 एकड़ जमीन पर कोलियरी का कार्य करना चाहते हैं। फिर जैसे जैसे जमीन का सत्यापन पूरा होता जाएगा, कोलियरी का विस्तार किया जाएगा। नेताओं ने आरएफसीटी एलएंडआरआर एक्ट के तहत वर्तमान बाजार दर का चार गुणा दर पर मुआवजा भुगतान करने की मांग उठाई। इस पर महाप्रबंधक ने कहा कि उस कानून के मुताबिक ही मुआवजा का भुगतान किया जाएगा। सीएसआर के तहत गांवों का संपूर्ण विकास करने का सवाल नेताओं ने उठाया। इसपर अधिकारियों ने कहा कि 25 किलोमीटर की परिधि ने पड़नेवाले गांवों का विकास किया जाएगा। निर्णय हुआ कि पिछरी पंचायत में पंचायत भवन के समीप एक विवाह भवन शिलान्यास किया गया है और हथियापत्थर मेला स्थल में एक सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। बंद अंगवाली कोलियरी को चालू करने पर भी बातें हुई। ढोरी में निर्माणाधीन स्टेडियम में पड़ने वाले रैयतों को जमीन के बदले नौकरी मुआवजा देने और सीसीएल में प्रशिक्षण लेनेवाले आईटीआई प्रशिक्षुओं को रोजगार मुहैया कराने एवं कोल इंडिया में होनेवाली बहालियों में इसे प्राथमिकता देने की मांग की गई। प्रबंधन ने इस प्रस्ताव को बोर्ड में भेजने की बात कही। कारो और पुरनाटांड के विस्थापितों को उनके बकाया अधिकारों को देकर अविलंब पुनर्वास स्थल में शिफ्टिंग करने के सवाल पर प्रबंधन ने तत्परतापूर्वक कार्रवाई करने की बात कही। वार्ता में विस्थापितों की ओर से लखनलाल महतो,काशीनाथ केवट, बिनोद महतो, काशीनाथ सिंह, धनेश्वर महतो, डॉ दशरथ महतो, संजय मल्लाह, अशोक महतो, राजन केवट, विश्वनाथ महतो, चंद्रदेव महतो, मथुरा यादव, गोविंद यादव, कपिलदेव नायक, पवन रजवार, काली सिंह, गोपाल मल्लाह, मोहन महतो,देवनारायण महतो ,दिलचंद महतो, समेत कई लोग शामिल थे, जबकि प्रबंधन की ओर बीएंडके, कथारा एवं ढोरी के महाप्रबन्धकों एसके झा,नवनीत कुमार_शंकर झा समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## ईएसएल स्टील लिमिटेड ने एनसीक्यूसी 2024 में ऐतिहासिक सफलता का मनाया जश्न






खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड ने एबीवी-आईआईआईटीएम ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय गुणवत्ता अवधारणा सम्मेलन (एनसीक्यूसी) 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 607 कंपनियों की 2227 टीमों और 12000 से अधिक प्रतिनिधियों के चुनौतीपूर्ण पूल के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए ईएसएल ने प्रतिष्ठित पार उत्कृष्टता पुरस्कार और 2 उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त किया। एसएमएस रिफ्रैक्टरी की टीम- उड़ान को पार उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया जिसमें कुमार दिवाकर प्रियदर्शिनी और जितेंद्र कुमार शामिल थे। उत्कृष्टता पुरस्कारों ने दो उत्कृष्ट टीमों को उनके अभिनव योगदान के लिए मान्यता दी। टीम- प्रयास एसएमएस जिसमें जयदेव मुर्मू अरिंदम कोटल और अभिनीत कुमार शामिल हैं को उनके प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित किया गया। जिसने एसएमएस में विशिष्ट नाइट्रोजन की खपत को काफी कम कर दिया। इसके अलावा बार मिल की टीम- परिवर्तन जिसमें शुभेंदु बनर्जी शालू राज और ऋचा शुक्ला शामिल हैं ने हुकिंग को कम करने और मिल की उपलब्धता बढ़ाने की अपनी पहल के लिए प्रशंसा अर्जित की। सफलता की यात्रा को ईइसएल की व्यावसायिक उत्कृष्टता टीम के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया गया। यह सफलता मुख्य गुणवत्ता और व्यवसाय उत्कृष्टता अधिकारी सुश्री मीनाक्षी सभरवाल और व्यवसाय उत्कृष्टता प्रमुख विनय भूषण कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में हासिल की गई। इस अवसर पर मीनाक्षी सभरवाल ने कहा कि एनसीक्यूसी 2024 में यह उपलब्धि परिचालन उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति ईएसएल की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हमें उनके प्रयासों और नए उद्योग मानक स्थापित करने में उनके योगदान पर बेहद गर्व है और यह प्रशंसा हमारी टीमों की गुणवत्ता, समस्या समाधान और टीम वर्क की खोज का प्रमाण है।

# इंटरपोल की तर्ज पर काम करेगा भारतपोल

## केंद्रीय गृह मंत्री ने लांच किया पोर्टल, कहा-अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ना होगा आसान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतपोल पोर्टल को देश की अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की शुरूआत बताते हुए कहा कि अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस इंटरपोल से जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों, कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया।

भारत में अपराध कर विदेश भाग जाने वाले अपराधियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कई सारे अपराधियों ने दुनिया के अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में अपराध को अंजाम दिया है या फिर अपराध करके विदेश में भाग गये हैं जिसके कारण वह हमारे कानून की पहुंच से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करके कानून की पहुंच से बाहर रहे विदेश में बैठे अपराधियों और भारत में अपराध करके विदेश भागे अपराधियों को भारतपोल के माध्यम से देश वापस लाना और उन पर कानूनी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में ट्रायल इन एसेंसिया (अनुपस्थिति में मुकदमा) का एक नया प्रावधान जोड़ा है। इसके माध्यम से एक न्यायिक प्रक्रिया के बाद इसको पूरा करके कोर्ट के आदेश के साथ उनकी अनुपस्थिति में इन पर ट्रायल चलाना सरल हो जाएगा। यदि उन्हें सजा मिलने पर विदेशों से भारत लाने में आसानी होगी। शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरूआत है। अभी तक सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी जो इंटरपोल के साथ काम करती थी, लेकिन अब भारतपोल के शुभारंभ के साथ प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। उन्होंने कहा कि हम अंतराल को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक की मदद से हम इस अंतर को पाट सकेंगे। हमें कई ऐसी जानकारियां मिल सकेंगी जो अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने में मदद करेंगी और बदले में हमें अपराधों को होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा स्थापित करने में मदद करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एजेंसी तो बाद में सीबीआई ही रहेगी लेकिन इस तकनीक के आधार पर खड़ी की गई व्यवस्था के माध्यम से ढेरी सारी दूरियों को मिटा पाएंगे, ढेर सारी सूचनाओं को हम प्राप्त कर पाएंगे। इस तरह से सटीकता के साथ अनेक प्रकार के दुनिया के क्राइम को विश्लेषण करके हमारे यहां क्राइम होने से पहले उसे रोकने की संरचना भी खड़ी कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल जांच एजेंसियों और हर राज्य की पुलिस को 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। साथ ही संवाद को सरल और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल के पांच प्रमुख मॉड्यूल हैं और यह सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सहायता देंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार

- **प्रत्येक भारतीय एजेंसी और ाज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़ सकेंगी**
- **195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण पर भूमिका निभाएगा पोर्टल**




### साइबर, ऑनलाइन ठगी पर कसा शिकंजा

साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन कट्टरपंथ, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी आदि सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों के बढ़ते प्रभाव के कारण आपराधिक जांच में तेजी से और वास्तविक समय पर अंतरराष्ट्रीय सहायता की आवश्यकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए सीबीआई ने भारतपोल पोर्टल विकसित किया है, जो इसकी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सुलभ है, जो सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाएगा। भारतपोल पोर्टल, इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों की प्रक्रिया को सरल बनाएगा, जिसमें रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। भारतपोल पोर्टल, क्षेत्र-स्तरीय पुलिस अधिकारियों के लिए एक परिवर्तनकारी उपकरण बन जाएगा, जिससे अपराधों और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में उनकी दक्षता बढ़ेगी। अंतरराष्ट्रीय सहायता तक आसान और तेज पहुंच की सुविधा प्रदान करके, यह अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में भारत के प्रयासों को मजबूत करेगा।

भारतपोल पोर्टल, भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को वास्तविक समय में सूचना साझा करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग तक तेजी से पहुंच संभव होगी। भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के रूप में सीबीआई, कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित देश भर की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर आपराधिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करती है। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर, यह समन्वय इंटरपोल संपर्क अधिकारियों (आईएलओ) के माध्यम से किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों के भीतर पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों के स्तर पर इकाई अधिकारियों (यूओ) से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, सीबीआई, आईएलओ और यूओ के बीच संचार मुख्य रूप से पत्रों, ईमेल और फैक्स पर निर्भर करता है।

# दिल्ली के राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

## बेटी शर्मिष्ठा बोलीं, मोदी ने बिना मांगे पूर्व राष्ट्रपति को दिया सम्मान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को राजघाट स्थित राष्ट्रीय स्मृति में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के स्मारक के लिए जगह देने की मंजूरी दी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने लिया है। इसके लिए प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान बिना मांगे मिला है, जो उन्हें बेहद भावुक कर गया। शर्मिष्ठा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और बाबा के लिए स्मारक बनाने के उनकी सरकार के फैसले के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूं। यह इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित लेकिन वास्तव में दयालु इशारे से मैं बहुत भावुक हूं। उन्होंने कहा कि बाबा कहा करते थे कि राजकीय सम्मान के लिए पूछा नहीं जाना चाहिए, बल्कि उसे पेश किया जाना चाहिए। मैं बहुत आभारी हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की स्मृति का सम्मान करने के लिए ऐसा किया। इससे बाबा की वर्तमान स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ता- प्रशंसा या आलोचना से परे। लेकिन उनकी बेटी के लिए, मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती। हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद शर्मिष्ठा ने कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि उनके पिता के निधन पर कांग्रेस वर्किंग कमिटी की कोई औपचारिक शोक सभा नहीं बुलाई गई थी। इससे उन्हें बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा कि बाबा के निधन के समय मैं सक्रिय राजनीति में थी और कांग्रेस का हिस्सा थी। मुझे यह जानकर धक्का लगा कि कोई औपचारिक उहउ बैठक नहीं बुलाई गई और कोई शोक प्रस्ताव पारित नहीं किया गया। बता दें कि प्रणब मुखर्जी 2012 से 2017 तक भारत के 13वें राष्ट्रपति रहे।



### अमेरिका के लुइसियाना में बर्ड फ्लू से पहली मौत

**लॉस एंजेल्स ।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य में बर्ड फ्लू यानि एच5एन1 से पहली मौत रिपोर्ट हुई है। लुइसियाना स्वास्थ्य विभाग ने इस बात की पुष्टि की है। इसमें कहा गया है कि रोगी को एवियन इन्फ्लूएंजा की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रोगी की आयु 65 वर्ष से अधिक थी और उन्हें पहले से ही कई तरह की कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। विभाग ने कहा कि रोगी को जंगली पक्षियों के संपर्क में आने के बाद एच5एन1 का संक्रमण हुआ था। रोगी दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राज्य में एच5एन1 का एकमात्र मामला है । सार्वजनिक स्वास्थ्य जांच में एच5एन1 के कोई अतिरिक्त मामले या किसी से संपर्क के साक्ष्य की पहचान नहीं हुई है।

# सऊदी अरब में भारी बारिश से सड़कें पानी से लबालब

**रियाद ।** सऊदी अरब के जेद्दा शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों सहित मक्का और मदीना के अधिकांश इलाकों में सोमवार को भारी बारिश, तूफान और ओलावृष्टि हुई। पर्यावरण, जल और कृषि मंत्रालय के अनुसार, बदर प्रांत के अल-शफि याह में सबसे ज्यादा 49.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, उसके बाद जेद्दा के अल-बसातीन में 38 मिमी बारिश दर्ज की गई। मदीना में पैगंबर की मस्जिद के केंद्रीय हरम क्षेत्र में 36.1 मिमी और क्यूबा मस्जिद के पास 28.4 मिमी बारिश शामिल है। सड़कें और चौराहे बारिश के पानी से भर गए, जिससे मक्का, जेद्दा और मदीना शहरों में राजमार्गों और सड़कों पर यातायात बाधित हुआ। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) ने जनता से अधिकारियों की ओर से जारी की गई सलाह और चेतावनियों का सख्ती से पालन करने की अपील ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।




## महाकुंभ : अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए योगी ने खोला पिटारा



**अयोध्या।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। 10 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम के साथ ही उनकी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान रखते हुए नगर निगम द्वारा जगह-जगह पेयजल, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए हैं। 24 घंटे साफ सफाई रहेगी। इसके लिए दो हजार से अधिक सफाईकर्मी तैनात रहेंगे। यह व्यवस्थाएं 12 जनवरी से 28 फरवरी तक रहेंगी। महाकुंभ के दौरान देश-विदेश के श्रद्धालु अयोध्या भी पहुंचेंगे। रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, इसलिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हो सकती है।

### अमेरिका का 51 वां राज्य बनेगा कनाडा



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के इस्तीफे के कुछ समय बाद सोमवार को कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने का अपना प्रस्ताव दोहराया। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने अपने नेतृत्व के प्रति बढ़ते असंतोष के मद्देनजर सोमवार को पद से इस्तीफे की घोषणा की। इस साल कनाडा में आम चुनाव होने हैं। ट्रंप, पांच नवंबर को अपनी चुनावी जीत के बाद मार-ए-लागो में टूडो से मुलाकात के बाद से ही कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने का विचार व्यक्त करते रहे हैं।

# भारत में तीन अरब डॉलर निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट

**बेंगलुरु।** अमेरिका की दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट भारत में क्लाउड और कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए तीन अरब डॉलर (25,722 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ सत्य नडेला ने मंगलवार को इसकी घोषणा की है। नडेला ने कहा कि देश के एआई परिवर्तन में तेजी लाने में मदद करने के लिए भारत में एआई बुनियादी ढांचे और कौशल में हमारे नए निवेश की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। सीईओ सत्य नडेला ने बेंगलुरु में माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर के मंच से कहा कि माइक्रोसॉफ्ट अगले दो साल में भारत में क्लाउड और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। इसमें नए डेटा सेंटर की स्थापना और भारत में एआई इनोवेशन को गति देना शामिल होगा।

### एआइ में एक करोड़ लोगों को प्रशिक्षित करेंगे : सत्या नडेला

माइक्रोसॉफ्ट ने 2030 तक 10 मिलियन लोगों (एक करोड़)को प्रशिक्षित और कुशल बनाने के लिए एक व्यापक योजना साझा की, जिससे प्रौद्योगिकी पर भारत के साथ साझेदारी करने की उसकी प्रतिबद्धता मजबूत हुई। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत?य नडेला ने एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी।

## बीएसएफ के इंस्पेक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर 71 लाख से अधिक की ठगी

**ग्वालियर।** ग्वालियर बीएसएफ अकादमी परिसर में रहने वाले एक इंस्पेक्टर को लगभग एक महीने तक डिजिटल अरेस्ट कर 71 लाख 24 हजार रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। इंस्पेक्टर को ठगों ने पहले 94 हजार रुपए वापस किए फिर 34 ट्रांजेक्शन कराए। एसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को शाम को अबसार अहमद निवासी मउ उत्तर प्रदेश ने ठगी करने की रिपोर्ट कराई। इंस्पेक्टर से दोसे 31 दिसंबर तक ठगों ने अलग अलग खातों में 34 बार रुपए ट्रांसफर कराए। ठगों को रुपए ट्रांसफर करने के लिए अबसार अहमद तीन बार ट्रेन से लखनऊ भी गए। ठग उन्हें लगातार फोन कर किसी से बात संपर्क ना करने के लिए डराते भी रहे।

# बंगाल की खाड़ी में बन रहा आइएनएस वर्षा

## नये बेस से चीनी नौसेना का मुकाबला करेगा भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी बेड़े के लिए एक नया बेस आईएनएस वर्षा बना रहा है, जिसका निर्माण दो साल के भीतर पूरा होगा। भारत का नौसैनिक विस्तार बंगाल की खाड़ी सहित हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति के जवाब में है। साथ ही भारतीय नौसेना को 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य भी पूरा करेंगी। भारत का परमाणु पनडुब्बी कार्यक्रम दुनिया की सबसे बड़ी चीनी नौसेना का मुकाबला करने के लिए तेजी से चल रहा है। भारत के पास 2036 तक अपनी पहली स्वदेशी परमाणु हमला पनडुब्बी होने की उम्मीद है। यह भूमिगत बेस आंध्र प्रदेश के तटीय गांव रामबिली के पास स्थित है, जो विशाखापट्टनम नौसैनिक अड्डे से लगभग 70 किमी दूर है। यह बेस न केवल बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौसैनिक शक्ति को नया आकार देगा। हालांकि, आईएनएस वर्षा की सटीक लागत का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन अनुमान है कि इसकी लागत लगभग 3.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकती है। इस अड्डे को 12 से अधिक परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों को समायोजित करने के लिए डि?जाइन किया गया है, जिसमें अरिहंत-क्लास और भविष्य के एस5-क्लास के जहाज शामिल हैं। आईएनएस वर्षा क्वाड देशों के भागीदारों संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के लिए यह बेस नौसेना की वर्तमान और भविष्य की पनडुब्बियों के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। भारत की पहली परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियां भारतीय नौसेना की सामरिक क्षमताओं को बदल देंगी। इसके अलावा ये पनडुब्बियां हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन और पाकिस्तान की बढ़ती समुद्री गतिविधियों को जवाब देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा यह बेस भारत की नौसैनिक शक्ति को प्रदर्शित करने और विशाल हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने प्रभाव को बढ़ाने की क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे भारतीय नौसेना अपने तत्काल जल क्षेत्र से कहीं आगे तक काम कर सकेगी। भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने पुष्टि की है कि देश की पहली स्वदेशी परमाणु हमला पनडुब्बी 2036 तक तैयार होने की उम्मीद है और दूसरी दो साल के भीतर तैयार हो जाएगी। पहली दो पनडुब्बियों की इस परियोजना की अनुमानित लागत 35हजार करोड़ रुपये है। एडमिरल ने बताया कि नौसेना 175 युद्धपोतों वाली मजबूत ताकत बनने की राह पर है।




### वित्त वर्ष 2025 में 6.4 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी किया। इसमें बताया गया है कि वास्तविक जीडीपी इस वित?त वर्ष में 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अस्थायी अनुमान 8.2 फीसदी रहने की बात कही गई है। ऐसे में जीडीपी ग्रोथ बीते चार साल मे पहली बार 7 फीसदी से नीचे आ सकती है। एनएसओ का चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुमान से कम है।




स्पीड न्यूज

### जल्द 'कल्कि-2' की शूटिंग करेंगी दीपिका



**मुंबई।** बॉलीवुड की अग्रणी अभिनेत्री दीपिका पादुकोण मां बनने के बाद अब फिर काम पर वापस लौटेंगी। दीपिका जल्द ही फिल्म कल्कि-2 की शूटिंग शुरू करेंगी। हाल ही में कल्कि 2898 एडी की टीम ने एक वीडियो शेयर कर एक्ट्रेस को बर्थडे विश किया गया। इस वीडियो में फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग के दौरान के कुछ सीन दिखाए गए हैं। इस वीडियो के अंत में कहा गया कि जल्द ही फिल्म के सेट पर मिलते हैं। कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी और दीपिका भी प्रसव ब्रेक के बाद काम पर लौटेंगी। दीपिका ने प्रेग्नेंसी के दौरान फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग की थी, लेकिन फिर उन्होंने ब्रेक ले लिया।

### बसपा नेता ठगी के आरोप में गिरफ्तार

इटावा । साइबर ठगी मामले में गिरफ्तार बसपा नेता कमलेश कुमारी के बैंक खाते में एक करोड़ 90 लाख की धनराशि ठगी के माध्यम से आई थी। मैनपुरी जिले के आलीपुरखेड़ा ग्राम की निवासी कमलेश कुमारी को तेलंगाना पुलिस ने गिरफ्तार किया और अपने साथ हैदराबाद ले गयी। पुलिस के अनुसार हैदराबाद से पुलिस की एक टीम ने सोमवार की रात कमलेश कुमारी के हालिया निवास आवास विकास कालोनी पर छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### सुकमा में 10 किलो का आईईडी बरामद

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस ने नक्सलियों द्वारा लगाया गया 10 किलोग्राम की शक्तिशाली बारूदी सुरंग (आईईडी) बरामद की है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि कोंटा-गोलापल्ली मार्ग पर बेलपोच्चा गांव के करीब सीआरपीएफ और जिला पुलिस के ने विस्फोटक बरामद किया है।

### सेंसेक्स 234 और निफ्टी 92 अंक चढ़ा

मुंबई। चौतरफा लिवाली की बदौलत के कोहराम से उबरकर शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 234.12 अंक की छलांग लगाकर 78,199.11 अंक और निफ्टी 91.85 अंक की मजबूती के साथ 23,707.90 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,145.66 अंक और स्मॉलकैप 1.74 प्रतिशत उछलकर 55,282 अंक हो गया।

### पाकिस्तान : पिता करता था यौन उत्पीड़न, बेटियों ने किया आग के हवाले

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक चौंकाने वाली घटना में दो किशोरियों ने अपने पिता को रस्सियों से बांधकर आग लगा दी। पीड़ित की पहचान अली अकबर के रूप में हुई जिसने गंभीर रूप से जलने के बाद अस्पताल में दम तोड़ दिया। दोनों बेटियों ने बाप को जलाने की बात स्वीकार की है। उनका आरोप है कि मृतक उनका यौन उत्पीड़न करता था। अधिकारियों ने मामला दर्ज कर दोनों बेटियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मृतक की दो पत्नियों को भी मामले में सह-आरोपी बनाया है। पीड़ित 45 वर्षीय अली अकबर की तीन शादियां हुई थीं और उसके कुल बारह बच्चे थे। उसकी पहली पत्नी का निधन हो चुका है और वह अपनी दो जीवित पत्नियों और बच्चों के साथ किराए के घर में रह रहा था। रिपोर्ट के अनुसार दोनों लड़कियों ने अपना अपराध पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया है।